# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 7 अप्रैल, 2026 | वर्ष -01 | अंक-51 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


**संक्षिप्त खबरें**

### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने मुख्य चुनाव



आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव पर 12 मार्च को 193 विपक्षी सांसदों (लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63) ने साइन किए थे। कानूनी और संवैधानिक पहलुओं पर विचार के बाद स्पीकर बिरला और राधाकृष्णन ने इसे न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3 के तहत मंजूरी नहीं दी। इस फैसले के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकेगी, जब तक नए सिरे से संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप पहल न की जाए।

### डबवाली में जमीनी विवाद में पुत्र ने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी


**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिले के डबवाली क्षेत्र के गांव दारेवाला में जमीनी विवाद को लेकर पुत्र ने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने पहले पिता को जीप से कुचलने की कोशिश की और फिर तेजधार हथियार से सिर पर वार कर दिया। वारदात के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान गांव दारेवाला निवासी जसवंत सिंह के रूप में हुई है। रविवार रात जसवंत सिंह खेत से पानी लगाकर घर लौट रहे थे। घर के पास ही उनके बेटे राम सिंह ने उन्हें घेर लिया। आरोपी ने पहले पिता को जीप से कुचला और बाद में तेजधार हथियार से सिर पर वार किए और बुजुर्ग पिता करीब दो घंटे तक गली में तडफता रहा। घटना को देख आसपास के लोग सहम गए। किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत तक नहीं दिखाई।

### मोतिहारी जहरीली शराबकांड : अब तक 9 की हुई मौत दर्जन भर इलाजरत

**पूर्वी चंपारण/पटना।** जिले तुरकौलिया व रघुनाथपुर क्षेत्र में हुई जहरीली शराब कांड में अब तक हुई नौ लोगो मौत के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। इस कांड के दो मास्टरमाइंड कन्हैया यादव और सुनील साह ने पुलिस के बढ़ते दबाव के बाद सोमवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण की सूचना मिलते ही सदर डीएसपी दिलीप कुमार और नगर थानाध्यक्ष ने दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि जहरीली शराब पीने से अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि दर्जन भर लोग इलाजरत हैं। जिसमें अब भी कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं सोमवार को भी कुछ नये मरीज सामने आये हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इस कांड के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित एसआईटी लगातार छापेमारी में जुटी है।

**व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा-**

# ईरान युद्ध जल्दी खत्म हो सकता अगर वे हमारी शर्तें मान लें : ट्रंप



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान के साथ युद्ध का बचाव किया और कहा कि यह लड़ाई सिर्फ इसलिए है, ताकि तेहरान के पास परमाणु हथियार न हो। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान उनकी शर्तें मान ले, तो युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, वे बेवकूफ हैं, क्योंकि यह युद्ध एक ही चीज के लिए है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अगर ईरान अमेरिका की मांगों को पूरा कर ले, तो यह संघर्ष जल्दी खत्म हो सकता है।

उन्हें कुछ जरूरी चीजें करनी होंगी। ट्रंप ने मौजूदा जंग को ओबामा-युग की न्यूक्लियर डील से बाहर निकलने के अपने पहले के फैसले से जोड़ा। उन्होंने कहा कि अगर हम बराक हुसैन ओबामा के समझौते को नहीं तोड़तेङ्क तो इजरायल खत्म हो चुका होता। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका की कार्रवाइयों ने ईरान की नेतृत्व प्रणाली को बदल दिया है। ट्रंप ने कहा कि हमने पूरी तरह से सरकार बदल दी। पहली सरकार खत्म कर दी गई। दूसरी सरकार भी खत्म कर दी गई। अब जो लोग अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं, वे काफी ज्यादा वाजिब हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान से बातचीत ईमानदारी के साथ हो रही है। उन्होंने कहा कि ईरान की सैन्य क्षमता काफी कम हो गई है। वे वापस नहीं लड़ सकते। उनके पास कोई क्षमता नहीं है। कुछ मिसाइलें बची हैं, कुछ ड्रोन बचे हैं, लेकिन मूल रूप से कोई ताकत नहीं बची। राष्ट्रपति ने हाल ही में दो अमेरिकी पायलटों को ईरान से बचाने के मिशन का जिक्र भी किया और इसे अमेरिका की सैन्य ताकत के रूप में बताया। उन्होंने कहा कि हम एक नहीं, दो लोगों को सुरक्षित वापस लाए। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास अभी भी कई विकल्प हैं। उन्होंने कहा किहम अभी भी निकल सकते हैं, और उन्हें 15 साल लगेंगे अपनी शक्ति को दोबारा बनाने में, लेकिन मैं इसे खत्म करना चाहता हूं। उन्होंने दोबारा कहा कि यह युद्ध ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोकने के लिए है।

### ट्रम्प के प्रेस कॉन्फ्रेंस की 5 बड़ी बातें

**ईरान को धमकी-** अमेरिका चाहे तो पूरे ईरान को एक रात में खत्म कर सकता है। जरूरत पड़ी तो यह कार्रवाई कल रात भी हो सकती है। अभी युद्ध अमेरिका के मुताबिक चल रहा है।

**रेस्क्यू ऑपरेशन-** ईरान में फंसे सैनिक को बचाने के लिए अमेरिका ने 155 सैन्य विमानों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था। इसमें फाइटर जेट, बॉम्बर्स और रेस्क्यू प्लेन शामिल थे।

**ईरान में हजारों हमले किए-** अब तक अमेरिका ने ईरान के 13,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है और पिछले 37 दिनों में 10,000 से ज्यादा लड़ाकू उड़ानें भरी हैं।


**खबर लीक करने वाले को धमकी-** जिस इंसान ने मीडिया में ईरान में फंसे दूसरे पायलट के बारे में खबर लीक की है उसे ढूंढा जाएगा। जरूरत पड़ी तो मीडिया कंपनी पर भी कार्रवाई हो सकती है।

**अमेरिकी विमान गिरने की बात मानी-** ट्रम्प ने माना कि ईरान ने एक अमेरिकी ऋ15 विमान गिराया था, लेकिन यह दुश्मन की किस्मत थी यानी ये सिर्फ एक लकी हिट थी।

## संघर्ष विराम प्रस्तावों पर ईरान ने तय की अपनी शर्तें

**'धमकियों के बीच बातचीत संभव नहीं'**

**नई दिल्ली (ऐजेंसी)।** ईरान ने हालिया संघर्ष विराम प्रस्तावों पर अपनी स्थिति और मांगें स्पष्ट कर दी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि तेहरान ने अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर शर्तें तैयार कर ली हैं। मीडिया ब्रीफिंग में बघाई ने स्पष्ट किया कि "अल्टीमेटम और युद्ध अपराधों की धमकियों के साथ बातचीत एक-दूसरे के साथ मेल नहीं खाती हैं।" उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी प्रकार के दबाव में आकर वार्ता नहीं करेगा और उसकी प्राथमिकता अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करना है। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि अमेरिका की ओर से पहले पेश की गई तथाकथित "15



सूत्रीय योजना" को ईरान ने खारिज कर दिया है, क्योंकि वह उसकी नजर में "बहुत ज्यादा और असंतुलित थी।" संयुक्त राज्य अमेरिका की इन मांगों को तेहरान ने अपने हितों के खिलाफ बताया है। बघाई ने कहा, "ईरान अपने वैध अधिकारों और मांगों को स्पष्ट रूप से रखने में हिचकिचाता नहीं है। इसे किसी तरह की नरमी या समझौते के संकेत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह अपने रुख के प्रति उसके आत्मविश्वास को दर्शाता है।" ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की उन धमकियों की सख्त निंदा की, जिनमें उन्होंने उसके बिजली घर और पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमला करने की बात कही है। बघाई ने इसे "युद्ध अपराध" बताया। उन्होंने कहा, "इस तरह की धमकियां अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ हैं।

# आपदा की स्थिति में सीएम राहत कोष की भूमिका महत्वपूर्ण : नीतीश

**सीएम राहत कोष न्यासी पर्षद की 24वीं बैठक संपन्न**



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 24वीं बैठक संपन्न हुयी। पर्षद की बैठक में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।


बैठक में राज्य के बाहर विभिन्न दुर्घटनाओं में बिहार के 89 मृतकों के आश्रितों एवं 41 गंभीर रूप से घायलों को तथा राज्य के अंदर विभिन्न आपदाओं से हुयी 72 व्यक्तियों की मृत्यु के कारण मृतकों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान सहायता राशि के रूप में भुगतान किये गये कुल 4 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपए के व्यय की स्वीकृति दी गयी। बाढ़ राहत शिविरों में जन्म लेने वाले लड़के एवं लड़कियों के जन्म पर तथा शिविरों में रह रहे लोगों के लिये बर्तन एवं वस्त्र आदि के क्रय हेतु 38 लाख 19 हजार 70 रुपए व्यय किया गया है, जिसकी स्वीकृति बैठक में प्रदान की गयी। वहीं 14 से 18 वर्ष के वैसे किशोर जिनको बाल श्रम से मुक्त कराया गया है, उनके पुनर्वास हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 हजार रुपए प्रति किशोर की दर से 86 लाख रुपए का भुगतान श्रम संसाधन विभाग को किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आपदा की स्थिति में लोगों की मुख्यमंत्री मदद की जाती है। इसके अलावा विविध कार्यों में लोगों की मदद की जाती है। इससे लोगों की काफी सहायता होती है। मुख्यमंत्री राहत कोष की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वित्त विभाग की सचिव (व्यय) रचना पाटिल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने विधान परिषद् अतिथि निवास का किया शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विधायक आवासन योजना अंतर्गत विधान परिषद् अतिथि निवास का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही सीएम ने कैंटीन एवं पुस्तकालय भवन तथा सामुदायिक केन्द्र का भी शुभारंभ किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित विधान परिषद् अतिथि निवास का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री प्रथम तल एवं छत पर भी गये और अतिथि निवास के विभिन्न भागों का जायजा लिया। सीएम ने कहा कि विधान परिषद् अतिथि निवास बहुत अच्छा बना है। यहां की सुविधाओं का लाभ विधान परिषद् के सदस्यों को मिलेगा।

## एअर इंडिया CEO कैंपबेल विल्सन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीओ) कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। न्यूज एजेंसी अठक ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एयर इंडिया ने नए उएड की तलाश भी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, विल्सन सितंबर में अपना पद छोड़ सकते हैं। पिछले हफ्ते हुई कंपनी की बोर्ड बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। विल्सन को सितंबर 2022 में एअर इंडिया का उएड और प्रबंध निदेशक (टऊ) नियुक्त किया गया था। उनका कॉन्ट्रैक्ट 5 सालों के लिए, जुलाई 2027 तक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, एयरलाइन अहमदाबाद प्लेन क्रैश की फाइनल जांच रिपोर्ट आने के बाद नए उएड की नियुक्ति करेगी। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (अअक्ष्ह) ने 12 जुलाई 2025 को हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। अंतिम रिपोर्ट जून 2026 में आ सकती है।




**अहमदाबाद प्लेन क्रैश की रिपोर्ट आने के बाद पद छोड़ेंगे; सितंबर 2027 तक कार्यकाल था**

### तमिलनाडु में 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा

**चेन्नई (एजेंसी) :** तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई। दरअसल,19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

# नालंदा में बिहार एटीएस, एनआईए ने छह ठिकानों पर मारे छापेमारी

**गन हाउस पर 7 घंटे तक चली छापेमारी**

**बिहारशरीफ (एनएसबी)।** हथियारों की तस्करी और संदिग्ध नेटवर्क के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी और बिहार एटीएस ने नालंदा के 6 ठिकानों पर छापेमारी की। यह पूरी कार्रवाई मो.परवेज नामक कुख्यात तस्कर की गिरफ्तारी और उसके मोबाइल से मिले सुरागों के आधार पर की गई है।

शहर के पोस्ट ऑफिस मोड़ स्थित पीके गन हाउस में सोमवार सुबह से 4 बजे ही जांच एजेंसी ने दबिश दी। गन हाउस के दस्तावेजों और स्टॉक की बारीकी से जांच की गई। यहां टीम 7 घंटे तक रही। सोहनकुंआ मोहल्ला निवासी मोहम्मद परवेज आलम से जुड़े मामले की जा रही है। परवेज के पास से 4 महीने पहले मिले 1300 कारतूस से मिले थे। जिसमें एके-47 की 153 गोलियां और दूसरे गन की बुलेट्स थीं। बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र के पीके गन हाउस एंड संस के प्रोपराइटर रामप्रवेश कुमार




ने बताया कि उनके दुकान पर सुबह एटीएस और एनआईए की टीम आई थी और करीब 7 घंटे से अधिक समय तक रुक कर कागजात को खंगाला है। वह कार्यवाही से संतुष्ट हैं। जांच टीम कुछ कागजात ले गई है। जिसका सीजर लिस्ट दिया गया हैवहीं, राम प्रवेश कुमार के भाई मुकेश वर्मा ने बताया कि उनके भाई 1995 से गन की दुकान चला रहे हैं। वह सोने चांदी की दुकान चलाते हैं। इसके अलावे चीकसौरा थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव, हिलसा थाना क्षेत्र के राममूर्ति नगर में रेड की गई। ये दोनों ठिकाने सत्येंद्र प्रसाद नाम के शख्स के हैं, जिसका नाम हथियारों की खरीद-फरोख्त में आया है। सत्येंद्र प्रसाद के पड़ोसियों का कहना है कि सत्येन्द्र आर्म्स एक्ट के मामले में फिलहाल जेल में बंद है। महादेव बीघा गांव में वासुदेव यादव के बेटे सोनू कुमार के घर सुबह 5 बजे टीम ने दस्तक दी। सोनू कुमार ने बताया कि टीम ने हथियार होने की गुप्त सूचना की बात कहकर पूरे घर की तलाशी ली। घर का कोना-कोना खंगालने के बाद टीम को वहां से कोई अवैध हथियार या संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ। हालांकि, जांच टीम पूछताछ के आधार पर एक मोबाइल फोन अपने साथ ले गई है।

### दारोगा ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

**हाजीपुर (एनएसबी)।** वैशाली में एक दरोगा ने किराए के कमरे में अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर



आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों को मौके पर बुला लिया गया है। मृतक की पहचान कौशल कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से खगड़िया निवासी और वैशाली जिले के जढुआ ओपी अध्यक्ष, 2019 बैच के दारोगा कौशल किशोर कुमार ने हाजीपुर नगर क्षेत्र स्थित अपने किराए के आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से जान गंवा दी।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड, वन नेशन वन इलेक्शन हमारा अगला मिशन

**भारतीय जनता पार्टी के 47वें दिवस पर बोले प्रधानमंत्री**

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) और ह्यवन नेशन-वन इलेक्शनह्ल पार्टी का अगला मिशन होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनात्मक अवसर होता है, जो कार्यकताओं को राष्ट्रसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का मौका देता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा



जिस शिखर पर है, उसके पीछे लाखों कार्यकताओं का तप, त्याग और समर्पण है। उन्होंने कार्यकताओं की भूमिका को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया और कहा कि यही समर्पण संगठन को लगातार आगे बढ़ा रहा है।उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने आचरण से देश की राजनीति में ह्राराष्ट्र प्रथमह्ल का सिद्धांत स्थापित किया है। नीयत, नीति और निष्ठा के आधार पर पार्टी ने अपनी लंबी यात्रा तय की है और सेवा आधारित राजनीति को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने 1984 के दौर को याद करते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस को भारी बहुमत मिला था, लेकिन जनता का विश्वास धीरे-धीरे भाजपा की ओर बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में दो धाराएं स्पष्ट हुई—एक सत्ता आधारित राजनीति और दूसरी सेवा आधारित राजनीति, जिसमें भाजपा ने अपनी अलग पहचान बनाई। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनमें तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, नए संसद भवन का निर्माण और गरीबों के लिए 10% आरक्षण शामिल हैं।

### 2029 के चुनाव से ही मिलेगा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साफ कर दिया कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से ही लागू होगा।असम के बारपेटा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि 40 साल से महिलाएं इसका इंतजार कर रही हैं और इसके लिए कानून में संशोधन जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि 'हमारी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) पारित किया था।

### इसबार ज्यादा सीटों के साथ सत्ता में लौटेगी तृणमूल : ममता

**कोलकाता) (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के प्रचार के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया जिले के शांतिपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा



किया कि तृणमूल कांग्रेस इस बार पहले से ज्यादा सीटें जीतकर फिर सत्ता में आएगी। उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों से किसी भी तरह की अफवाहों से न डरने की अपील भी की। शांतिपुर स्टेडियम में तृणमूल उम्मीदवार ब्रजकिशोर गोस्वामी के समर्थन में आयोजित सभा में ममता बनर्जी ने कहा कि अगर वह लोगों के चेहरे और

## खबरें : एक नजर में

### फतुहा में प्रदूषण के खिलाफ फूटा आक्रोश, त्रिवेणी संगम को बचाने के लिए पीपा पुल से शुरू हुई न्याय पदयात्रा




त्रिवेणी संगम को बचाने के लिए पीपा पुल से शुरू हुई न्याय पदयात्रा।

**फतुहा (एनएसबी)।** नदियों के अस्तित्व और जन-स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सोमवार को मानवाधिकार मंच द्वारा फतुहा में न्याय पदयात्रा का बिगुल फूंका गया। पटना के जहरीले पानी और फैक्ट्रियों के कचरे से दम तोड़ रही पुनपुन नदी और प्रदूषित होते त्रिवेणी संगम के मुद्दे पर यह यात्रा सोमवार को पीपा पुल से शुरू होकर स्टेशन रोड पर जाकर समाप्त हुई।

पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे मानवाधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष राम यतन यादव ने सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। पीपा पुल पर बहते जहरीले झाग के बीच खड़े होकर उन्होंने कहा कि आज हम जिस स्थान पर खड़े हैं, वहां पटना का जहर बह रहा है। यह पानी अब पानी नहीं रहा, बल्कि जहर बन चुका है। इसमें ान करना तो दूर, कोई जीव-जंतु भी जीवित नहीं रह सकता। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि श्नमामि गंगे श के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत में यह केवल श्लूट की योजनाश साबित हो रही है।

पदयात्रा के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठा कि किस प्रकार पटना का गंदा पानी पुनपुन के रास्ते फतुहा पहुंचकर पावन त्रिवेणी संगम और उत्तरवाहिनी गंगा को दूषित कर रहा है। राम यतन यादव ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही जल शोधन और सफाई के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में यह प्रदूषण जानलेवा बीमारियों और मच्छरों का केंद्र बन जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह यात्रा सिर्फ शुरुआत हैय यदि समय रहते नदियों को स्वच्छ नहीं किया गया, तो भविष्य में एक बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

पीपापुल से शुरू हुई इस न्याय पदयात्रा में स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा लगाई गई मॉनिटरिंग मशीनें सिर्फ दिखावा बनकर रह गई हैं, जबकि धरातल पर प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। स्टेशन रोड पर यात्रा के समापन के दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि त्रिवेणी संगम की पवित्रता बचाई जाए और पुनपुन में गिरने वाले जहरीले नालों को तत्काल बंद किया जाए।

### भाजपा फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष को राष्ट्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

**फतुहा (एनएसबी)।** भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा फतुहा नगर मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी को संगठन में अच्छा कार्य करने और प्रधानमंत्री जी के मन की बात को बुथों पर 50 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित कराने को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतु राज सिन्हा ने




श्याम सुंदर केशरी को भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतु राज सिन्हा ने सम्मानित किया।

सम्मानित किया।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, भाजपा विधायक डासियाराम सिंह,कीड़ा मंच के प्रदेश संयोजक सतीश राजु, भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रसाद,महामंत्री गजेंद्र सिंह,पूर्व विधायक रणविजय सिंह उर्फ लल्लू मुखिया,ईगोपाल शंकर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप मिंटु,रामानंद झा,राणा सुधीर सिंह,किसान मोर्चा अध्यक्ष रूपेश सिंह, अरविंद यादव,भाजपा जिलाउपाध्यक्ष राजु सिंह,जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा,शोभादेवी,मधु सिन्हा, अनामिका अग्रवाल समेत कई मौजूद थे।

### आर्थिक कठिनाइयाँ शिक्षा की राह में बाधा नहीं बनेंगी : आमिर इदरीसी

नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2025 के परिणाम घोषित



आमिर इदरीसी।

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2025 के परिणामों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इस अवसर पर एसोसिएशन अफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स के अध्यक्ष आमिर इदरीसी ने इस संकल्प को दोहराया कि आर्थिक तंगी किसी भी छात्र की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मार्ग में बाधा नहीं बनने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन जैसे प्रयासों का उद्देश्य वंचित समुदायों में छिपी प्रतिभाओं की पहचान करना, उन्हें निखारना और उन्हें संगठित शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना है। श्री इदरीसी ने बताया कि नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन उन छात्रों के लिए एक सशक्त मंच है, जो राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं। कक्षा 6 से प्रारंभ होने वाला यह कार्यक्रम हर वर्ष हजारों छात्रों को निःशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन प्रदान कर लाभान्वित कर रहा है। वर्ष 2025 के इस चरण में देशभर से करीब एक लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 1,240 छात्र सफल घोषित किए गए हैं। यह परीक्षा देश के 427 जिलों में आयोजित की गई, जो इसकी व्यापक पहुँच और प्रभाव को दर्शाती है।

रेयाज आलम, वरिष्ठ कपरेट प्रोफेशनल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रेसिडेंट (पूर्वी क्षेत्र), ह्यूमन राइट्स जस्टिस काउंसिल, ने भी इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा "शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। हर योग्य छात्र को, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, आगे बढ़ने का समान अवसर मिले।

# पीएनजी कार्यों की धीमी प्रगति पर मुख्य सचिव सख्त, कंपनियों को दी गई चेतावनी

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की उच्चस्तरीय बैठक

दैनिक नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप (सीएमजी) की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें राज्य की वर्तमान आपूर्ति व्यवस्था और बुनियादी ढांचा की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य में पीएनजी पाइपलाइन कार्यो की धीमी गति पर गहरी असंतुष्टि व्यक्त की और सभी तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिया कि वे धरातल पर उतरकर मिशन मोड में काम करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में कोताही बरती गई, तो संबंधित कंपनी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएमजी की बैठक में विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक के साथ-साथ कृषि, स्वास्थ्य, नगर विकास एवं आवास, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, सहकारिता, श्रम संसाधन, ऊर्जा, परिवहन तथा आपदा प्रबंधन विभागों के प्रधान सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में प्रमुख तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया । विदित हो खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को इस विशेष समूह का नोडल विभाग



मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक।

नामित किया गया है।

बिहार के विभिन्न जिलों में तेल कंपनियों (आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, जीएआईएल और थिंक गैस द्वारा घरेलू पीएनजी कनेक्शन देने की प्रगति की समीक्षा की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, पटना और मुजफ्फरपुर जैसे कुछ जिलों को छोड़कर, अधिकांश क्षेत्रों में लक्ष्य की तुलना में वास्तविक कनेक्शनों की संख्या काफी कम है। कई स्थानों पर भूमि आवंटन में देरी और पेसो अनुमोदन की प्रतीक्षा जैसी तकनीकी बाधाएं हैं।

मुख्य सचिव ने नोडल विभाग को निर्देशित किया है कि वे तेल कंपनियों की प्रगति का निरंतर अनुगमन करें और प्रत्येक सोमवार को विस्तृत रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करें। साथ ही, सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और प्रभारी सचिवों को भी आदेश दिया गया है कि वे अपने आवंटित जिलों का नियमित भ्रमण करें और वहां तैनात ठेकेदारों तथा जनशक्ति (मैनपावर) की उपलब्धता की भौतिक जांच करें।

बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव द्वारा एलपीजी सिलेंडर के बैकलग की स्थिति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें विशेष रूप से अरवल, गया, कैमूर, रोहतास, सारण और पश्चिमी चंपारण जिलों में बैकलाग की समस्या को रेखांकित किया गया।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिलों में स्थापित कंट्रोल रूम शिकायतों का दैनिक आधार पर निपटारा कर रहे हैं और पिछले पांच दिनों में कुल 800 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

अब तक राज्य भर में जिलाधिकारियों द्वारा कुल 22,878 सघन निरीक्षण किए

> **निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में यदि कोताही बरती गई, तो संबंधित कंपनी के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : प्रत्यय अमृत**

जा चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई सिलेंडर जब्त किए गए हैं और प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं। तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि अब लगभग 90 प्रतिशत सिलेंडरों की डिलीवरी केवल पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से ही की जा रही है और सुरक्षा की दृष्टि से वैकल्पिक मोबाइल नंबर के विकल्प को काफी हद तक समाप्त कर दिया गया है।

श्रम संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि मिडिल ईस्ट और अन्य राज्यों में फंसे बिहार के श्रमिकों की सहायता हेतु राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम फोन संख्या 0612-2520053 और व्हाट्सएप संख्या-7368855002 जारी कर दिया गया है। साथ ही नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है।

पीएनजी कार्यों में तेजी लाने के लिए पटना, लखीसराय और मुंगेर जैसे जिलों में पीएचईडी प्लंबरों और आईटीआई छात्रों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। होटलों और उद्योगों की साप्ताहिक आवश्यकता का वर्तमान में 70 प्रतिशत आपूर्ति पूरी की जा रही है।

### शिक्षा को रसातल में पहुंचा देने वाली एनडीए सरकार की एक और डपोरसंखि घोषणा : गगन

**पटना / एनएसबी ।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बिहार की एनडीए सरकार पर नये डिग्री कलेज खोलने के नाम पर आंख में धूल झोंकने और शिक्षा व्यवस्था को मजाक बना देने का गंभीर आरोप लगाया है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए सरकार के पिछले बीस वर्षो में बिहार की शिक्षा व्यवस्था को चौपट और बर्बाद कर देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की सारी घोषणाएं अबतक केवल कागजी और दिखावटी साबित हुआ है। सरजमीं पर स्थिति बद से बद्तर होती जा रही है। अभी सरकार द्वारा घोषणा किया गया है कि राज्य में 209 नये डिग्री कालेज खोलने और 9196 शिक्षक और गैर शैक्षणिक कर्मियों को बहाल करने की घोषणा की गई है। यह केवल आंख में धूल झोंकने के समान है। अभी राज्य के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में आधे से ज्यादा पद रिक्तहैं। सरकारी आंकड़े के अनुसार हीं राज्य में अभी 4000 से ज्यादा शिक्षकों का पद रिक्तहै जबकि वास्तविक स्थिति में रिक्तियों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। अधिकांश कलेजों में गेस्ट फैकल्टी द्वारा काम चलाया जा रहा है। अभी भी कई कालेजों में तो किसी-किसी विभाग में एक भी शिक्षक नहीं है। यही स्थिति गैर शैक्षणिक कर्मियों की है।

## शराबबंदी की विफलता का दोषी कौन : तेजस्वी

**पटना / एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शराब बंदी को लेकर सरकार पर कड़ा करते हुए कहा है कि शराब बंदी की विफलता कौन दोषी है।

उन्होंने ने कहा कि शराबबंदी कानून को लागू किए कल 10 वर्ष पूर्ण हुए लेकिन यह शासन-प्रशासन और शराब माफिया के नापाक मजबूत गठजोड़ की बदौलत यह कघनून अपने उद्देश्य की पूर्ति में एकदम विफल रहा।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ।

शराबबंदी नीतीश कुमार का सबसे बड़ा सांस्थानिक भ्रष्टाचार साबित हुआ। इसके कारण बिहार में 40 हजार करोड़ की अवैध समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी हो गई है। शराबबंदी कानून के क्रियान्वयन की देखरेख वाले गृह और मद्य निषेध विभाग भी अधिकांश इनके पास ही रहे है।

शराबबंदी लागू होने के बाद बिहार में 11 लाख केस दर्ज कर 16 लाख से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक 5 करोड़ लीटर से अधिक शराब बरामद की गई है।

विगत 5 साल में 2करोड़ लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है यानि प्रतिदिन औसतन 11 हजार लीटर से अधिक! बिहार पुलिस के अपने आंकड़ों के अनुसार 2026 में औसतन 3 लाख 70 हजार 684 लीटर प्रति महीने अवैध शराब बरामद की गई है यानि 12,356 लीटर प्रतिदिन।

यह तो सिर्फ दिखावटी जब्त शराब है लेकिन जमीनी सच्चाई के अनुसार बिहार में प्रतिदिन शराब की खपत 1 लाख 70 लाख लीटर से अधिक की है। बिहार सरकार के मुताबिक 2026 में 18 प्रतिशत अधिक शराब बरामद की गई यानि शराबबंदी और पुलिस के दकियानुसी आंकड़ों के बावजूद भी बरामदगी में 10 प्रतिशत का उछाल है।

अवैध शराब के अलावा इस कानून की विफलता के कारण बिहार में सूखा और अन्य प्रकार के नशे की सामग्री का कारोबार 40 फीसदी बढ़ा है। युवा गांजा, ब्राउन शुगर व नशीली दवाओं का सेवन कर रहे हैं।

अब आप कल्पना करिए कि वास्तविकता में बिहार में शराब की उपलब्धता कितनी सहज और सरल है सरकार यह क्यों नहीं बताती कि बिहार की सीमा में करोड़ो लीटर शराब कब, कैसे, क्यों और किसके सहयोग से आ रही है कोई पैराशूट से तो गिराकर जाता है नहीं सरकार जब्त की बजाय खपत के भी आंकड़े सार्वजनिक करे।

आपको जानकर हैरानी होगी कि 2004-05 में संपूर्ण बिहार के ग्रामीण इलाकों में 500 से भी कम शराब की दुकानें थीं। 2005 में पूरे बिहार में लगभग 3000 हजार शराब की दुकाने थी जो मात्र 2015 तक नीतीश कुमार के 10वर्षो में बढ़कर 6000 से अधिक हो गयी। और इनमें से अधिकांश दुकाने नीतीश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों-पंचायतों में खुलवाई ताकि हर घर शराब पहुँचाई जा सके।

सरकार उन अधिकारियों और प्रशासनिक लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं करती जो भ्रष्टाचार के माध्यम से शराबबंदी को विफल करना चाहते हैं।

## बिहार दिवस : पैवेलियन की सफलता के लिए उत्कृष्ट संस्थाओं को मिला सम्मान

**पटना/ एनएसबी।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बिहार दिवस 2026 के अवसर पर गांधी मैदान में स्थापित भव्य पैवेलियन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले हितधारकों के सम्मान में प्राधिकरण सभाकक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद थे।

समारोह उपाध्यक्ष डा. उदयकांत की अध्यक्षता में तथा सदस्य पीएन् राय एवं कौशल किशोर मिश्र, नरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश कुमार व शंभू दत्त झा के मार्गदर्शन में की गई। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव मो वारिस खान सहित विभिन्न हितधारकों के वरीय पदाधिकारी एवं प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री के स्वागत के साथ हुई, जिसके पश्चात प्राधिकरण की गतिविधियों एवं बिहार दिवस के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुति में बताया गया कि इस वर्ष गांधी मैदान में लगभग 80,000 वर्गफीट क्षेत्र में स्थापित पैवेलियन में दो दर्जन से अधिक संस्थाओं ने भाग लेकर आपदा जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया।

इसके उपरांत मंत्री द्वारा चयनित उत्कृष्ट स्टॉल एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इनमें बिहार अगिशमन सेवा, रोहिणी साइंस क्लब, मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम, अस्पताल अग्नि सुरक्षा स्टाल तथा एनडीआरएफ का स्टाल विशेष रूप से सराहे गए।

एनडीआरएफ द्वारा प्रस्तुत डॉग शो एवं आधुनिक रेस्क्यू तकनीकों ने आगंतुकों को खासा आकर्षित किया।

साथ ही मूक-बधिर बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका, ट्रांसजेंडर समुदाय की संस्था दोस्ताना सफर द्वारा नुक्कड़ नाटक, तथा एसडीआरएफ एवं अन्य सांस्तिक




समारोह उपाध्यक्ष डा. उदयकांत की अध्यक्षता में तथा सदस्य पीएन् राय एवं कौशल किशोर मिश्र, नरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश कुमार व शंभू दत्त झा के मार्गदर्शन में की गई।

समूहों की प्रस्तुतियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने आपदा जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचाया।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा और इससे राज्य में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता को नई दिशा मिली है। उन्होंने सभी सहभागी संस्थाओं के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार और जनसहभागिता सुरक्षित बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### दो बीघा भूमि विवाद को लेकर गोलीबारी में दो जख्मी, एक के जंघा में फंसी गोली, दूसरे के पेट को छूकर निकली

**पटना / एनएसबी।** राजधानी से होली गोपालपुर थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों को एनएमसीएच में भारती कराया गया है। बताया गया है कि हमलावरों ने करीब 15 राउंड गोली चलाई है। एक के पेट और दूसरे के जांघ में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने मौके पर फरेंसिक टीम को भी बुलाया । बताया गया है कि दो दिन पूर्व भी विवाद हुआ था, जिसमें हल्की मारपीट की घटना सामने आई थी। उस समय मामला शांत हो गया था। सोमवार को बादशाही पइन के पास दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। यहां शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक पहले दोनों ओर से लाठी-डंडे चले, जिसके बाद अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जख्मी ओमप्रकाश के मुताबिक सोमवार को अपना खेत देखने गए थे। खेत से वापस लौटते समय 100 गज की दूरी पर एक स्कर्पियो गाड़ी रुकी। तीन लोग निकले और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। इसी दो बीघा जमीन को लेकर ओमप्रकाश और जितेंद्र कुमार के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही थी। ओम प्रकाश यादव के अनुसार, यह मेरी पुश्तैनी जमीन है। हम 9 साल के थे, तब से वह दो बीघा जमीन दादा जी खरीद कर रखे हैं। लेकिन वह लोग जबरन इस जमीन पर कब्जा करना चाह रहे थे। डीएसपी सदर टू रंजन कुमार के मुताबिकश्पूरा मामला गोपालपुर थाना क्षेत्र में दो बीघा जमीन विवाद से जुड़ा है, जिसको लेकर 2 दिन पहले दोनों पक्षों में लड़ाई हुई थी। उसमें प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। इसी जमीन को लेकर आज सुबह एक पक्ष पर फायरिंग की गई। डीएसपी रंजन कुमार के मुताबिक दूसरा पक्ष उदयसिंह नामक बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए हम तुरंत कार्रवाई कर रहे हैं। हमने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया है। एफएसएल की टीम अपनी कार्रवाई कर रही है। मौके से पुलिस ने कुछ अहम सुराग भी बरामद किए हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा का हम लोग अनुसंधान कर रहे हैं।

## स्थापना दिवस पर दीघा विधायक ने चलाया स्वच्छता अभियान, बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**पटना (एनएसबी)।** पार्टी के स्थापना दिवस पर दीघा के भाजपा विधायक डा.संजीव चौरसिया ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शास्त्री नगर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने खुद झाड़ू लगाकर पार्क की सफाई की और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कहा कि स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक ने हज भवन के पीछे स्थित



विधायक डा.संजीव चौरसिया ने हज भवन के पीछे स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का भी वितरण किया।

प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का भी वितरण किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व सुबह में डा. चौरसिया की अगुवाई में एजी कलोनी से प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अंतिम चरण में 26 जिलों के 51 केंद्रों पर नेत्र जांच शुरू

**पटना(एनएसबी)।** समाज कल्याण विभाग की ओर से बुनियाद केंद्र पर चल रही नेत्र जांच का तीसरा और अंतिम चरण सोमवार यानि 6 अप्रैल को शुरू किया गया है। इस चरण में 26 जिलों में बाकि बचे 51 केंद्रों पर जांच की जाएगी। प्रत्येक चरणों में जांच की प्रक्रिया एक महीने के लिए आयोजित की जा रही है। प्रदेश में दृष्टि दोष से उत्पन्न समस्याओं एवं अंधेपन की रोकथाम के उद्देश्य से राज्य सरकार ने यह पहल की है। इस अभियान के माध्यम से सभी उम्र के व्यक्तियों को इसका लाभ दिया जा रहा है। प्रत्येक केंद्रों पर एक हजार चश्मा दिया जाएगा, वहीं इस दौरान 1 लाख चश्मा वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

तीसरे चरण में 14 जिले जैसे अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बेगुसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, गया, कैमूर, कटिहार, किशनगंज, लखीसराय, मधुबनी, नवादा, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल और पश्चिमी चंपारण में 51 केंद्रों पर जांच की जाएगी। राज्य स्वास्थ्य समिति में सूचीबद्ध एजेंसियों के माध्यम से आंखों की स्क्रीनिंग की जाएगी। समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया है।

बता दें कि पहले एवं दुसरे चरण में 23 मार्च से 24 बुनियाद केंद्रों पर और 30 मार्च से 26 बुनियाद केंद्रों पर जांच शुरू की गई है। इन दोनों चरणों में अब तक 16 हजार 764 लोगों का नेत्र जांच किया गया और जरुरत के अनुसार 14 हजार 48 लोगों को चश्मा निर्धारित किया गया है। चश्मा वितरण की प्रक्रिया जांच होने के 15 दिनों बाद की जाएगी।

रविवार को विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने पुपरी स्थित बुनियाद केंद्र का निरिक्षण किया। साथ ही बुनियाद केंद्र की व्यवस्था व उपलब्ध संसाधनों से भी अवगत हुई। इस दौरान सचिव ने शिविर में मौजूद लोगो से बात कर सुविधा की बाबत जानकारी लिया। उन्होंने इस विशेष शिविर का लाभ उठाने की लोगो से अपील किया। साथ ही इस विशेष शिविर को लेकर केंद्र प्रबंधक समेत अन्य अधिकारियों को प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिए।

टोल-फ्री नंबर 18003456262 पर मिलेगी जानकारी : दृष्टि दोष से ग्रसित व्यक्तियों की मदद के लिए 'सक्षम' ने एक टोल-फ्री नंबर जारी किया है। अब कोई भी व्यक्ति या उनके परिजन टोल-फ्री नंबर 18003456262 पर कल करके नजदीकी बुनियाद केंद्र और आगामी शिविर की तिथि समेत पूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन के माध्यम से अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## राज्य में पांच वर्षों में होगा 50 लाख करोड़ का निवेश : उद्योग मंत्री

### 747 निवेश प्रस्ताव, 17 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट्स पर काम जारी

### एक्सप्रेसवे नेटवर्क, औद्योगिक कारिडोरों के विकास, शहरी अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और बेहतर हवाई संपर्क का तेजी से हो रहा कार्य

**पटना (एनएसबी)।** उद्योग मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार का औद्योगिक विकास निरंतर सशक्ति गति के साथ आगे बढ़ रहा है। राज्य में पांच वर्षो के अंदर 50 लाख करोड़ का निवेश होगा। जिससे राज्य में 1 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। एक से डेढ़ वर्ष के अंदर 78 वर्षो में जो उद्योग बिहार में नहीं लगा उसे मैं धरातल पर उतारकर दिखाउंगा। मैं बातों पर नहीं, धरातल पर उतारने में विश्वास रखता हूं। उद्योग मंत्री सोमवार को सूचना एवं जन संपर्क विभाग में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उक्त बातें कही।

उन्होंने कहा कि राज्य में कई सुशासन और नीतिगत स्थिरता के मजबूत आधार पर राज्य सरकार ने हितधारकों के साथ सतत संवाद को प्रोत्साहित किया है, जिससे एक वास्तविक उद्द्योग अनुकूल वातावरण का निर्माण हो सका है। इन निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप बिहार आज राष्ट्रीय पटल पर पूर्वी भारत के एक उभरते हुए विकास इंजन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। राज्य में तीव गति से एक्सप्रेसवे नेटवर्क, औद्योगिक कारिडोरों के विकास, शहरी अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, बेहतर हवाई संपर्क, पावर प्लांट तथा सशक्त लॉजिस्टिक्स ढांचे के माध्यम से मजबूती प्रदान की जा रही है। देश के शीर्ष निवेश गंतव्यों में बिहार को स्थापित करने के लक्ष्य के अनुरूप राज्य सरकार विश्वस्तरीय औद्योगिक टाउनशिपों एवं आधुनिक औघ्द्योगिक क्षेत्रों में निरंतर निवेश कर रही है, जिन्हें मजबूत ट्रंक अवसंरचना का समर्थन प्राप्त है, ताकि तीव, समावेशी और सतत औद्योगिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि बिहार में तेजी से विकास हो रहा है। हाल ही में बक्सर में कोका कोला फैक्ट्री, जेके सुपर सीमेंट फैक्ट्री का उद्घाटन कर चुके हैं। दरभंगा और मुजफ्फरपुर में लेदर फैक्ट्री लगा चुके हैं। वैशाली जिले के राजापाकड़ में राष्ट्रीय स्ष्तर की निफ्टेम कंपनी लगाने जा रहे हैं। कनेक्टीविटी बेहतर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। भागलपुर के पीरपैती में 30 हजार करोड़ की लागत से 2400 मेगा वाट का पावर प्लांट लग रहा है। वहीं औरंगाबाद में पवर प्लांट तैयार होने जा रहा है। उद्योग मंत्री डा. जायसवाल ने कहा कि औद्ध्योगिक विकास को



उद्योग मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल और सचिव कुन्दन कुमार आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान ।

सात निश्चय-3 (2025-2030) के अंतर्गत सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है, जिसकी परिकल्पना समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार के रूप में की गई है। नई सरकार ने अपने पहले मंत्रिपरिषद बैठक में ही तीन उच्चस्तरीय एपेक्स समितियां का गठन कर अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट कर दिया। इन समितियों को बिहार को एक पूर्वी टेक हब के रूप में स्थापित करने, इसे एक वैश्विक बैंक एंड हब एवं वैश्विक कार्यस्थल के रूप में विकसित करने, तथा स्टार्टअप और नव युग की अर्थव्यवस्था से जुड़े क्षेत्रों में रोजगारोन्मुख गतिविधियों के व्यापक विस्तार का स्पष्ट दायित्व सौंपा गया है। ये संस्थागत व्यवस्थाएं विभिन्न विभागी और क्षेत्रों में रणनीतिक पहलों के समन्वित, समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्थापित की गई है। एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय के गठन स्थापना को स्वीकृति दी गई है।

उन्होंने कहा कि बिहार राज्य विपणन प्राधिकार (बीएसएमए) की स्थापना राज्य के नोडल निकाय के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइएस), कृषि-आधारित उद्द्योगों, कुटीर उद्योगों, हस्तशिल्प तथा ग्रामीण उद्यमों से संबंधित उत्पादों के विपणन, ब्रांडिंग एवं प्रचार-प्रसार का कार्य करना है।

**नए उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु नीतिगत पहल :** उद्योग मंत्री ने कहा कि वैश्विक तथा घरेलू निवेशकों को और अधिक आकर्षित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बीआइआइपीपी), 2025 लागू किया गया है, जो देश के सर्वश्रेष्ठ निवेश प्रोत्साहन पैकेजों में से एक है। बिहार सेमीकंडक्टर नीति, 2026 को हाल ही में राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जो भारत सरकार की योजनाओं के अनुरूप हैं।

# जिप अध्यक्ष के खिलाफ 27 पार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव

## दरभंगा जिला परिषद : 47 सदस्यीय सदन में 24 के आंकड़े पर टिकी जिप अध्यक्ष सीता देवी की कुर्सी

**बहुमत के लिए अभी से ही जोड़-तोड़ तेज, दोनों खेमों ने अपने पार्षदों को साधा**

**निर्णायक बने अनिर्णित सदस्य, अंतिम वक्त में बदल सकता है पूरा खेल**

**नव संदेश ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा जिला परिषद की राजनीति में उस वक्त बड़ा भूचाल आ गया जब 27 पार्षदों ने वर्तमान जिप अध्यक्ष सीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल कर दिया। 47 सदस्यीय परिषद में बहुमत के लिए 24 का आंकड़ा आवश्यक है, जिसके इर्द-गिर्द अब पूरी सियासी लड़ाई सिमट गई है। सूत्रों के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव दाखिल होते ही दोनों खेमों ने अपने-अपने समर्थक पार्षदों को एकजुट करने की कवायद तेज कर दी है। दोनों पक्ष बहुमत अपने पक्ष में होने का दावा कर रहे हैं, जिससे स्थिति बेहद रोचक और पेचीदा बन गई है।

### दोनों खेमों में 'पार्षदों की घेराबंदी'

विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि दोनों ही संभावित दावेदार वर्तमान अध्यक्ष सीता देवी और पूर्व अध्यक्ष रेणु देवी के समर्थक पार्षद अलग-अलग स्थानों पर एकजुट रखे गए हैं। इसे लेकर सियासी हलकों में 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' की भी चर्चा तेज है। करीब तीन दर्जन पार्षद फिलहाल 'आउट ऑफ रीचेबल' बताए जा रहे हैं, जिनमें अधिकांश का झुकाव विपक्षी खेमा यानी रेणु देवी की ओर माना जा रहा है। वहीं, लगभग एक दर्जन पार्षदों को सीता देवी ने भी अपने पक्ष में बनाए रखा है।


जिप अध्यक्ष सीता देवी।


पूर्व जिप अध्यक्ष रेणु देवी।

### 'निर्णायक' पार्षदों पर टिकी नजर

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अहम भूमिका उन करीब एक दर्जन पार्षदों की है, जिन्होंने अब तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। ये 'निर्णायक सदस्य' जिस पक्ष में जाएंगे, उसी के पक्ष में बहुमत का आंकड़ा पार होने की संभावना बढ़ जाएगी।

### पुराने समीकरण टूटे, 'किंगमेकर' बदले पाले

राजनीतिक जानकारों के अनुसार, दो वर्ष पूर्व सीता देवी को अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचाने वाले कई पार्षद अब उनके विरोध में खड़े हो गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले करीब दो दर्जन पार्षद पहले उनके करीबी माने जाते थे।

वहीं, पूर्व अध्यक्ष रेणु देवी को हटाने में अहम भूमिका निभाने वाले कई 'किंगमेकर' अब एक बार फिर सक्रिय हैं और इस बार उनका झुकाव रेणु देवी की ओर देखा जा रहा है।

### आरोप-प्रत्यारोप के बीच सियासत गर्म

अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षदों ने अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था के गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि, अध्यक्ष सीता देवी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे साजिश करार दिया है। दूसरी ओर, पूर्व अध्यक्ष रेणु देवी ने कहा है कि इस पूरे मामले में जो भी निर्णय होगा, वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत ही लिया जाएगा।

### सस्पेंस बरकरार, सबकी नजर बहुमत पर

फिलहाल जिला प्रशासन के स्तर पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। कुल मिलाकर, 27 पार्षदों के अविश्वास प्रस्ताव के बाद अब 24 के जादुई आंकड़े की जंग ने दरभंगा जिला परिषद की राजनीति को निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। आने वाले दिनों में विशेष बैठक और मतदान ही तय करेगा कि कुर्सी किसके पास रहेगी।

## आशापुर चौक पर जमीनी विवाद में मारपीट, दो घायल

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के आशापुर चौक पर सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मझौरा निवासी कृष्ण बिहारी ठाकुर और शत्रुधन ठाकुर के बीच पुश्तैनी जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर हुई झड़प में कृष्ण बिहारी ठाकुर और उनके पुत्र रौशन कुमार ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। अस्पताल में पुलिस को दिए फर्दबयान में कृष्ण बिहारी ठाकुर ने शत्रुधन ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, मोहर ठाकुर, गोरी ठाकुर, बलराम ठाकुर, राजा ठाकुर और अर्जुन ठाकुर पर हमला कर घायल करने का आरोप लगाया। इधर, प्रभारी थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फर्दबयान दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही भाजपा : पप्पू सिंह

**तारडीह (एनएसबी)।** सोमवार को अलीनगर विधानसभा के तारडीह प्रखंड अंतर्गत पुतई स्थित बूथ संख्या 88 पर भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस बड़े ही भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामदत्त पासवान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के मंत्र के साथ जनकल्याण के अनेक कार्य कर रही है, जिससे आज हर वर्ग का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।


कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह व अन्य।

यही कारण है कि कभी भारतीय जनता पार्टी के मात्र 2 सांसद हुआ करते थे, और आज यह विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुकी है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधा देवी,जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामकरण दास,मंडल अध्यक्ष पंकज कंठ,जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा चंदन सिंह,रंजिता देवी,लक्ष्मी देवी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के दरभंगा शाखा के पदाधिकारियों का चुनाव परिणाम घोषित

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के दरभंगा शाखा के पदाधिकारियों का चुनाव परिणाम रविवार की देर रात आई जिसमें एक गुट के सभी सदस्यों ने जीत दर्ज कर लिया। वहीं दूसरे गुट के सभी सदस्य को हार का सामना करना पड़ा। 5 वर्षों बाद यह चुनाव हुआ है जबकि प्रत्येक 3 वर्षों पर चुनाव कराया जाता था। अध्यक्ष पद पर सहायक अवर निरीक्षक नंदलाल यादव ने बालाकांत कुमार को 112 मतों से पराजित किया। वहीं सचिव पद के लिए पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार ने पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार को 83 मतों से पराजित किया।

उपाध्यक्ष पद पर सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार ने इमरान बिन शम्स को 42 मतों से पराजित किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद शाहिद हुसैन खान ने सहायक अवर निरीक्षक लक्ष्मण यादव को मात्र 8 वोट से पराजित किए दोनों में कांटे की टक्कर रही वहीं संयुक्त पद पर जितेंद्र कुमार ने सहायक अवर निरीक्षक ने 73 वोट से पराजित किया। जिले में पुलिस मेंस एसोसिएशन के मतदाता सूची में 638 सहायक अवर निरीक्षक से लेकर पुलिस निरीक्षक तक वोटर थे। 638 वोटर में से 476 वोटरों ने मतदान किया। चुनाव करवाने हेतु जोनल सेक्रेटरी उपेंद्र सिंह की देखरेख में संपन्न कराया गया। वह पटना से दरभंगा आए थे चुनाव कार्य के लिए। उन्होंने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट दिया। चुनाव को लेकर एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलरड्डी ने ट्रैफिक डीएसपी प्रकाश कुमार एवं लाइन डीएसपी शशि भूषण सिंह को दलबल के साथ तैनात किया था ताकि किसी तरह का बवाल न हो। चुनाव व मतगणना पूरी तरह शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जीते प्रत्याशी को पर्यवेक्षक ने सर्टिफिकेट देकर शपथ ग्रहण करवाया।

### भतीजा ने सब्जी व्यवसायी चाचा को मार कर घायल कर दिया

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर भिगो निवासी मोहम्मद अख्तर उम्र 60 साल ने अपने खेत से सब्जी तोड़कर बेचने के लिए ठेला से जा रहा था।उनके भतीजा मोहम्मद इस्लाम एवं एवं मोमीन ने उन्हें पड़कर मारना पीटना शुरू कर दिया। वह घायल हो गए और गिर गए उनके सर से खून बहने लगा। यह देख उनके परिजन उन्हें उठाकर डीएमसीएच इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया है । उनकी सर एवं शरीर में काफी चोट लगा हुआ है जिसके फलस्वरुप वह अचेतावस्था में है। इससे पूर्व भी दोनों के बीच नल का पानी बहाव लेकर झंझट हुआ था। जानकारी पीड़ित परिवार के सदस्यों ने दी।

### सुरहाचट्टी की गाछी में एक महिला बेहोश हालत मे मिली

**दरभंगा (एनएसबी)।** पतोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरहाचट्टी की गाछी में एक महिला बेहोश पड़ी हुई दिखाई दी। वहां पर मवेशी चराने वाले उसे देख थाना को खबर किया।थाना की पुलिस आकर उन्हें उठाकर डीएमसीएच इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया।वह महिला कुछ भी नहीं बोल रही है इमरजेंसी विभाग में उनका इलाज चल रहा है।हालत ठीक नहीं है वह कुछ भी पता बताने से असमर्थ है।

## संस्कृति, परंपरा व राष्ट्रवाद से जुड़ी हैं भाजपा की जड़ें : मृत्युंजय

**गौराबौराम (एनएसबी)।** सांगठनिक जिला दरभंगा पूर्वी अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। यह भव्य कार्यक्रम गौराबौराम विधानसभा क्षेत्र के सुपौल बाजार स्थित गोदावरी भवन में आयोजित किया गया।

**सांगठनिक जिला दरभंगा पूर्वी के द्वारा मनाया गया भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस**

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने और मंच संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा एवं दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला संयोजक वाणिज्य प्रकोष्ठ कृष्ण मोहन महतो के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जड़ें भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रवाद में गहराई से जुड़ी हैं।



कार्यक्रम में अतिथि, सांसद एवं अन्य ।

पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है, यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। वहीं सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ चलने वाला एक विचार है। पार्टी ने अपने 47 वर्षों के सफर में देश को सशक्त, आत्मनिर्भर और विश्व पटल पर गौरवान्वित करने का कार्य किया है। मंच संचालन कर रहे जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है, जहां हम सभी को मिलकर संगठन को और मजबूत बनाने का प्रण लेना चाहिए।

ईस अवसर पर जिला प्रभारी राजीव रंजन, जनसंघ कालीन कार्यकर्ता शशि भूषण महतो, राजकुमार सिंह, विनोद झा, रामविलास भारती, मनोज झा, सरिता देवी, ममता देवी, इंद्रेश झा, राधेश्याम झा, संतोष झा, सोनू ठाकुर, मणिकांत झा, मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, पंकज कंठ, रजनीश सुंदरम, सुधीर सिंह, घनश्याम ठाकुर संजय सदा,तृपित यादव, प्रकाश सहनी, चंदन सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**हायाघाट में दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन**

## बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर संगठन की कार्यक्षमता बढ़ाने की जरुरत : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**हायाघाट (एनएसबी)।** प्रखंड के एम आर एस एम महाविद्यालय,आनन्दपुर के प्रांगण में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाअभियान' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है।

दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, हायाघाट विधानसभा के विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद , जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मना , जिला के महामंत्री सुजीत मलिक एवं प्रखंड के अध्यक्ष जय गोपाल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान विभिन्न सत्रों में भाजपा की नीतियों, आगामी सांगठनिक लक्ष्यों और जनहितकारी योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने कहा बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करने और संगठन की कार्यक्षमता बढ़ाने पर बल दिया। भारतीय जनता पार्टी के मूल सिद्धांतों और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के संकल्प को दोहराया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की रणनीति बनाई गई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने कहा कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। यह प्रशिक्षण शिविर हमें अपनी विचारधारा से जुड़ने और अनुशासित रहकर सेवा करने की प्रेरणा देता है। हमें एकजुट होकर संगठन को इतना सशक्त बनाना है कि हर बूथ पर विजय सुनिश्चित करना। सांसद गोपाल जी ठाकुर, युवा मोर्चा के अध्यक्ष उमानन्द कुमार और एवं बैजू मांझी, पूरन सहनी, प्रशांत झा, आनन्द सिंह, शिवशंकर चौधरी, संतोष माता, मुन्ना झा, राजेश चौधरी,कुमार गौरव सहित भारी संख्या में। इस महाअभियान में हायाघाट उतरी मंडल और हायाघाट के दक्षिणी मंडल सहित भारी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और अधिक गतिशील बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।


कार्यक्रम मे सांसद, विधायक एवं अन्य।

## मंत्री ने इमर्जिंग मिथिला समिट के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



मंत्री मदन सहनी एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार सरकार में समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि मिथिला के विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है और समाज को भी अपने स्तर से आगे आना होगा। उद्योगों का विकास बहुत जरूरी है, जिससे रोजगार के अवसर मिलेंगे और इस दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं। मछली और मखाना उत्पादन में बढ़ोतरी होनी शुरू भी हो चुकी है। सड़क और बिजली की व्यवस्था बेहतर होने से अब व्यापार करना आसान हो गया है।

मंत्री मदन सहनी ने यह बातें इमर्जिंग मिथिला समिट के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सोच बदलने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है।

**मिथिला के विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है और समाज को भी अपने स्तर से आगे आना होगा : मदन सहनी**

विशेषज्ञों से जानने और सीखने का मौका मिलता है। विभिन्न क्षेत्रों में समाज के विकास में योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया। पांच स्टार्टअप को लॉन्च करने के साथ ही इस बेहतरीन कार्यक्रम के लिए उन्होंने द वे के आशीष सिंह को बधाई देते हुए विकास के लिए आगे अपनी सहभागिता पर भी जोड़ दिया।

**नवनियुक्त ज़िला कांग्रेस अध्यक्षों का अभिनंदन एवं पदभार ग्रहण समारोह**

## डॉ. जमाल ने शहरी व मिथिलेश ने संभाली ग्रामीण की कमान

**नव संदेश ब्यूरो**

**दरभंगा।** बलभद्रपुर स्थित ज़िला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को दरभंगा ज़िला कांग्रेस के नवनियुक्त शहरी अध्यक्ष डॉ. जमाल हसन एवं ग्रामीण ज़िला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार चौधरी का अभिनंदन एवं पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान ने दोनों नवनियुक्त शहरी और ग्रामीण अध्यक्षों को विधिवत पदभार ग्रहण कराया।

कांग्रेस कार्यकताओं ने दोनों अध्यक्षों का पारंपरिक पाग, चादर एवं फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। कांग्रेस की विचारधारा देश में सामाजिक सौहार्द, लोकतंत्र और सभी वर्गों के अधिकारों की रक्षा की विचारधारा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान,व संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी मो. असलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाले के पूर्व विधायक ऋषि मिश्रा ने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और तत्कालीन जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान के कार्यकाल की सराहना की।


डॉ. जमाल हसन एवं मिथिलेश कुमार चौधरी का अभिनंदन करते लोग ।

इसके अलावा कार्यक्रम को वीआइपी के शहरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी उमेश सहनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजनागमनी, रामपुकार चौधरी, पं रामनारायण झा, पवन चौधरी, मोहम्मद इम्तेयाज नोमानी, रेयाज अली खां, गणेश चौधरी, अरुण कुमार झा, रीता मिश्रा, अखिलेश चौधरी, रमन झा, जाहिद रेजा, संजय मिश्रा, उदयशंकर मिश्र, सुधीर यादव, कामेश्वर झा, शिवनारायण पासवान, खादिम हुसैन, रतिकांत झा, चंदन झा, मिथिलेश राय, शादाब अतिकी, दिनेश्वर राय, हसमत अंसारी सहित सभी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्रा ने की छेड़खानी की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**विभूतिपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के नरहन स्थित डीबीकेएन कॉलेज की बी.ए. सेमेस्टर-1 की एक छात्रा ज्योति प्रिया (कक्षा रोल नंबरः 130) ने पिछले दिनों हुए छेड़खानी की औपचारिक शिकायत कॉलेज प्रशासन को सौंप दिया। अपने आवेदन में पीड़िता ने बताया कि, प्रैक्टिकल परीक्षा के दौरान कॉलेज परिसर में एक युवक ने परेशान किया। विरोध करने पर अमर कुमार नामक उक्त व्यक्ति ने मौजूद महिला गार्ड और अन्य लोगों की उपस्थिति में मुझपर बेहद आपत्तिजनक, झूठे और अपमानजनक आरोप लगाए तथा मारपीट की। छात्रा के मुताबिक आरोपी ने खुलेआम यह भी कहा कि ह्लइस कॉलेज में उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकताह्व। घटना के बाद छात्रा को जबरन कंट्रोल रूम ले जाया गया, जहां भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इस घटना से छात्रा गहरे मानसिक आघात और भय की स्थिति में है। अपने आवेदन में उसने अपने मान सम्मान का हवाला देते हुए प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### करेह नदी में डूबने से तीन सगे भाइयों की मौत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के बरियाही घाट स्थित करेह नदी में डूबने से तीन सगे भाइयों की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव और परिवार में कोहराम मच गया। मृत बच्चों की पहचान परसा पंचायत के बुरज गांव वार्ड संख्या-8 निवासी सुदर्शन कुमार झा के पुत्र आदित्य कुमार (15), हर्ष कुमार (13) और कार्तिक कुमार (11) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि सोमवार को तीनों भाई करेह नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान एक भाई हर्ष कुमार का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के प्रयास में दोनों अन्य भाई भी नदी में उतर गए, लेकिन दुर्भाग्यवश तीनों एक-एक कर डूब गए।घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों, नाविकों एवं गोताखोरों की मदद से तीनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले गए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, समस्तीपुर भेज दिया। एक साथ तीन सगे भाइयों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डिज्नी लैंड मेला मैदान में सम्मान समारोह आयोजित

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** डैनी चौक पगड़ा दलसिंहसराय स्थित राज नगर परिसर में पिछले पंद्रह दिनों से संचालित डिज्नी लैंड मेला मैदान में समाजसेवी ई. मनोहर सिंह के संचालन व संयोजन तथा स्थानीय बुद्धिजीवियों के गरिमामयी उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों के स्वागत अभिनन्दन की औपचारिकता के बाद अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि समस्तीपुर जिला (दक्षिण) भाजपा के अध्यक्ष शशिधर झा ने कहा कि, आज के दौर में ग्रामीण क्षेत्र में डिज्नी लैंड मेला ग्रामीणों के लिए उपहार है। क्योंकि उन्हें एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन सहित सभी तरह आवश्यकता की वस्तुएं भी उपलब्ध होती हैं। इसी क्रम में शिक्षाविद् प्रो. पी.के. झा "प्रेम" ने कहा कि, डिज्नी लैंड मेला ग्रामीणों के लिए उत्सव धर्मिता का प्रतीक है, जहां उन्हें परिवार और मित्रों के साथ भ्रमण और पिकनिक मनाने का मौका मिल जाता है। वहीं फिल्म अभिनेता आमिर कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि, डिज्नी लैंड खास कर बच्चों के लिए संपूर्ण मनोरंजन उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर सर्वप्रथम मेला आयोजक (द्वय) अमित कुमार और राजकुमार तथा राज नगर परिसर के मालिक द्वय राहुल वत्स और विपुल वत्स के द्वारा समारोह में शामिल सभी सम्मानित अतिथियों का मिथिला परम्परा के अनुसार पाग, चादर और पुष्पहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों के अतिरिक्त समाज सेवी ई अमित अभिषेक, महाशंकर चौधरी, अनिल सिंह, राजा बाबू,वीललित कुमार, पुरुषोत्तम भारद्वाज, शिक्षाविद् डॉ भोला ईसर, सुशांत चन्द्र मिश्र, प्रीति प्रियदर्शिनी, निशा कुमारी, नाहिद फातिमा, अमृता कुमारी, संगिता मिश्रा आदि ने भी अपने-अपने उद्गार व्यक्त किया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने भी आयोजनकर्ता का उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक ने सभी अतिथियों व बुद्धिजीवियों का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी मार्गदर्शन देते रहने का आग्रह किया।



### निःशुल्क आंख जांच एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार एवं राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में नवाचार योजना के अंतर्गत सोमवार को बुनियाद केंद्र, दलसिंहसराय में निःशुल्क आँख जाँच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी, दलसिंहसराय द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर अपनी आँखों की जाँच कराई। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे हर आयु वर्ग के लोग आसानी से लाभ उठा सकें। नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक उपकरणों की सहायता से जाँच की गई और जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केंद्र प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, केस प्रबंधक पूजा कुमारी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रंजीत कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनू कुमार एवं डॉ. पूजा कुमारी सहित अन्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। केंद्र प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले सभी लोगों की मुफ्त जाँच कर उन्हें आवश्यकतानुसार चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में बुनियाद केंद्र पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपनी आँखों की नियमित जाँच कराएं, ताकि दृष्टि संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।



### आईएमए का 68 वां सन्डे ऑन साइकिल संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डी.के. मिश्रा एवं प्रेसिडेंट आईएमए समस्तीपुर डॉ. जी.सी. कर्ण के नेतृत्व में रविवार को आईएमए भवन से आर.पी. मिश्रा रोड तक ह्यसन्डे ऑन साइकिलह्न अभियान के तहत एक साइकिल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में शहर के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोग, आईएमए के सदस्य एवं कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। इस बाबत प्रेसिडेंट आईएमए डॉ. कर्ण ने बताया कि, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित ह्वसंडे ऑन साइकिलह्व कार्यक्रम हमारे हीरो एवं जीवन रक्षकों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि, इन दिनों एक बड़ी आबादी मोटापा, मधुमेह और इससे उत्पन्न बीमारियों से पीड़ित है। इनके दुष्परिणामों से बचाव के लिए शारीरिक व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। साइकिल चलाना अपने आप में एक संपूर्ण व्यायाम है। इसलिए सिर्फ कुछ देर साइकिल चला कर कई बीमारियों से छुटकारा और राहत पा कर स्वस्थ जीवन का आनंद लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि, फिट इंडिया -खेलो इंडिया अभियान के आह्वान पर आईएमए समस्तीपुर के तत्वावधान में 68 वें ह्वसंडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ कर्ण ने कहा कि, यह एक प्रकार का रोग निवारक प्राकृतिक चिकित्सा है जो मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में बेहद कारगर है।




### भाजपा पूसा दक्षिणी मंडल में मना भाजपा का स्थापना दिवस

**ओईनी (एनएसबी)।** सोमवार को भाजपा पूसा मंडल दक्षिणी में विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस भाजपा पूसा मंडल अध्यक्ष मधु पासवान की अध्यक्षता में धूमधाम से साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा पूसा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता अशोक पासवान ने सभी सम्मानित कार्यकताओं को लड्डू खिलाकर



स्थापना दिवस की बधाई दी। इसके अलावा सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराकर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता कौशल कुमार मिश्र, राजकिशोर पासवान, बबलु कुमार, अजय कुमार, पीयूष कुमार, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, राजू कुमार, मिथुन कुमार, निरंजन कुमार, जागेश्वर पासवान, पृथ्वी लाल पासवान, फुलेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी, माला देवी, सूर्यकुमार पासवान, गन्नौर पासवान टुनटुन पासवान रुपेश पासवान, अंशु कुमार, मछिया देवी, उर्मिला देवी, मरनी देवी, गंगिया देवी, अनुष्का कुमारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# सफलता के पीछे भागने की जगह उत्कृष्टता की ओर भागें : संजीव पाण्डेय

## भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ अनएकेडमी समस्तीपुर का प्रथम वार्षिकोत्सव

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** सफलता और उत्कृष्टता दो अलग अलग चीजें हैं। सफलता मिलने के बाद उत्कृष्टता हासिल करना जरा मुश्किल होता है। मगर किसी विषय या क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल हो जाए तो सफलता स्वतः मिल जाती है।

अनएकेडमी के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह में अपने संबोधन के दौरान सिटी सेंट्रल स्कूल ग्रुप के निदेशक संजीव कुमार पाण्डेय ने उक्त बातें कही। इस दौरान छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि, सफलता के पीछे भागने की जगह उत्कृष्टता की ओर भागें। इस के लिए जिस क्षेत्र में या विषय में अभिरुचि हो उसमें खुद को डूबो दीजिए। धैर्य के साथ उसके हर एक पहलू का विशद अध्ययन करिए। यदि आप ऐसा कर पाते हैं तो कामयाबी आपके पीछे पीछे चलेगी। बताते चलें कि, रविवार को अनएकेडमी समस्तीपुर का प्रथम वार्षिकोत्सव भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम संस्थान की निदेशक आकांक्षा द्वारा शॉल, स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ से स्वागत अभिनंदन के उपरांत




वार्षिकोत्सव समारोह की झलकियां।

एम.एल.सी डॉ. तरुण कुमार चौधरी, पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, मेयर अनीता राम, युवा समाजसेवी चेतना झाम, संजीव कुमार पांडे आदि ने दीप प्रज्जवलित कर वार्षिकोत्सव समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात संस्थान की छात्रा लक्ष्मी चौधरी द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान और निकिता कुमारी के गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम ने दिशा पकड़ी। रत्नप्रिया के सरस्वती वंदना के बाद अपराजिता और निशा द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य ने माहौल बनाया। फिर क्या था, अन्य छात्रझ्रछात्राओं ने अपनी विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित अतिथि व अभिभावक घंटों सम्मोहन की अवस्था में देर शाम तक झूमते तालियां बजाते रहे, और वक्त मुट्ठी से रेत की तरह फिसलता चला गया। कब और कैसे इसका किसी को पता भी नहीं चला। इसके पूर्व निदेशक श्रीमती आकांक्षा ने अपने संबोधन में जिलावासियों और अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि आपने मुझपर जो भरोसा जताया है मै उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। वहीं छात्रझ्रछात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता और विफलता जीवन रूपी सिक्के के दो हिस्से हैं। इसलिए विफलता के बाद निराश होने की जगह विफलता के कारणों को पहचान कर उनसे सबक लेते हुए दोगुनी ऊर्जा से लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करना चाहिए।

इस दौरान संस्थान के विशेषज्ञ शिक्षकों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं की कैरियर काउन्सेलिंग की। इस अवसर पर जनवरी में आयोजित जे.ई.ई. मेन्स परीक्षा में सफल छात्रों को पुरस्कृत व प्रोत्साहित किया गया। अंत में आगत अतिथियों व अभिभावकों का आभार सहित धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संस्थान की निदेशक आकांक्षा ने प्रत्येक रविवार को केंद्र पर प्रतिभा चयन जांच परीक्षा की घोषणा की और कहा कि इस जांच परीक्षा में सफल शीर्ष 30 मेधावी छात्रों के शतझ्रप्रतिशत निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। श्रीमती आकांक्षा ने 6वीं से 12वीं, जे.ई.ई. एवं नीट सभी कोर्सेस, की तैयारी के लिए नामांकन पर 50 फीसदी छूट की भी घोषणा भी की। मौके पर सह निदेशक अभिषेक कुमार, सेंटर हेड सौरभ सुमन सहित संस्थान के सभी सहयोगी मौजूद थे।

# पुराने नाराज साथियों को जोड़ते हुए बूथ स्तर पर पार्टी को करें मजबूत : अनीता राम

## जिलाध्यक्षों के सम्मान में बधाई सह संपर्क बैठक आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कमेटी, समस्तीपुर द्वारा यूएन पैलेस, मोहनपुर रोड के प्रांगण में जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का सम्मान में बधाई सह संपर्क बैठक का आयोजन किया गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अबू तमीम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले शहरी जिलाध्यक्ष अनिता राम एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ क्षत्रिय का कांग्रेस कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन शंभू सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वय का मैथिल परंपरानुसार पाग, चादर एवं स्मृति चिन्ह आदि से अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात शहरी जिलाध्यक्ष सह समस्तीपुर महापौर श्रीमती राम ने अपने संबोधन में कहा कि, कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना और संगठन को और अधि मजबूत बनाना हम सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि, किसी संगठन के लिए कार्यकर्ता ही रीढ़ होते हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पुराने नाराज कांग्रेसी साथियों को जोड़ते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए कार्य करें, ताकि संगठन और अधिक मजबूत हो तथा जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। इस अवसर पर पूसा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, उपाध्यक्ष शिव राम ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में विभिन्न प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने दोनों नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर अरुण चौधरी, शंभू चौधरी, अजय चौधरी, मुकुंद कुमार, नंदन चौधरी, मन्नू देवी, विजय देव, बाला जी,शिव राम ठाकुर, सत्यनारण ठाकुर , डोमन राय, सूरज राम आदि मौजूद थे।



जिलाध्यक्ष द्वय का अभिनंदन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# डॉ. मनोज ने की अग्नि पीड़ित परिवारों की सहायता

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला के विशनपुर वार्ड संख्या 06 स्थित दलित टोला में बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिसमें कई घर जलकर राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। इस दर्दनाक हादसे में महेंद्र सदा के 4 वर्षीय पुत्र की आग में झुलसने से मौत हो गई। आगजनी की इस घटना में घरों में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, आवश्यक कागजात तथा दैनिक उपयोग का अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। पीड़ित परिवारों के सामने रहने और खाने तक का संकट उत्पन्न हो गया है। कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। इस दुखद मौके पर समस्तीपुर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया और पीड़ित परिवारों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को खाद्य सामग्री तथा त्रिपाल उपलब्ध कराया। डॉ. सिंह ने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि, आगजनी की यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस हादसे में



घटनास्थल का मुआयना करते डॉ. मनोज।

कई परिवारों का आशियाना उजड़ गया है और एक मासूम की जान चली गई, जो बेहद पीड़ादायक है। मैं इस कठिन समय में पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं। तत्काल राहत के रूप में खाद्य सामग्री और त्रिपाल उपलब्ध कराया गया है तथा आगे भी जरूरत के अनुसार हर संभव सहायता दी जाएगी। इस दुखद मौके पर ज्योतिष महतो, मुखिया पति मृत्युंजय ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष सुवंश कुमार, वार्ड सदस्य मनीषा रानी, अनीता देवी, पंकज शर्मा, मुकेश कुमार सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### जनगणना 2027 को लेकर विशेष बैठक, कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पंचायत स्तरीय कर्मियों को आगामी कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में पंचायत सचिव, किसान सलाहकार, विकास मित्र एवं कचहरी सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र भ्रमण कर राजस्व ग्रामों का भौतिक सत्यापन, उनकी सीमाओं का सत्यापन तथा प्रगणक क्षेत्र निर्धारण का कार्य करें। साथ ही निर्देश दिया गया कि, वे दो दिनों के भीतर भौतिक सत्यापन का नक्शा तैयार कर जमा करें, ताकि आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सहित जनगणना से जुड़े प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक चलने वाले सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के लिए आम लोगों को जागरूक करने, प्रचार-प्रसार करने और फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाने का भी प्रशिक्षण दिया गया।

# जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र ने किया ग्लूकोज वितरण

**उजियारपुर (एनएसबी)।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, अखियारपुर, समस्तीपुर द्वारा डाबर इंडिया कंपनी से प्राप्त ग्लूकोज का एक-एक किलो ग्राम का पैकेट का वितरण किया गया। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के प्रतिनिधि बलराम चौरसिया ने बताया कि जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र एक सामाजिक संस्था है। बच्चों के शिक्षा एवं संरक्षण पर काम करती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य बराबरी वाला समाज का निर्माण करना है तथा खुशहाल बचपन के लिए सभी बच्चों को शिक्षा एवं संरक्षण प्रदान करना है। आगे उन्होंने कहा कि डाबर इंडिया कंपनी का जुड़ाव जवाहर ज्योति के साथ है। डाबर इंडिया कंपनी समाज के वैसे लोग जो गरीब है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनके बच्चों के लिए पोषण के रूप में अपने उत्पाद का कुछ हिस्सा बांटने का काम करती आ रही है। अवकाश प्राप्त पंचायत सचिव रामचंद्र पासवान के सहयोग से आज जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र उजियारपुर प्रखंड के परोरिया गांव के लोगों को ग्लूकोज उपलब्ध करायी है। सरकारी सेवा से निवृत रामचंद्र पासवान ने कहा कि जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के कामों को हम भूरी-भूरी प्रशंसा करते है।



# स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक दुनिया में भारत को वैभवशाली बनाने के लिए संकल्प लें : महाचंद्र प्रसाद सिंह

## भाजपा का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के हरपुर एलौथ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा 47 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम भाजपा जिला जिला कार्यालय पर भाजपा का झंडा फहराया गया। उसके उपरांत भाजपा जिला कार्यालय सभागार में, बिहार प्रदेश सवर्ण आयोग के अध्यक्ष मुख्य अतिथि महाचंद्र प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण आयोग उपाध्यक्ष अरविंद कुमार के साथ भाजपा उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा, एम.एल.सी. डॉ. तरूण कुमार चौधरी, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम सुमिरन सिंह, सहित अन्य मंचासीन नेताओं ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष द्वय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता सुरेश राय ने किया। समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रदेश सवर्ण आयोग के अध्यक्ष श्री सिंह ने कार्यकताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक यात्रा महान राष्ट्रनायकों के आदर्शों और त्याग से प्रेरित रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और समावेशी राजनीति को याद करते हुए कहा कि, उनका योगदान सदैव कार्यकताओं को प्रेरित करता रहेगा। साथ ही लाल कृष्ण आडवाणी के संगठन निर्माण और वैचारिक मजबूती में दिए गए योगदान को भी स्मरण किया।




मंचासीन भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

डॉ. सिंह ने कहा कि पार्टी की वैचारिक नींव श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान चिंतकों और राष्ट्रभक्त नेताओं ने रखी, जिनके ह्वराष्ट्र प्रथमह्व और ह्वअंत्योदयह्व के सिद्धांत आज भी पार्टी के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो निरंतर राष्ट्र सेवा के कार्य में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं और देशवासियों को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं तथा विकसित भारत के निर्माण हेतु मिलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम को भाजपा जिला प्रभारी संजीव साह, शशिकांत आनंद, जिला मंत्री दीपक मंडल, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, युवा मोर्चा के विमल कुमार गोलू, सहित कई नेताओं व कार्यकताओं ने भी संबोधित किया।

### मैट्रिक व इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हजपुरवा में बिहार बोर्ड की मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रामकुमार साह ने की। इस अवसर पर विद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 400 से अधिक अंक प्राप्त किए। सम्मानित विद्यार्थियों में सुधांशु कुमार, अनुष्का कुमारी, खुशबू कुमारी, चांदनी कुमारी, आयुष कुमार, शताक्षी कुमारी, रूपेश कुमार एवं नितम कुमारी शामिल हैं। वहीं, इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों अमन राज, प्रतिभा कुमारी, अभय प्रताप एवं मनीषा कुमारी को भी विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, माला आदि देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शिक्षक सतीश कुमार ने कहा कि सम्मानित सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी की स्थापना दिवस

**बिस्फी (एनएसबी)।** भाजपा कार्यकताओं ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस मनाया. प्रखंड क्षेत्र के सिमरी मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र झा, बिस्फी मंडल अध्यक्ष चंद्रजीत यादव एवं चहुटा मंडल अध्यक्ष कन्हाई चंद्र झा, शंभू ठाकुर, बसंत यादव अखिलेश झा, सरवन यादव के नेतृत्व में सभी पंचायत के सभी मतदान केदो पर कार्यकताओं ने भाजपा के झंडा लगाकर एवं अपने अपने घरों पर झंडा लगाकर स्थापना दिवस मनाया. इस मौके पर अस्पताल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया.वही बच्चों के बीच कलम कॉपी किताब का वितरण की. कई सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई अभियान भी चलाया. पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर बचोल ने अपने घर के ऊपर झंडा लगाकर स्थापना दिवस मनाते हुए राष्ट्रवादी विचारधारा अंतोदय के संकल्प को समर्पित विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के मौके पर सभी को बधाई और शुभकामना दी. सभी कार्यकताओं को सेवा ही संगठन के मूल मंत्र मानते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की!

### अर्धनिर्मित मकान में सरे गले अवस्था में शव के मामले में प्राथमिक

**खजौली (एनएसबी)।** रविवार को थाना क्षेत्र के सुक्की गांव स्थित घाट टोल वार्ड 13 में एक पक्का के अर्धनिर्मित मकान में सरे गले अवस्था में शव के मामले में रविवार के देर शाम मृतक रंजीत राम के पत्नी रानी देवी के बयान पर स्थानीय थाना में पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया हैं। दर्ज मामले में मृतक के पत्नी रानी देवी ने बताया कि वह लोग पिछ्ले सात से आठ महीना से मुखिया के घर पर ही रहता था। मुखिया के द्वारा ही उनके परिवारिक भरण पोषण किया जाता था।इसी दौरान 2 अप्रैल को मेरा एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उसी दिन मुखिया अशोक सिंह ने मुझे अपने घर से मायके मनीयरवा भेज दिया। और रात में मुझे मेरे पति से मोबाइल फोन पर बात हुई उसके बाद उसका फोन बंद आने लगा। वहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की शक मुखिया अशोक कुमार सिंह को मेरे पति रंजीत राम के ऊपर जा रहा था। इन्हीं सब बातों को लेकर 2 अप्रैल को ही मुखिया अशोक कुमार सिंह के द्वारा अपने अन्य अज्ञात साथी के साथ मिलकर पहले हत्या कर कन्हीं छुपा दिया। जब शव से सरने के कारण बदबू आने लगी तो शनिवार की रात शव को पक्का के अर्धनिर्मित मकान में फेक दिया। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पत्नी रानी देवी के बयान पर मुखिया अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध हत्या की मामला दर्ज करते हुए पुलिस सभी बिंदु पर अनुसंधान शुरू कर दिया हैं।

### विद्यालय परिवार की ओर से चलाया गया नामांकन अभियान

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आनंदपुर चहुटा के द्वारा सोमवार को नए सत्र 2026- 27 में नामांकन को लेकर प्रवेशोतव मनाया गया. बिहार शिक्षा परियोजना के दिशा निर्देश के आलोक में विद्यालय के पोषक क्षेत्र में नामांकन अभियान चलाए गए. इस दौरान बच्चों एवं शिक्षकों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई. शिक्षा के अधिकार के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया गया



एवं बच्चों के नामांकन को लेकर प्रेरित कि गई. विद्यालय प्रधानाध्यापक हरिनाथ चौधरी के नेतृत्व में बच्चों ने तख्ते पर नारे लिखकर प्रभात फेरी लगाए. हर बच्चों का एक ही नारा पढ़ना लिखना अधिकार हमारा नारा से पोषक क्षेत्र में गुज रहा था. इस मौके पर जगदीप नारायण प्रसाद ,ममता कुमारी, रिंकू कुमारी, सरिता कुमारी,राजीव कुमार सहित शिक्षा समिति के सदस्यों के अलावा कई लोग शामिल थे.

### पदाधिकारी की टीम ने किया फसल नुकसान की जांच

**बिस्फी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रामानुज प्रसाद ने प्रखंड क्षेत्र के विस्फी ,रघौली,जगवन ,बलहा समेत कई पंचायत में किसानों के फसल क्षति का जांच किया गया ,अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के साथ , प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह, कृषि कॉर्डिनेटर मो जुबेर अहमद, कृषि



सलाहकार अमितेंद्र कुमार और किसान सभा के राज्य के संयुक्त सचिव मनोज कुमार यादव जी के साथ बहुत सारे किसान ग्रामीण मौजूद रहे, बिहार राज्य किसान सभा के आंदोलन के मांगों के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी ने अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बेनीपट्टी को बारीकी से 24 घंटे के अन्दर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जारी की गई थी,मार्च के तीसरे - चौथे सप्ताह में ज़िले में बड़े स्तर पर, आंधी,तुफान, ओलावृष्टि, पानी से किसानों के फसल गेहूं, तेलहन, दलहन, सब्जी,आम लीची फल को भारी क्षति हुई थी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के जांच से किसानों में खुशी देखा गया, किसान भी जांच में सहयोग करते नजर आए जिसमें, राकेश कुमार,मुन्ना ठाकुर, विंदू यादव, उमेश यादव,अनील कुमार,राम प्रवोध यादव, सतीश कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।

### अयाची नगर युवा फाउंडेशन के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक

**मधुबनी (एनएसबी)।** अयाची नगर युवा फाउंडेशन के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक धीरज लाभ के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संस्था के सभी सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। सदस्यों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान जैसी जीवनदायी मुहिम से जोड़ा जाए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।इस दौरान यह भी चर्चा की गई कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अभी भी रक्तदान के प्रति पूरी



तरह जागरूक नहीं हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए सभी सदस्यों ने मिलकर महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। संस्था के सदस्यों ने निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को शामिल किया जाएगा।अंत में, सभी सदस्यों ने समाज सेवा के इस अभियान को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में संस्था के संस्थापक विक्की मंडल, मनोज कंठ, प्रवीण कुमार झा, हर्ष नाथ झा हरखु, सतीश मंडल, दीपक कुमार , अमन कुमारउपस्थित थे।

### रेडिएंट एकेडमी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित,मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मनियरवा गांव स्थित रेडिएंट एकेडमी परिसर में सोमवार को वर्ष 2025-26 की मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था के संस्थापक एवं संचालक रवि शंकर कापड़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ,जबकि मंच संचालन प्रो. सुजीत कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्रह्मदेव चंद्रकला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुभाष चंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने दीप



प्रज्वलित कर किया। साइंस संकाय में 443 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गोपाल कुमार को गोल्ड मेडल, मोमेंटो एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इंटर में कुल 108 छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की,जबकि मैट्रिक के 95 में से 65 छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान पर रहे। सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मधुबनी के चौमुखी विकास में विधायक और मेयर की जोड़ी काफी महत्वपूर्ण

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिला मुख्यालय सहित मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विकास की रफ्तार पिछले वर्षों से काफी तेजी से आगे बढ़ते जा रहा है' जिसका मुख्य कारण है की मधुबनी नगर निगम के मेयर अरुण राय और वर्तमान मधुबनी के विधायक माधव आनंद की जोड़ी ने मधुबनी के विकास को काफी तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं' जिसकी चर्चा मधुबनी मुख्यालय सहित आसपास के गांव में काफी जोर-जोर से की जा रही है' मधुबनी नगर निगम के अधीन 45 वार्ड है, वर्तमान समय में सभी वार्डो में कई विकास योजनाएं की गई है! खासकर सड़क, स्वच्छ पीयजल, बिजली और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है ' इसी तरह मधुबनी के वर्तमान विधायक माधव आनंद के द्वारा चुनाव के समय क्षेत्र में जो वादे किए थे उसको हर संभव धरातल पर उतरने के लिए प्रयत्नशील हैं ' खासकर चीनी मिल चालू करने की बात अब जमीन पर दिखाई देने लगा है' रोजगार की बात भी पंडोल में हुए उद्योग का उद्घाटन काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है' मधुबनी स्टेडियम इसके निर्माण करने की मांग वर्षों से चल रहा था वह अब कुछ महीनो के बाद निर्माण कार्य पूरा होने के करीब आ चुका है ' जिससे जिला मुख्यालय सहित संपूर्ण जिले के खेल प्रेमियों का आधार बढ़ जाएगा ' अति आधुनिक और आकर्षक स्टेडियम का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है' विधायक माधव आनंद के द्वारा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में विकास करने की बात भी दिखाई देने लगा है चुकी महीना के भीतर 10 दिन क्षेत्र में रहकर आम जानते कि समस्याओं को सुनना और उसे समाधान करना काफी महत्वपूर्ण माना गया है' इसी तरह मधुबनी के मेयर अरुण राय और डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान के संयुक्त जोड़ी भी काफी सजगता के साथ मधुबनी के विकास कार्यो में लगे हुए हैं' देखा जाता है कि मधुबनी के विधायक माधव आनंद और मधुबनी नगर निगम के मेयर अरुण राय आपसी ताल मेल के साथ संयुक्त रूप से मधुबनी के विकास के लिए एक जुट दिख रहे हैं' आने वाला समय में मधुबनी के विकास की रफ्तार और तेज होने का संभावना बनते जा रहा है' मधुबनी में कुछ मुख्य समस्याएं हैं जिस पर विधायक माधव आनंद और मधुबनी नगर निगम के मेयर अरुण राय को समझना होगा ' मधुबनी में जाम की समस्या काफी जटिल है' जिसे समाधान करना अति आवश्यक है' मधुबनी मुख्यालय के अंदर जल जमाव की समस्या, बरसात के समय पानी निकासी की व्यवस्था, अति आवश्यक है ' मधुबनी सदर अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा मनमानी, स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही आम लोगों के लिए काफी परेशानी का कारण है! जिसे सुधार करना अति आवश्यक है ' जानकारी के अनुसार मधुबनी में अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड का निर्माण चल रहा है, सड़कों पर सफाई और आकर्षक बिजली लाइट की व्यवस्था भी की जा रही है, जो मधुबनी के लिए महत्वपूर्ण माना गया है ' यह कहा जा सकता है कि मधुबनी मुख्यालय और मधुबनी विधानसभा क्षेत्र में बहुत दिनों के बाद विधायक और मेयर की जोड़ी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है,जो विकास का रास्ता बढ़ाने में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।




विधायक माधव आनंद और मेयर अरुण राय।

## भाजपा का मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र में पहुंचाने का संकल्प : नीतीश मिश्रा




बीजेपी झंडा तोलन करते।

**मधुबनी (एनएसबी)।** राष्ट्र प्रथम ,अंत्योदय का संकल्प और सेवा ही संगठन के मूल मंत्र के साथ भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मधुबनी के सभागार में भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम और हर्षोलास पूर्वक मनाया गया। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा की अध्यक्षीय भाषण एवं जिला महामंत्री सुबोध कुमार चौधरी के संचालन में कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम के शुरूआत में अध्यक्ष प्रभाशूं झा द्वारा भाजपा परिसर में पार्टी का झंडा तोलन कर और वंदे मातरम ,भारत माता की जय ,भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे ,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे ,और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे के नारों से पूरा कार्यालय परिसर गुंजयमान रहा । जिला कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम के शुरूआत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक नीतीश मिश्रा ,पूर्व मंत्री पूर्व विधायक डा० रामप्रीत पासवान, विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर ,पूर्व जिला अध्यक्ष भागेंद्र ठाकुर, शंकर झा को मिथिला पेंटिंग पाग और अंग वस्त्र पहना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक नीतीश मिश्रा ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में हुई थी। भाजपा के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष हम सभी के प्रेरणा स्रोत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में आज भारतीय जनता पार्टी शुरू से शिखर तक पहुंची है। और इसमें करोड़ों कार्यकताओं का निष्ठा, समर्पण, त्याग और मेहनत का फल है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुआ है । पंडित दीनदयाल उपाध्याय का प्रशिक्षण शिविर में कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यो को जन - जन तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता का परम कर्तव्य है । भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात को सरल ऐप पर लोड करना और भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र में पहुंचाने का संकल्प है ,वह सपना कार्यकताओं के बदौलत साकार होता दिख रहा है। कार्यक्रम के समापन पर मिथिला का लोक नृत्य झिझिया, सामा- चकेवा, कृष्ण राधिका नृत्य प्रस्तुत कर कलाकारों ने उपस्थित कार्यकताओं को मंत्रमुग्ध कर दिए। मौके पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद सदस्य देवेंद्र कुमार यादव, प्रमोद सिंह ,रंजीत यादव, सरोज सिंह ,मनोज कुमार मुन्ना, अमरनाथ प्रसाद ,सतीश ठाकुर, राधा देवी ,प्रशांत ठाकुर ,शिव शंकर पांडे, संतोष भगत, महेंद्र पासवान ,पंकज सिंह राठौड़ ,हरि नारायण यादव, संजय राम, मुसाफिर यादव, दीप्ति राउत,प्रतिमा रंजन, माला देवी, आदित्य झा, कन्हैया साह,मीन देवी, रीना सर्राफ,कविता झा, रितु मंडल, संजय गुप्ता, हीरालाल दास ,शैलेंद्र झा, जगन्नाथ राय, पवन शाह, राजीव झा चंदन पासवान, रणधीर खन्ना ,रणधीर ठाकुर, रामचंद्र मिश्र, दानी झा ,अजय भगत ,चंद्रवीर यादव ,अशोक राम ,अमरेश श्रीवास्तव ,ध्रुव नारायण त्रिपाठी, मनीष करण, रवि महतो ,विनोद शाह ,सुनील कुवंर,शंकर झा ,मनीष झा उद्धव ,दिलीप ठाकुर, मीनाक्षी श्रीवास्तव, विनो राम ,गणेश सिंह ,रवि सिंह, विजेता झा, रवि महतो, दिलीप ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष सभी देवतुल्य पुराने और नये कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

## जयनगर सीमा पर एसएसबी का सघन चेकिंग अभियान, श्वान दल की ली गई मदद

**जयनगर (एनएसबी)।** जिले के जयनगर स्थित भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से 48वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान एसएसबी मुख्यालय जयनगर के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी के निदेर्शानुसार संचालित किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमला कम्पनी के कमांडर सहायक कमांडेंट तासी पलधन के नेतृत्व में बेतौन्हा बीओपी के चेकपोस्ट पर यह सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बीओपी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक दिले राम भी मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई की निगरानी करते नजर आए।अभियान के दौरान नेपाल से भारत आने-जाने वाले राहगीरों एवं वाहनों की गहन जांच की गई। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए जवानों ने हर आने-जाने वाले व्यक्ति से पूछताछ की तथा उनके सामानों की बारीकी से तलाशी ली। सुरक्षा बलों ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी अवैध सामग्री या संदिग्ध वस्तु सीमा पार न हो सके।इस विशेष चेकिंग अभियान की खास बात यह रही कि इसमें श्वान दल (डॉग स्क्वॉड) की भी सक्रिय भूमिका रही। प्रशिक्षित श्वानों की मदद से वाहनों और सामानों की सूंघकर जांच की गई, जिससे छिपे हुए विस्फोटक पदार्थों, नशीले



सामान या अन्य अवैध वस्तुओं का आसानी से पता लगाया जा सके। श्वान दल की सतर्कता और दक्षता के कारण जांच प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन गई। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि सीमा क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। नियमित अंतराल पर इस तरह के चेकिंग अभियान चलाए जाते हैं ताकि तस्करी, घुसपैठ और अन्य अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। स्थानीय लोगों ने भी एसएसबी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के सघन जांच अभियान से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत होता है।

### मुंबई के मैथिली लिटरेचर फेस्टिवल में अभिनेता तुषार झा सम्मानित

**मधुबनी (एनएसबी)।** मुंबई में आयोजित मैथिली लिटरेचर फेस्टिवल में मैथिली सिनेमा के चर्चित अभिनेता तुषार झा को गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा मैथिली फिल्म जगत में दिये गये उल्लेखनीय योगदान और क्षेत्रीय सिनेमा



के प्रति उनके समर्पण को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, कला और सिनेमा से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे, जिन्होंने मैथिली भाषा और संस्कृति के संवर्धन में सिनेमा की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार साझा किये। सम्मान प्राप्त करने के बाद तुषार झा ने अपने संबोधन में मैथिली फिल्म उद्योग की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद मैथिली सिनेमा लगातार आगे बढ़ रही है और दर्शकों के बीच अपनी पहचान मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय फिल्मों के माध्यम से भाषा, परंपरा और लोकसंस्कृति को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।तुषार झा ने यह भी कहा कि मैथिली सिनेमा को अभी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें वित्तीय संसाधनों की कमी, वितरण व्यवस्था की सीमाएं और बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार का अभाव प्रमुख हैं।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की प्रगति को लेकर बैठक का आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में उप विकास आयुक्त, सुमन प्रसाद साह की अध्यक्षता में सोमवार को डीआरडीए स्थित कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना



की प्रगति से संबंधित साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत भारत सरकार के पोर्टल पर सभी इंडिकेटर से संबंधित समीक्षा की गई तथा सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के सभी अवयवों में साप्ताहिक रूप से प्रगति लाते हुए शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिला कृषि पदाधिकारी एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि आपसी समन्वय स्थापित कर प्रखंडों के किसानों के बीच प्रखंड कृषि पदाधिकारी/ कृषि समन्वयक/किसान सलाहकार के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों से किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने हेतु आवेदन सृजित करने तथा सभी आवेदनों को संकलित कर बैंक वार बैंक को उपलब्ध कराते हुए इसकी प्रति जिला कृषि पदाधिकारी के माध्यम से अग्रणी बैंक प्रबंधक को सूचित करने का निर्देश दिया गया ताकि बैंकों को भेजे गए आवेदनों का अनुश्रवण किया जा सके।

## डीएम ने आमजनों की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी



समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में उसराही, थाना-देवधा निवासी रेखा देवी के द्वारा दबंग व्यक्ति के द्वारा जमीन जबरन कब्जा करने के संबंध में आवेदन दिया।समदा, प्रखंड बेनीपट्टी निवासी रेणु कुमारी ने पचार्वाली जमीन पर दबंगों द्वारा बल पूर्वक कब्जा करने एवं मारपीट करने की शिकायत की गई है।जयनगर बस्ती गोइत टोल निवासी जिवछि देवी ने अपने खातियानी भूमि को जबरन घेर लेने की शिकायत की है। खाजेडीह, लदनियां निवासी रामचंद्र कामत ने अपने पड़ोसियों द्वारा उनके निजी जमीन पर घर बनाने की शिकायत की गई है।भैयापट्टी, बासोपट्टी प्रखंड निवासी राजाराम महतो ने स्वच्छता सुपरवाइजर की बहाली में अनियमितता बरतने की शिकायत की गई है। उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### ख्याति प्राप्त तैराक सत्यनारायण प्रसाद को अंतरराष्ट्रीय तैराकी अभियान में इंग्लिश चैनल पार करने का मिला आमंत्रण

**अंतरराष्ट्रीय तैराकी अभियान में भाग लेने के लिए 8 लाख रुपए की दरकार, बिहार सरकार और बिहार खेल प्राधिकरण से मांगा आर्थिक सहयोग**



**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ तैराक एवं जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद को विश्व की सबसे प्रतिष्ठित ओपन वॉटर स्विमिंग चुनौतियों में से एक 'इंग्लिश चैनल' पार करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ है। यह चुनौती डोवर (इंग्लैंड) से फ्रांस तक लगभग 36 किलोमीटर की दूरी तय कर पूरी की जाती है। इस अंतरराष्ट्रीय अभियान के लिए सत्यनारायण प्रसाद को ह्यचैनल स्विमिंग एंड पायलटिंग फेडरेशन यूनाइटेड किंगडमह्ल से आधिकारिक सदस्यता, स्विमिंग स्लॉट की पुष्टि तथा औपचारिक आमंत्रण प्राप्त हो चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह अभियान 1 सितंबर 2026 से 15 अक्टूबर 2026 के बीच आवंटित स्लॉट में आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि इस चुनौतीपूर्ण स्विमिंग अभियान के सफल संचालन के लिए पायलट बोट, पंजीकरण शुल्क, सुरक्षा व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय यात्रा, वीजा, आवास सहित अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं पर करीब 8 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। सत्यनारायण प्रसाद ने बताया कि एक खिलाड़ी के लिए इतनी बड़ी राशि व्यक्तिगत स्तर पर जुटाना बेहद कठिन है। इसको लेकर उन्होंने बिहार तैराकी संघ एवं जिला संघ के माध्यम से बिहार सरकार और बिहार खेल प्राधिकरण को आर्थिक सहयोग के लिए विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि सत्यनारायण प्रसाद इससे पूर्व मुर्शिदाबाद की भागीरथी नदी में आयोजित 81 किलोमीटर लंबी विश्व स्तरीय चुनौतीपूर्ण तैराकी को सफलता पूर्वक पूरा कर चुके हैं, जो उनकी क्षमता और समर्पण को दशार्ता है।



बिहार तैराकी संघ की अध्यक्ष विभा कुमारी, सचिव अखिलेश्वर नाथ तिवारी, वरीय तकनीकी निदेशक रामबिलास पांडेय तथा मुजफ्फरपुर जिला तैराकी संघ के चेयरमैन राजेश कुमार और सचिव कुंदन राज ने विश्वास जताया कि यदि हर स्तर पर उन्हें सहयोग मिला तो सत्यनारायण प्रसाद इंग्लिश चैनल पार कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।

### श्रद्धांजलि अर्पित कर गणमान्य लोगों ने नगर निगम कार्यालय में समाजसेवी व भाजपा नेता की प्रतिमा लगाने की उठाई मांग

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** शहर के वरिष्ठ समाज सेवी, राष्ट्रप्रेमी भाजपा के वरिष्ठ नेता,अधिवक्ता एवं साहित्य प्रेमी कविवर पंडीत विष्णुकांत झा के आकस्मिक निधन पर सोमवार को श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट व नागरिक मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान मे स्थानीय शहीद भगवान लाल स्मारक पुस्तकालय भवन सभागार मे शोक सभा का आयोजन किया गया।इस शोक सभा की अध्यक्षता डा.रमेश कुमार केजरीवाल ने की एवं संचालन मोहन प्रसाद सिंहा ने किया। श्रधांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगो ने पंडीत विष्णुकांत झा की तस्वीर पर फूल माला चढाकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही देश, प्रदेश व समाज के लिए उनके द्वारा किए गए महान कार्यों को याद किया। डॉ रमेश केजड़ीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इनके निधन से समाज को भारी नुकसान हुआ है। वे जनसंघ के जमाने से ही राजनीति मे सक्रिय रहे। भाजपा के साथ आजीवन जुड़े रहै। डा.भगवान लाल सहनी, पूर्व मेयर सुरेश कुमार, रणवीर अभिमन्यु, सत्येंद्र कुमार सत्येन, डा.जगदीश शर्मा, डा.अंजनी कुमार नाथानी, एच.एल.गुप्ता, हर्षवर्धन ठाकुर, प्रमोद नारायण मिश्र, अंजनी कुमार पाठक, चिराग पोद्दार, राणा देवीदयाल, अजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगो ने प्रस्ताव पारित कर नगर निगम में प्रतिमा तथा निवास स्थल मार्ग का नाम पंडीत विष्णुकांत झा के नाम पर करने का आग्रह किया। धन्यवाद ज्ञापन जगदीश शर्मा ने किया।



### के.वि. सीआरपीएफ झपहाँ के छात्रों ने राज्यस्तर पर लहराया परचम, राष्ट्रीय स्तर के लिए हुए चयनित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ झपहाँ के दो प्रतिभाशाली छात्र सानु कुमार एवं आशुतोष कुमार (आशु) ने 53वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता केन्द्रीय विद्यालय कंकड़बाग (पटना) में आयोजित की गई थी, जहाँ दोनों छात्रों ने अपने अभिनव वैज्ञानिक प्रोजेक्ट एवं रचनात्मक सोच से निर्णायकों सहित उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें क्षेत्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद अब दोनों छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए किया गया है, जो 08 अप्रैल 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गणेशखिंड, पुणे में आयोजित की जाएगी। विद्यालय की प्राचार्य मंजू देवी सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों छात्रों को हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत भी। बच्चों को इस सफलता तक पहुँचाने में विज्ञान शिक्षक संतोष कुमार एवं अर्चना राय की अहम भूमिका रही। विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकगण ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।




### सोशल मीडिया महिला इन्फ्लूएंसर ने ब्लेड से हाथ का नस काटकर किया आत्महत्या का प्यास, मामले की पुलिस कर रही जांच

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुशहरी थाना क्षेत्र की मूल निवासी एक सोशल मीडिया महिला इन्फ्लूएंसर द्वारा आत्महत्या की नीयत से ब्लेड से अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया महिला इंफ्लुएंसर वर्तमान में माड़ीपुर इलाके में अपने परिवार के साथ रह रही है, जहां उसने हाथ का नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। फिलहाल घायलावस्था में इलाज के लिए उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मामले की सूचना के बाद काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। घटना के संबंध में बताया गया है कि युवती पिछले कुछ महीने से सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के रूप में काफी सक्रिय थी। नगर में वह अपनी पहचान सोशल मीडिया पत्रकार के रूप में बनाते हुए कई कार्यक्रमों में भी देखी जाती थी। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि सोशल मीडिया महिला इंफ्लुएंसर का किसी युवक से प्रेम संबंध चल रहा था और युवक ने बालिग होने पर उससे शादी करने का वादा किया था। लेकिन वक्त आने पर युवक शादी करने से मुकर गया। प्रेमी द्वारा धोखा दिए जाने से तनावग्रस्त होकर युवती ने ब्लेड से अपने हाथ पर कई प्रहार कर कई जगह अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवती को घायल देख परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह भी बताया है कि सोशल मीडिया महिला इंफ्लुएंसर ने पुलिस को दिए गए बयान में प्रेम प्रसंग के मामले में आत्महत्या करने की कोशिश से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि अपने लिखित शिकायत में युवती ने घर में चल रहे पारिवारिक झगड़े को लेकर वह तनावग्रस्त थी और डिप्रेशन में आकर उसने स्वयं ब्लेड से कई जगह नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। संबंधित थाना पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया महिला इंफ्लुएंसर की सोशल मीडिया से संबंधित गतिविधियों और कार्यकलापों तथा उसके साथ रहने वाले युवक को भी जांच के दायरे में लाकर पूरे मामले का अनुसंधान किया जाएगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहीं किसी ने उसे आत्महत्या करने के लिए विवश तो नहीं किया था। फिलहाल यह मामला सामने आने के बाद नगर में चर्चा का विषय बना है।

# जनसंघ काल में हमने जो चुनौतियां देखी थीं आज वही संघर्ष हमें इस गौरवशाली मुकाम तक लाया है : रेणु देवी

**# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर मुजफ्फरपुर में उत्सव, पार्टी के सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने संकल्प के साथ मनाया जश्न**


स्थापना दिवस पर पूर्वी जिला कार्यालय में पार्टी का झंडोत्तोलन करते भाजपा के सदस्यगण।



जिला कार्यालय में आयोजित स्थापना समारोह में मंचासीन भाजपा के नेतागण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को मुजफ्फरपुर (पूर्वी) जिला भाजपा कार्यालय में उत्सव सा माहौल रहा। कार्यकताओं ने बड़े उत्साह के साथ पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। पार्टी के स्थापना दिवस समारोह का आगाज पार्टी का झंडा फहराकर किया गया। जिला मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पूरा कार्यालय परिसर "भारत माता की जय" और "भाजपा जिंदाबाद" के नारों से गूंज उठा। वहीं कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दी। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने करोड़ों कार्यकताओं के निस्वार्थ परिश्रम और त्याग के बल पर ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। जनसंघ के काल में हमने जो चुनौतियां देखी थीं, आज वही संघर्ष हमें इस गौरवशाली मुकाम तक ले आया है। उन्होंने एकाग्र मानवबाद एवं पद पांच निष्ठा पर विशेष चर्चा की। साथ ही केंद्र की वर्तमान सरकार के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को आत्मसात करते हुए कार्यकताओं से मानव सेवा व राष्ट्रसेवा का संकल्प कराया। समारोह को संबोधित करते हुए

पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश कुमार शर्मा ने स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी के सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने का आह्वान कार्यकताओं से किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन की असली शक्ति पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद सिंह ने पार्टी की स्थापना के इतिहास और पार्टी के विषम परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ हीं किस तरह पार्टी की नींव रखी गई, इसकी विस्तार से चर्चा की। स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में 25 नए कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने इन सभी नए सदस्यों का अंग वस्त्र और माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलती है और आज समाज का हर वर्ग पार्टी से जुड़ रहा है। विवेक कुमार ने बताया कि स्थापना दिवस का यह उत्सव केवल जिला कार्यालय तक सीमित नहीं रहा। बल्कि मुजफ्फरपुर पूर्वी के सभी मंडलों और बूथों पर पार्टी का झंडा फहराकर उत्सव मनाया गया। वहीं पार्टी के सभी कार्यकताओं ने अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज लगाकर उत्सव मनाया। जिलाध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों और कार्यकताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। इस दौरान भाजपा नेता विष्णु कांत झा के आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला साहू, अशोक शर्मा, जदयू जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार, भाजपा नेता भोला चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अशोक झा, फेकू राम, इंद्र सिंह, सुरेश कुमार, जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, रवि शंकर कुशवाहा, जिला मंत्री परितोष सिंह, पूनम वर्मा, रितु आनंद, बिकाऊ यादव, लालबाबू साहनी, कृष्णा महतो, मसूद हसन गुड्डू, साकेत कुमार, दीपक शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ मोनालिसा बेबी कुमारी, सीमा श्रीवास्तव, किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज सिंह, अरविंद सिंह, आशीष कुमार पिंटू, सुबोध तुरहा, मनीष कुमार, आशीष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व मंडल प्रभारी उपस्थित थे।

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति आवास पर देर रात स्कूटी सवार दो अपराधियों ने किया बम विस्फोट, घटना के बाद छात्रों और कर्मचारियों में दहशत

**एफएसएल टीम के साथ मामले की जांच में जुटी पुलिस, घटना के कारणों का पता लगाने के लिए स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे एसएसपी**


घटना स्थल पर पहुंचे एसएसपी, कुलपति से ले रहे घटना की जानकारी।


कुलपति आवास के गार्डरूम के बाहर बम विस्फोट के बाद दीवार पर पड़े निशान।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** मुजफ्फरपुर के बीआरए बिहार विश्वविद्यालय परिसर स्थित कुलपति आवास पर रविवा व एसएसपीर की देर रात अपराधियों ने बमबाजी की। हालांकि इस घटना में जान माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। लेकिन इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि कहीं बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में असामाजिक तत्वों द्वारा विवि पर अपना वर्चस्व कायम करने के लिए फिर से बीस वर्ष पूर्व के इतिहास को दोहराने की कोशिश तो शुरू नहीं कर दी गई है। लगभग डेढ़ दो दशक पूर्व के इतिहास को असामाजिक तत्वों द्वारा दोहराने की इस कोशिश से विवि के कर्मचारियों व छात्र छात्राओं में दहशत व्याप्त है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। वही पुलिस ने एफएसएल की टीम के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने घटना की स्वयं प्रारंभिक जांच करने के साथ ही घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए कुलपति डॉ दिनेशचंद्र राय से पूछताछ की। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात लगभग दस साढ़े दस बजे के बीच पूरा विश्वविद्यालय धमाके की आवाज से कांप गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। वही कुलपति आवास के कर्मचारी और गार्ड भी भयाक्रांत हो गए। धमाके की आवाज सुनकर विवि थाना पुलिस की भी सक्रियता बढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही दल बल के साथ देर रात हीं कुलपति आवास पहुंची विवि थाना पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर घटना की जानकारी से संबंधित वरीय पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया। वहीं सिटी एसपी ब एसएसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा कुलपति आवास परव सुतली बम विस्फोट किया गया है। हालांकि किसी तरह की क्षति नहीं हुई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि रविवार देर रात स्कूटी सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने कुलपति आवास के बाहर सुतली बम फेंका है. धमाका सुरक्षा गार्ड के कमरे के पास हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर वारदात को अंजाम देकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी की गई। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने जांच के लिए घटनास्थल से साक्ष्य संग्रह किया हैं। जबकि कुलपति आवास पर प्रतिनियुक्त सुरक्षा गार्ड ने बताया कि रात करीब साढ़े दस बजे एक बम फेंका गया था, जो गेट के पास दीवार से टकराकर विस्फोट किया। सुरक्षा गार्ड ने कहा कि हालांकि वह घटना के समय ड्यूटी पर नहीं था। उसकी डियूटी दिन में शुरू होती है, इसलिए वह सुबह कुलपति आवास पहुंचा है। उन्होंने बताया कि घटना के समय जिस गार्ड की रात में ड्यूटी थी, वह मौजूद था जो सुबह ड्यूटी कर घर चला गया है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने देसी बम फेंके जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## रिश्वत लेते कैमरे में कैद हुए पियर थाना के अपर थानाध्यक्ष अभिनंदन कुमार को एसएसपी ने किया निलंबित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** पियर थाना के अपर थानाध्यक्ष अभिनंदन कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने वायरल वीडियो की जांच कराने के बाद आरोप सत्यापित होते ही पियर के अपर थानाध्यक्ष के खिलाफ विभगीय कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सोमवार को निलंबित कर दिया। बताया जा रहा है कि नूनफर निवासी एक दलाल के माध्यम से यह रिश्वत ली जा रही थी, जिसे वहां मौजूद किसी शख्स ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया। जैसे ही यह वीडियो एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के संज्ञान में आया, उन्होंने मामले को बेहद गंभीरता से लिया और अभिनंदन कुमार का निलंबन आदेश जारी कर दिया।एसएसपी के इस सख्त रुख और त्वरित कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी अधिकारी या कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में एसएसपी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद आरोप से संबंधित वीडियो की सत्यता जांचने के लिए एसडीपीओ पूर्वी-2 मनोज कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एसडीपीओ द्वारा की गई गहन जांच और साक्ष्यों के मिलान के बाद रिश्वतखोरी का यह मामला पूरी तरह सत्य पाया गया। जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि वीडियो में दिख रहे अधिकारी अभिनंदन कुमार ही हैं और पैसे का लेनदेन अवैध तरीके से किया जा रहा था। वहीं जांच रिपोर्ट के आधार पर पियर थाना के अपर थानाध्यक्ष अभिनंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि अनुशासनहीनता और पद का दुरुपयोग करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए विभाग में कोई जगह नहीं है। निलंबन के साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने कहा कि आम जनता की सेवा के लिए पुलिस को तैनात किया गया है, न कि शोषण के लिए। उन्होंने कहा कि पियर थानाध्यक्ष का मामला एक चेतावनी है। पुलिस बल में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी तरह की रिश्वतखोरी की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।


रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित पियर के अपर थानाध्यक्ष अभिनंदन कुमार।

# एईएस पर डीएम सख्तः '373 पंचायतों में अधिकारियों ने थामा कमान, जन जागरूकता अभियान ने पकड़ी रफ्तार'

**जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अलर्ट मोड में सक्रिय एवं गंभीरता से कार्य करने दी कड़ी हिदायत**



एईएस नियंत्रण के लिए जन जागरूकता अभियान को तेज करने को ले बैठक करते जिलाधिकारी।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिले में एईएस व जेई (चमकी बुखार) की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा, जीविका, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में अबतक की तैयारियों और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई तथा आगे की रणनीति तय की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि एईएस व जेई जैसे संवेदनशील विषय पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अलर्ट एवं केयरफुल रहने के साथ-साथ मिशन मोड में सक्रिय एवं तत्पर होकर गंभीरता से कार्य करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य विभाग का दायित्व नहीं है, बल्कि सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा ताकि एक भी बच्चा इस बीमारी की चपेट में न आए। बैठक में बताया गया कि

मरीजों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी 373 पंचायतों में कुल 2575 वाहनों की प्रखंडवार व पंचायतवार टैगिंग कर दी गई है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सरकारी खर्चे से निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक मरीज को त्वरित एवं सहज रूप में पहुंचाने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध हो सके। इन वाहनों का भुगतान सरकारी दर के अनुसार दूरी के हिसाब से ₹400 से ₹1000 तक किया जाएगा। इसके अलावा जिले में वर्तमान में कुल 77 एम्बुलेंस कार्यरत हैं, जिन्हें पूरी तरह सक्रिय रखा गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रखंडवार और पंचायतवार टैग किए गए वाहनों की सूची संबंधित क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल संपर्क कर मरीजों को बिना देर किये निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि

बताया गया कि अबतक जिले में कुल 16 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 12 मामले मुजफ्फरपुर जिले के हैं। अन्य मामलों में शिवहर के 2, सारण का 1 और गोपालगंज का 1 मामला शामिल है। राहत की बात यह है कि सभी मरीजों का समुचित इलाज किया गया और उन्हें स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी नये मामले की सूचना तुरंत दी जाए और मरीज को बिना देरी के उचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। सदर अस्पताल, एसकेएमसीएच और आपातकालीन संचालन केंद्र में कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील हैं। इसके साथ ही प्रत्येक प्रखंड में भी कंट्रोल रूम गठित किए गए हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को तुरंत सहायता मिल सके। सदर अस्पताल का नियंत्रण कक्ष 0621-2266055 एवं 0621-2266056, एसकेएमसीएच का नम्बर 0621-2233868 तथा आपातकालीन संचालन केंद्र का नियंत्रण कक्ष नम्बर 0621-2212007 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पुनौरा धाम मंदिर एवं परिसर के विकास से संबंधित अद्यतन प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को पुनौरा धाम मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में पुनौरा धाम मंदिर निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, पर्यटन विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, मंदिर न्यास समिति के सदस्य सहित विभिन्न जिलास्तरीय विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही निर्माण कार्य हेतु चयनित एजेंसी अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अब तक की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता तथा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि मंदिर निर्माण कार्य में अपेक्षित गति लाते हुए इसे तय समयसीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही, कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने की बात कही। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा किसी भी प्रकार की बाधा या समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि पुनौरा धाम का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व अत्यंत व्यापक है, ऐसे में इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना आवश्यक है।



पुनौरा धाम मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में समीक्षा बैठक में डीएम-एसपी, पर्यटन विभाग अभियंता, मंदिर न्यास समिति के सदस्य व अन्य।

## सीतामढ़ी महोत्सव को लेकर भी डीएम की अध्यक्षता में बैठक

पुनौरा धाम मंदिर परिसर स्थित सभा कक्ष में सीतामढ़ी महोत्सव 2026 के सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया सीतामढ़ी महोत्सव से संबंधित तैयारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया जा सके। उन्होंने इस हेतु बनाई गई सभी कमेटियों से बारीभ्बारी से उनकी तैयारी से संबंधित जानकारी ली गई एवं ससमय तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मालूम हो कि 25 एवं 26 अप्रैल 2026 को सीतामढ़ी महोत्सव का आयोजन पूरे धूमधाम के साथ किया जाएगा। उक्त महोत्सव में राज्य एवं राष्ट्र स्तर के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुति होगी।साथ ही सीतामढ़ी जिले के स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी प्रस्तुति की जाएगी। इस हेतु 18 अप्रैल को 11:00 बजे से स्थानीय परिचर्चा भवन में स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु ऑडिशन रखा गया है।

## जानकी नवमी पर सीतामढ़ी नगर में 25 सौ ध्वज के साथ निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जानकी नवमी के अवसर पर आगामी 25 अप्रैल को 25 सौ ध्वज के साथ नगर में श्रद्धालु भक्तों द्वारा निशान शोभायात्रा निकाला जाएगा। वहीं ख्यातिलब्ध कलाकारों द्वारा दोपहर में सोहर-बधाइयां व संध्या में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसको लेकर श्री जानकी प्राकट्य स्थली तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा भव्य रूप से तैयारी की जा रही है। रविवार की देर शाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय स्वर्णकार की अध्यक्षता में आहूत बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम का संयोजक प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एसके वर्मा को बनाया गया। वहीं सह संयोजक अमित गोल्डी, दर्शन कुमार, डॉ वरुण कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार और अधिवक्ता राम हृदय उर्फ मोहन को बनाया गया। जबकि निशान यात्रा प्रबंधन प्रभारी सुवंश राय, राजेश सुंदरका उर्फ पप्पू जी, मनोज कुमार सिंह व अनिल पांडे को बनाया गया। इस दौरान मुख्य संरक्षक महंत विनोद दास, कार्यक्रम संयोजक डॉ.एसके वर्मा, ट्रस्ट के सचिव सुवंश राय, उपाध्यक्ष संजय कुमार पप्पू, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार बबलू, ट्रस्टी मनोज सिंह, संजय सिंह, विधि सलाहकार महंत मनमोहन कौशिक, वरीय अधिवक्ता राम हृदय मोहन आदि ने बताया कि माता जानकी के प्राकट्य दिवस जानकी नवमी के अवसर पर ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। शहर में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाएंगे तथा शोभायात्रा में शामिल भक्तों पर फूलों की बारिश की जाएगी। मौके पर जय किशोर साहु, डॉ.अविनाश कुमार, मीडिया प्रभारी राजीव कुमार काजू के आलावा सहित बड़ी संख्या में ट्रस्टी व हनुमान सेना के सदस्य शामिल थे।



जानकी नवमी को लेकर बैठक करते अध्यक्ष व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में घरेलू व व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुचारू : डीपीआरओ

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में घरेलू व व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुचारू और संतोषजनक बनी हुई है। प्रेस वार्ता में डीपीआरओ ने बताया कि 91 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 19,754 घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, साथ ही ट्रांजिट में भी सिलेंडर हैं, जिससे कमी की स्थिति नहीं है। व्यावसायिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य है और प्रतिदिन लगभग 421 सिलेंडरों की खपत हो रही है। प्रशासन ने पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन बुकिंग को बढ़ावा दिया है तथा समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्ती, नियमित जांच और कंट्रोल रूम के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है। साथ ही, पीएनजी कनेक्शन का विस्तार जारी है। जिला प्रशासन ने सभी एजेंसियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने और उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा देने का निर्देश दिया है।



प्रेस वार्ता में घरेलू व व्यावसायिक एलपीजी की उपलब्धता की जानकारी देते डीपीआरओ।

### सीतामढ़ी में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है, उपभोक्ताओं तक नियमित आपूर्ति : डीएसओ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस की कमी की अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रतिदिन औसतन 13,500 सिलेंडरों की मांग के मुकाबले 16,556 घरेलू सिलेंडर उपलब्ध हैं, जिससे आपूर्ति संतुलित है। जिले में 63 एजेंसियों—भारत गैस 12, हिंदुस्तान पेट्रोलियम 16 और इंडियन ऑयल 35—के माध्यम से नियमित वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर निगरानी तेज कर दी गई है और कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। कुछ मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। डीएसओ ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी समस्या पर नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने की अपील की। इस मौके पर डीपीआरओ कमल सिंह भी उपस्थित थे।



प्रेस वार्ता में एलपीजी गैस की उपलब्धता की जानकारी देते डीएसओ व उपस्थित डीपीआरओ।

### 16 बोरे में छिपाकर रखे गए 1810 बोतल शराब बरामद

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय पुलिस ने बागमती नदी के किनारे छिपाकर रखे गए 16 बोरे में 1810 बोतल नेपाली शराब बरामद किया है।थानाध्यक्ष अरविन्द गिरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के जोरीआही बांध ढ़ाला से पूरब बागमती नदी किनारे सुनसान जगह पर छिपाकर शराब रखा गया था, ताकि मौके मिलते ही उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा सके। इसकी सूचना पर एएसआई मृत्युंजय चौधरी ने प्रातः गस्ती कर रहे एएसआई सुशील कुमार व सशस्त्र बल के साथ पहुँचकर करवाई को अंजाम दिया तबतक कारोबारी फरार हो गये।बरामद शराब की बोरी को थाने लाया गया जिसमें 1010 पीस नेपाली रिलैक्स सौफी शराब तथा 800 पीस करिश्मा नेपाली शराब की बोतल शामिल है।श्री गिरी ने बताया कि इस बाबत अज्ञात कारोबारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और अवैध शराब तस्करी पर पुलिस की सख्ती साफ नजर आ रही है।

### सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों में की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां बारीझबारी से सभी परिवाद सुने गए एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड, अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत काजिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

## वरीय अफसरों ने की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरगनिया की जांच

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैरगनिया में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर एडीएम सह आपदा प्रभारी ब्रजकिशोर पांडे एवं स्वास्थ्य विभाग के भीबीडी नियंत्रण पदाधिकारी डॉ आरके यादव सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान एडीएम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, दवा वितरण, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आने की भी चर्चा है। व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिला सेआये पदाधिकारियों के समक्ष जदयू नेता प्रो राजकुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता सहित कई लोगों ने शिकायत की है। मौके पर मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अब्दुल बहाव, डॉ रामबाबू रमण सहित स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ करते हुए एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर अपनी शिकायतें एडीएम के सामने रखीं। जांच करने आये एडीएम श्री पांडे ने कहा कि जांच कर ली गई है और सभी रिपोर्ट तैयार कर समाहर्ता, सीतामढ़ी को सुपुर्द किया जाएगा ततपश्चात अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी।इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा जा रहा है।



# हर प्रखंड में मॉडल स्कूल के लिए शिक्षकों का चयन शुरू

## जिले भर में 149 शिक्षकों की जरूरत के मुकाबले 194 आवेदन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने की तैयारी तेज हो गई है। सात निश्चय-3 योजना के तहत हर प्रखंड में एक-एक मॉडल विद्यालय स्थापित किया जाएगा। इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शिक्षा विभाग के अनुसार, जिले में कुल 149 शिक्षकों की आवश्यकता तय की गई थी, जिसके विरुद्ध अब तक 194 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह संख्या उत्साहजनक जरूर है, लेकिन आवेदन का असमान वितरण विभाग के लिए चुनौती बन रहा है। कई विद्यालयों में जरूरत से अधिक आवेदन मिले हैं, जबकि कुछ जगहों पर अब तक एक भी आवेदन नहीं पहुंचा है। विभाग ने इच्छुक शिक्षकों से अपील की है कि वे ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से शीघ्र आवेदन करें, ताकि सभी मॉडल विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

आंकड़ों पर नजर डालें तो डुमरा में 6 पदों के लिए 37 आवेदन और परसौनी में 14 पदों के लिए 42 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं पुपरी, बथनाहा और सुरसंड में भी पदों के मुकाबले अधिक आवेदन आए हैं, जिससे वहां प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है।

**ई-शिक्षा कोष पोर्टल से हो रहा आवेदन, कुछ प्रखंडों में ज्यादा आवेदन तो कई जगह नगण्य**

**आवेदन का असमान वितरण विभाग के लिए चुनौती बन रहा**

दूसरी ओर, मेजरगंज और परिहार जैसे प्रखंडों में अब तक एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जो चिंता का विषय है। सुप्पी, बैरगनिया और बोखरा में भी आवेदन की संख्या बेहद कम है, जिससे इन क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी बनी रह सकती है। शिक्षा विभाग के अनुसार, जहां आवेदन अधिक हैं वहां मेरिट के आधार पर पारदर्शी चयन किया जाएगा, जबकि कम आवेदन वाले विद्यालयों के लिए पुनः आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान प्रियदर्शी सौरभ ने कहा, मॉडल विद्यालयों की स्थापना जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देगी। हमारा प्रयास है कि हर विद्यालय में सभी विषयों के योग्य शिक्षक उपलब्ध हों। जिन प्रखंडों में आवेदन कम मिले हैं, वहां के शिक्षकों से विशेष अपील है कि वे आगे आएं और इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनें।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नियुक्ति प्रक्रिया नहीं, बल्कि जिले के बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखने का अवसर है।

## असहाय 90वर्षीय वृद्ध की मदद को आगे आया सीतामढ़ी कुशवाहा संघ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी कुशवाहा संघ के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार के नेतृत्व में समाज सेवा का एक अत्यंत सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। बथनाहा प्रखंड के पानी टंकी टोला में रहने वाले लगभग 90 वर्षीय एक असहाय एवं निःसहाय वृद्ध की दयनीय स्थिति को देखते हुए संघ के सदस्यों ने मानवीय पहल करते हुए उनकी मदद की।

कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में वृद्ध की जर्जर हालत सामने आई थी। वीडियो देखते ही संघ के सदस्यों ने इसकी जानकारी अध्यक्ष को दी, जिसके बाद टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि वृद्ध अत्यंत कठिन परिस्थितियों में अकेले जीवन यापन कर रहे हैं और स्वयं ही भोजन बनाने को विवश हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संघ की ओर से तत्काल राहत के रूप में खाद्य सामग्री, फल, बिछावन, मच्छरदानी सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं। संघ ने यह भी निर्णय लिया है कि जब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक वृद्ध को नियमित रूप से राशन उपलब्ध कराया जाएगा।



90 वर्षीय निःसहाय वृद्ध के मदद को पहुंची कुशवाहा संघ के प्रतिनिधि।

संघ के सचिव जय राम सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। वहीं सह-कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि संघ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। संघ द्वारा पिछले तीन वर्षों से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका मार्गदर्शन किया जाता है। इस माह के अंत तक पुनः इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी चल रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मना भाजपा का स्थापना दिवस

### आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन : शाहनवाज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को स्थानीय सीमरा स्थित जिला कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में कार्यकर्ताओं ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रवादी विचारधारा का स्मरण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने ध्वजारोहण के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन गई है। उन्होंने कहा, "हमारी पार्टी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी संकल्प, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन और अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व से प्रेरित है। 'राष्ट्र सर्वोपरि' का सिद्धांत ही हमारी सफलता का आधार है।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने पार्टी के सफर को याद करते हुए कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के वर्षों के तप, त्याग और निष्ठा ने भाजपा को आज एक विशाल वटवृक्ष का स्वरूप दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की और कहा कि आज भाजपा 'नए भारत' की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बन चुकी है।

भाजपा महामंत्री संदीप राय ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। महामंत्री चुनचुन सिंह ने कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विधायक गायत्री देवी, अनील कुमार, बैधनाथ प्रसाद, क्षेत्रीय प्रभारी संतोष रंजन, सह-प्रभारी राजू झा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवांशु किशोर, प्रोफेसर उमेश चन्द्र झा समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




पार्टी कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता व अन्य।

# 13वां विक्रम क्रिकेट टुर्नामेंट पर फाइनल में छौरहिया का कब्जा

**बथनाहा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बबलू पटेल पुस्तकालय, घोघराहा के तत्वावधान में स्वर्गीय बबलू पटेल की स्मृति में आयोजित 13वां विक्रम ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। जिसमें छौरहिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया।

फाइनल मैच में आजाद क्रिकेट क्लब घोघराहा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शुरूआती झटकों के बाद छौरहिया टीम के कप्तान अनिष कुमार सिंह और छोटू ने 52 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला। निर्धारित 20 ओवर में टीम ने 9 विकेट खोकर 171 रन बनाए। अनिष ने 41, अनुज ने 21, छोटू ने 14 और प्रकाश ने 12 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में मोदी यादव ने 3 विकेट जबकि चंदन पटेल और आशुतोष पटेल ने 2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए आजाद क्रिकेट क्लब घोघराहा की टीम 145 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से बिक्की शर्मा ने 26, चंदन पटेल और आनंद सिंह ने 18-18 रन बनाए। छौरहिया टीम के लिए राजाबाबू ने 4 विकेट और अनिष ने 2 विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की। अनिष कुमार सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैन ऑफ द टूनार्मेंट और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार चंदन पटेल को मिला। विवेक सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, आयुष को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, आशुतोष पटेल को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और दिनेश यादव को सर्वश्रेष्ठ कप्तान घोषित किया गया। राजाबाबू को खेल भावना पुरस्कार तथा मुनेश राज को सर्वश्रेष्ठ अंपायर और संजय यादव को सहायक अंपायर का सम्मान मिला। टूनार्मेंट को कवरेज करने के लिए पत्रकार मो. कमर अख्तर एवं प्रभात मिश्रा को सम्मानित किया गया। बेहतरीन कमेन्ट्री करने के लिए राजेश रवि व राहुल झा को सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अर्जुन राय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजन छिपी प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने टूनार्मेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र चंद्रवंशी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के टूनार्मेंट युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया।

टूनार्मेंट के दौरान पूर्व विधायक सुनील कुशवाहा, बथनाहा के पूर्व प्रत्याशी ई. नवीन कुमार, बथनाहा प्रमुख रतन शर्मा, जिला पार्षद प्रतिनिधि सुनील शर्मा, मुखिया राजू सिंह, पैक्स अध्यक्ष कौशल यादव, पंसस पदार्थ झा एवं हजारों दर्शकों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और आयोजन को सफल बनाया।



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि व अन्य।

# लू व अगलगी की घटनाओं से निपटने को अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक

**मोतिहारी(एन एस बी)।** भीषण गर्मी और लू की संभावित स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बिहार मौसम सेवा केंद्र, पटना तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अप्रैल माह से ही तेज गर्मी और लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

इसी परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में ड राधाष्णन सभागार, मोतिहारी में अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए इंतजामों की समीक्षा की गई। अनुमंडलीय अस्पतालों एवं सदर अस्पताल में कूलिंग रूम और विशेष बेड की व्यवस्था की गई



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

है, ताकि लू से प्रभावित मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। अपर समाहर्ता ने सिविल सर्जन को स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा अन्य स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में र्व्ै और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पीएचईडी विभाग ने जानकारी दी कि खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए विशेष दल का गठन किया गया है, वहीं 50 नए चापाकलों की स्थापना की प्रशासनिक स्वीति भी प्राप्त हो चुकी है। साथ ही जिले में भूजल स्तर की नियमित निगरानी की जा रही है। नगर निकायों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्याऊलगाने और आश्रय स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिले में बढ़ रही अगलगी की घटनाओं को देखते हुए जिला अगिशमन पदाधिकारी को सतर्कता बरतने और त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया। आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार के प्रावधानों के अनुसार अगलगी पीड़ित परिवारों को 24 घंटे के भीतर 12 हजार रुपये की सहायता राशि तथा गृह क्षति का मुआवजा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, दैनिक मजदूरों एवं पशुधन को लू एवं आग से बचाने के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर नगर आयुक्त आशीष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मदरसा से बरामद पिस्टल मामले चार गिरफ्तार

**चकिया।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मदरसा से बरामद पिस्टल मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया व सभी को पूछताछ के उपरांत सोमवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के गवंद्रा गांव निवासी मो फारूक रजा, मौलवी इमाम मो शोएब अख्तर, गुल मोहम्मद तथा मोहम्मद असगर के रूप में बताई गई है। ज्ञात हो कि बीते रविवार को पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी कि थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी गवंद्रा गांव के वार्ड 8 झाझा टोला स्थित मदरसा इस्लामिया बाघेरी सालत में आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी कर एक पिस्टल बरामद किया था।

### रघुनाथपुर पुलिस ने पुलिस ने वृद्ध का किया शव बरामद

**तुरकौलिया।** बालगंगा भीमा घाट सड़क किनारे पड़े शव को रघुनाथपुर पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम में भेजा है। 'रघुनाथपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार' ने बताया कि सड़क किनारे सरेह में शव होने की सूचना मिलने शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा गया हैस शव की पहचान गोविंज थाना क्षेत्र के लौरिया वार्ड 5 के 65 वर्षीय कन्हैया पाण्डेय के रूप में हुआ है। इनकी पुत्री की शादी मजुराहा में हुई है। वह वही जा रहे थे। प्रथमष्टया में दुर्घटना का मामला प्रतीत होता है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामले का खुलासा हो सकेगा।

### डा. के मोहन का आकस्मिक निधन

**रक्सौल।** चिकित्सक ड. के मोहन का इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। डक्रे मोहन एक कुशल डक्टर के रूप में जाने जाते थे।उन्होंने हमेशा मरीजों की सेवा को अपना धर्म माना और अपनी सेवा, मानवता तथा कर्तव्यनिष्ठा से समाज में एक अलग पहचान बनाई।उनके निधन से न केवल चिकित्सा जगत,बल्कि पूरे रक्सौल समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। स्थानीय लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करे।

### प्रेम प्रसंग में हाई वोल्टेज ड्रामा युवती मोबाइल टवर पर चढ़ी

**पीपराकोठी।** क्षेत्र में रविवार को प्रेम प्रसंग को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। एक युवती अपने प्रेमी से शादी कराने की जिद में मोबाइल टवर पर चढ़ गई। करीब घंटों की मशक्कत के बाद वह रात लगभग 9रू30 बजे सुरक्षित नीचे उतरी। घटना पीपरा थाना क्षेत्र की है, जहां युवती अपने घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित एक मोबाइल टवर पर चढ़ गई। युवती के टवर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर चकिया बीपीआरओ नटराजन झा, पीपरा थाना पुलिस तथा अगिशमन दल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टवर के नीचे घंटों तक युवती को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ी रही। इस दौरान उसके परिजन भी मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतरने के लिए मनाने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा माइकिंग कर युवती को समझाया गया। पुलिस ने उसके प्रेमी से भी फोन पर बात कराई और माइकिंग के माध्यम से युवती से नीचे उतरने की अपील कराई।

# उत्पाद चलिष्णु दल को मिली बड़ी कामयाबी

## भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब के साथ महिला कारोबारी सहित तीन गिरफ्तार

**मोतिहारी (एन एस बी)।** उत्पाद चलिष्णु दल टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सुगौली थाना क्षेत्र के कोबेया बाजार वार्ड नंबर 10 में स्वधनराज साह के घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब के साथ महिला सहित तीन कारोबारी को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्धनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त कारोबारी भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब भंडारण कर महंगे दामों में बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन एवं छापेमारी हेतू निरीक्षक सह प्रभारी चलिष्णु दल मो सेराज अहमद के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्रवाई की गयी।इस दौरान बीयर 65 पीस लगभग 32 लीटर, विदेशी शराब 16 लीटर व चुलाई शराब एवं नेपाली शराब लगभग 101 लीटर के साथ कारोबारी स्वधनराज साह के पुत्र शंकर साह, शंकर साह के पुत्र अरुण कुमार व शंकर साह की पत्नी मनोरमा देवी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी में निरीक्षक सह प्रभारी चलिष्णु दल श्री अहमद के अलावे निरीक्षक मद्यनिषेध मुकेश कुमार,उदय कुमार,अवर निरीक्षक अजय कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, शशिऋषि, सिपाही निशा भारती,ज्योति कुमारी, रंजनी, अरविन्द कुमार, हाकिम सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# अमर इंटरनेशनल स्कूल की 13वीं वर्षगांठ पर बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की छटा

## मेधावी छात्रों को सांसद राधामोहन सिंह ने किया सम्मानित

**मोतिहारी(एन एस बी )।** अमर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में जो प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ बच्चे और अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं।ष यह बातें सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने सोमवार को महात्मा गांधी अडिटोरियम में आयोजित विद्यालय के 13वें वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद श्री सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, उप मेयर ड़ लालबाबू प्रसाद एवं पूर्व प्राचार्य जगत नारायण प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को मेयर प्रीति गुप्ता, ड़ आशुतोष शरण, विजय अग्रवाल और सुजीत कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर 6 सौ से अधिक विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, भाषण और पर्यावरण जैसे विषयों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। प्ले से पांचवीं कक्षा तक के 18 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में 5100-5100 रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, अनलाइन क्लास में बेहतर करने वाले 15 छात्रों को भी पुरस्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन अमरनाथ साहू ने की तथा संचालन प्रिंसिपल सौम्या साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अपूर्व कुमार, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ अभिभावक भी मौजूद रहे।

# पूर्वी चंपारण में उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती एवं अन्य प्रखंडों में उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। मनीष कुमार सिंह (जिला षि पदाधिकारी) ने बताया कि खरीफ 2026 को ध्यान में रखते हुए सघन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान कुल



छापेमारी करते पुलिस।

52 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक की मात्रा और गोदाम में उपलब्ध भौतिक स्टक का मिलान किया गया। जांच में छह प्रतिष्ठानों को अनियमित उर्वरक व्यापार करते हुए पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्रवाई के तहत आदापुर प्रखंड में मे विजय खाद भंडार (प्रो सर्वेश कुमार), घोड़ासहन प्रखंड में मे ओम साईं षि सेवा केंद्र, चम्पापुर कोईरिया एवं मे विकास खाद बीज भंडार, चम्पापुर कोईरिया, तथा छौड़ादानो प्रखंड में मे सिद्धि खाद भंडार (प्रो गुड्डू कुमार) एवं मे जय माता दी ट्रेडर्स, धरहरी के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त बनकटवा प्रखंड में एक अज्ञात के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला षि पदाधिकारी ने बताया कि सभी दोषी प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा और उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# मोतिहारी में ताइंडो एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन ट्रायल आयोजित

**मोतिहारी(एन एस बी)।** खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में सोमवार को खेल भवन, मोतिहारी में ताइंडो एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र हेतु चयन ट्रायल का आयोजन किया



चयन ट्रायल में भाग लेते खिलाड़ी।

गया। इस ट्रायल में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।जानकारी के अनुसार, चयन ट्रायल में जिले के लगभग 40 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा प्रतिनियुक्त प्रशिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुआ। जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की सूची जिला खेल कार्यालय द्वारा प्राधिकरण को भेजी जाएगी। चयनित खिलाड़ियों को राज्य सरकार एवं प्राधिकरण द्वारा संचालित एकलव्य राज्य आवासीय ताइंडो प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को पठन-पाठन, खेल प्रशिक्षण, भोजन एवं आवास की समुचित सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर राजन कुमार, सर्वोत्तम रंजन, रमेश कुमार सहित अन्य खेल प्रेमी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मोतिहारी में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया

**मोतिहारी(एन एस बी)** आज चंद्रहिया स्थित भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन राज ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ ड़ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहें के नारों से माहौल गूंज उठा।जिला अध्यक्ष पवन राज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के स्थापना काल से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा, संगठन की विचारधारा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा राष्ट्रहित और जनकल्याण को सर्वोपरि रखती है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन लगातार मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और



कार्यक्रम में उपस्थित भजपाई।

पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकास कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के कारण देश और प्रदेश में व्यापक विकास संभव हुआ है और कार्यकर्ताओं से जनता तक योजनाओं को पहुँचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रकिशोर मिश्रा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, मीना मिश्रा, विनोद कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीता शर्मा, महामंत्री संजय चौधरी, मार्तण्ड नारायण सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष बबलू पासवान, युवा मोर्चा जिला महामंत्री सन्नी सिंह, ओबीसी मोर्चा संजय ठाकुर, शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक प्रो़ अरुण कुमार, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक अनिल वर्मा, कला-संस्ति मंच संयोजक सुदीप कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## संक्षिप्त खबरें

### मोतिहारी में 15 अप्रैल से बच्चों और समुदाय के लिए हार्पिक सेफ सैनिटेशन प्रोग्राम शुरू

**मोतिहारी(एन एस बी)।** 15 अप्रैल से रेकिट (डेटल) के सहयोग से हार्पिक सेफ सैनिटेशन प्रोग्राम के अंतर्गत बच्चों और स्थानीय समुदाय के लिए हाइजीन और सैनिटेशन पर विशेष कार्य शुरू किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत चल रहे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से लोगों में स्वच्छता संबंधी आदतें विकसित करना है।कार्यक्रम के तहत बच्चों और समुदाय के लोगों




उद्घाटन करते अतिथि।

को साफ-सफाई, हाथ धोने की आदत और सुरक्षित शौचालय उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, शहर के 75 सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य आधुनिक मशीनों और कुशल कर्मियों के माध्यम से किया जाएगा, जिससे स्वच्छता की गुणवत्ता में सुधार होगा और लोगों को सुरक्षित एवं स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा हार्पिक सेफ सैनिटेशन प्रोग्राम के तहत स्वच्छता सुविधाओं को बेहतर बनाने और उनके उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सांसद राधा मोहन सिंह ने बताया कि यह पहल स्वास्थ्य सुधार में मदद करेगी और एक स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम रेकिट (डेटल) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जो स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर मजबूत कर रहा है।

### समर्पण संस्था द्वारा मासिक भंडारा का आयोजन

**रक्सौल(एनएसबी)** स्वयंसेवी संस्था समर्पण ने अपने स्थापना के नौवें माह में भी सेवा, सहयोग और समर्पण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सैनिक रोड, कोइरिया टोला नहर चौक स्थित ड़ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप किल्लर शो रूम के पास नियमित मासिक भंडारा का वृहद आयोजन किया। संस्था के सेवकों ने अपने संकल्प को दोहराते हुए बताया कि समर्पण प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को भंडारा आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस माह भी रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के बावजूद संस्था के सेवकों ने सेवा भाव में कोई कमी नहीं रखी। भंडारा के दौरान हजारों जरूरतमंदों, श्रमिकों एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर आत्मिक संतोष प्राप्त किया। प्रसाद में चावल, दाल ,आलू परवल की सब्जी, बिना लहसुन प्याज के और तिलौरी तथा तली हुई चटपटी हरी मिर्च जैसे शुद्ध, स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन शामिल थे, जिसका सभी ने आनंदपूर्वक रसास्वादन किया और संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना की। मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से संस्था के सेवकों ने पूरे समर्पण भाव और उत्साह के साथ इस पुनीत कार्य को सफल बनाया तथा जरूरतमंद लोगों को प्रसाद वितरण कर आत्मिक संतुष्टि का अनुभव किया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में धर्मपरायण समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी संजय गुप्ता, बिनोद कुमार गुप्ता, विजय कुमार महतो, राजू कुमार गुप्ता, अशोक कुमार सिंह, पवन किशोर कुशवाहा, अमित कुमार चा, साइमन रेक्स, रमेश कुमार रौनियर, विजय कुमार चौरसिया तथा शम्भु प्रसाद चौरसिया सहित समर्पण संस्था के अनेक सेवकों का योगदान उल्लेखनीय रहा। संस्था के सेवक शम्भु प्रसाद चौरसिया ने बताया कि समर्पण संस्था केवल मासिक भंडारा तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में भी समाजहित से जुड़े विभिन्न सामाजिक, मानवीय एवं सेवा-परक कार्यो में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती रहेगी। इस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी सेवा की लौ को प्रज्वलित रखते हुए समर्पण संस्था समाज में मानवीय सहयोग और परोपकार की प्रेरणा बनती जा रही है। जिसकी चहुंओर प्रशंसा एवं सराहना हो रही है।

### मोतिहारी में सुरक्षा कर्मियों की बहाली हेतु 6 अप्रैल से प्रखंडवार भर्ती शिविर

**मोतिहारी(एन एस बी )।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। सिक्योरिटी एण्ड इंटेलिजेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसआईएस लिमिटेड) द्वारा जिला नियोजन कार्यालय के सहयोग से जिले के सभी प्रखंड परिसरों में सुरक्षा कर्मियों की बहाली के लिए विशेष भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा।कंपनी के इंस्पेक्टर राहुल कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस लिमिटेड एशिया की प्रमुख बहुराष्ट्रीय सुरक्षा कंपनियों में शामिल है तथा देश की अग्रणी रोजगार प्रदाता कंपनियों में इसकी गणना होती है। वर्तमान में कंपनी में चार लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी कार्यरत हैं। प्रखंडवार भर्ती कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भर्ती शिविर निम्न तिथियों पर आयोजित होंगे06 अप्रैलरू मोतिहारी,07 अप्रैलरू सुगौली,08 अप्रैलरू रक्सौल, 09 अप्रैलरू तुरकौलिया,10 अप्रैलरू ढाका,11 अप्रैलरू केसरिया,13 अप्रैलरू चकिया,15 अप्रैलरू हरसिद्धि,16 अप्रैलरू रामगढ़वा,17 अप्रैलरू अरेराज,18 अप्रैलरू कल्याणपुर,20 अप्रैलरू नरकटिया,21 अप्रैलरू केसरिया,22 अप्रैलरू चिरैया,24 अप्रैलरू मधुबन योग्यता एवं चयन प्रक्रिया भर्ती में सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर, सीआईटी एवं सुरक्षा अधिकारी के पद शामिल हैं। अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष रखी गई है। साथ ही न्यूनतम उंचाई 162 सेंटीमीटर तथा वजन 50 से 90 किलोग्राम होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को पंजीकरण उपरांत कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें रहने एवं भोजन की व्यवस्था कंपनी द्वारा की जाएगी।वेतन एवं सुविधाएं प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा। वेतनमान इस प्रकार निर्धारित हैसुरक्षा जवानरू ҕ13,000 से ҕ28,000 सुपरवाइजररू ҕ21,000 से ҕ30,000 सुरक्षा अधिकारीरू ҕ27,000 से ҕ34,000 इसके अतिरिक्तपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बीमा, पारिवारिक पेंशन, पदोन्नति एवं वेतन वृद्धि जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। छह माह की सेवा पूर्ण करने पर अभ्यर्थियों को ҕ15,000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### सीएम आवास पर विशेष मुलाकात नीतीश कुमार को गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंट

**रक्सौल(एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीएम आवास पर हुई एक विशेष मुलाकात के दौरान युवा जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सन्नी पटेल ने भगवान गौतम बुद्ध की आकर्षक प्रतिमा (मोमेंटो) भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का माहौल गरिमामय और सौहार्दपूर्ण रहा। यह भेंट मुख्यमंत्री के उन मूल्यों और विचारों से जुड़ी मानी जा रही है, जिनमें शांति, करुणा, अहिंसा और सामाजिक समरसता प्रमुख हैं। नीतीश कुमार लंबे समय से न्याय के साथ विकास की नीति पर काम करते रहे हैं, जो गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से काफी हद तक मेल खाती है। इस खास मुलाकात में राजेश केशरीवाल, जदयू नेता गुंजन पटेल सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व और उनके विकासोन्मुखी ष्टिकोण की सराहना की। मौजूद लोगों ने इस पहल को केवल सम्मान तक सीमित नहीं माना, बल्कि इसे मुख्यमंत्री के विचारों के प्रति आस्था और समर्थन का प्रतीक बताया। साथ ही, संगठन के कार्यकर्ताओं ने राज्य में सामाजिक सद्भाव और विकास की दिशा में मुख्यमंत्री के प्रयासों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया। इस प्रकार, यह मुलाकात न केवल एक औपचारिक भेंट रही, बल्कि विचारों और मूल्यों के आदान-प्रदान का भी एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुक्त के जनता दरबार में आठ मामलों पर हुई सुनवाई

**सहरसा (एनएसबी)।** प्रमंडलीय आयुक्त के निदेशानुसार सोमवार को प्रमंडलीय सभागार में आयोजित आम जनता से संवाद कार्यक्रम के अवसर पर सहरसा से संबंधित कुल चार, मधेपुरा से संबंधित एक एवं सुपौल तीन अर्थात समेकित रूप से कुल आठ मामलों की सुनवाई की गई। उक्त अवसर पर मीना देवी बिहरा निवासी ने अवैध रूप से जमीन विक्रय, अशोक राम सलखुआ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुबारकपुर को मध्य विद्यालय मुबारकपुर में संचालित करने, रंजन देवी ने घर के चोरी होने के संबंध में अवगत कराया, प्राप्त मामलों के समयबद्ध निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। आम जनता से संवाद कार्यक्रम के अवसर पर आयुक्त के सचिव दिनेश लाल दास उपस्थित थे।



### जिलाधिकारी ने मॉडल सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**सहरसा (एनएसबी)।** सोमवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा मॉडल सदर अस्पताल औचक निरीक्षण क्रम में चिकित्सीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उक्त अवसर पर उन्होंने आगंतुक मरीजों से वातालाप क्रम में अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई चिकित्सीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली, एवं निर्देश दिया कि प्रत्येक आगंतुक मरीज को आवश्यकतानुसार चिकित्सीय सुविधा सहित अन्य सुविधा की सम्यक उपलब्धता हेतु ठोस प्रयास किया जाए। दवा भंडार निरीक्षण क्रम में दवाओं की वर्तमान उपलब्धता की जांच की गई एवं निर्देश दिया गया कि आगंतुक मरीजों को चिकित्सक के सलाहनुसार निर्धारित मात्रा में दवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण क्रम में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्धता की भी जांच की गई एवं के गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु प्रयास जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता निशांत, वरीय उप समाहर्ता राजू कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### प्रयागराज दुर्घटना में मृतक के परिजनों को डीएम ने चेक के माध्यम से राशि प्रदान



**सहरसा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा जनपद प्रयागराज, तहसील सोराव के ग्राम:चंदापुर में आदर्श कोल्ड स्टोरेज के दीवाल गिरने के परिणामस्वरूप दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों यथा:ज्योतिष कुमार, सनोज चैधरी उर्फ विलट चैधरी, मसिंदर सादा तीनों सलखुआ से संबंधित आश्रित रीता देवी मृतक की पत्नी मुन्नी देवी, फूलों देवी को मुख्यमंत्री राहत कोष अंतर्गत अनुमोदित अनुग्रह अनुदान की भुगतेय राशि चेक प्रत्येक आश्रित परिवार को दो-दो लाख का चेक के माध्यम से प्रदान की गई। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मृतक के आश्रित परिवारों से संवेदना व्यक्त की गई एवं नियमानुसार सहायता के प्रति वचनबद्धता व्यक्त की गई है। अंचलाधिकारी सलखुआ को आश्रित परिवारों को तात्कालिक सहायता के रूप में पर्चा देने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन संजीव कुमार चैधरी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर आलोक रॉय सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### परशुराम जयंती समारोह की सफल आयोजन को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजन को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा कि एक विचार गोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया।इस बैठक में महासभा के प्रदेश सचिव सह जिला सहप्रभारी अंशु झा के संयोजन, महासभा के संरक्षक मंडल सदस्य गजमोहन झा के अध्यक्षता, एवं जिला सहप्रभारी अंशु मिश्रा के संचालन में आयोजित कि गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के बैनर तले शहर एवं ग्रामीण स्तर पर जनकल्याण कि भावना से भगवान परशुराम हवन यज्ञ सह पुष्पांजलि, मिठा शीतल पेय वितरण, महिषी में पुष्पांजलि, हवन-यज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्री परशुराम के प्रतीक चिन्ह परशु का प्रतीक के स्थापना पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त किया गया साथ ही कार्यक्रम के सफलता हेतु शनिवार 11 अप्रेल को महासभा के सभी संरक्षक मंडल सदस्य, जिला प्रभारी, जिला सह प्रभारी, एवं ग्रामीण इकाईयों के प्रभारी के साथ बैठक कि जाएगी।बैठक में पंकज ठाकुर, सुरज कुमार झा, पिक्कु मिश्रा, नितेश चैधरी, शिवम कुमार, पप्पू झा, संजीव कुमार झा,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### आरएम कॉलेज में बीएससी सेमेस्टर तीन के प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन का शुभारंभ।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय के भौतिकी विभाग में बीएन. मंडल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएससी सेमेस्टर तीन के प्रायोगिक परीक्षा आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ गुलरेज रौशन रहमान एवं आइ क्यू एसी समन्वयक डा ललित नारायण मिश्र के समक्ष पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मनीष कुमार निषाद द्वारा प्रस्तुत ह्लस्मार्ट होम ऑटोमेशन यूजींग इंटरनेट आफ थींग्सह्न विषय पर अपने परीक्षण प्रस्तुत किया। प्राचार्य डा. गुलरेज ने कहा कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित स्मार्ट होम ऑटोमेशन, स्मार्टफोन या वॉयस कमांड हेतु एक महत्वपूर्ण आधुनिक तकनीक है। डा. ललित नारायण मिश्र ने कहा कि आईओटी सिस्टम में स्मोक सेंसर, फायर सेंसर और गैस लीक डिटेक्टर शामिल होते हैं जो आग या गैस रिसाव की स्थिति में सीधे उपयोगकर्ता को सचेत करते हैं। विभागाध्यक्ष डा.उर्मिला अरोड़ा ने कहा कि आईओटी तकनीक का उपयोग ईएसपी 8266, रैसपबेरी पीआई, अरड्यूनो जैसे ओपन-सोर्स हार्डवेयर और सेंसर पर आधारित है। यह तकनीक ऊर्जा बचाने में मदद करती है। इस अवसर पर परीक्षा सहायक सुशील कुमार, डा अब्दुल सत्तार, डा सोनी कुमारी ने भी अपनी समीक्षात्मक विचार प्रस्तुत किये। संगोष्ठी में श्रवण कुमार, रजनीश कुमार, मुन्ना कुमार, परशुराम कुमार, सुमन कुमार और ब्रजेश कुमार आदि भी उपस्थित रहे।



### डीएम के जनता से संवाद कार्यक्रम में 36 आवेदनों हुआ निष्पादन

**सहरसा नगर: (एनएसबी)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम के दौरान कुल छत्तीश आवेदनों के संदर्भ में सुनवाई की गई। संबंधित कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों के सम्यक निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अंतर्गत जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आम नागरिक से संवाद कार्यक्रम के दौरान समेकित रूप से कुल छत्तीस आवेदनों के संदर्भ में सुनवाई की गई एवं संबंधित कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों के सम्यक निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। जिलांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से आगंतुक आम नागरिक के समस्या समाधान हेतु आज आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम क्रम में भूमि विवाद, नापी, पेंशन, आपसी विवाद सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है, जिसके समयबद्ध निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता निशांत, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सहरसा जिला कार्यालय, पटूआहा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष साजन शर्मा द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा एवं संचालन जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह ने किया। इस दौरान कार्यकत्र्ताओं में उत्साह और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण के पश्चात बंदेमातरम के गायन से बैठक की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुढनी विधानसभा के विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में पार्टी के गौरवशाली इतिहास, सिद्धांतों और राष्ट्र निर्माण में भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा जनसेवा, सुशासन और विकास को प्राथमिकता दी है तथा कार्यकत्र्ताओं की मेहनत और निष्ठा ही पार्टी की असली ताकत है। जिला अध्यक्ष साजन शर्मा ने सभी कार्यकत्र्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री सह कोशी के क्षेत्रीय प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हमें पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, जिला पदाधिकारी मंच मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मंडल अध्यक्ष एवं कई नये पुराने कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सम्मेलन मे सहरसा मेयर बैन प्रिया पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव डॉ राम नरेश सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद चैधरी माधव जी जिला प्रभारी सुनील कुमार संजीव भगत रितेश रंजन अमीर राम एवं समाज सेवी वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष मोहन ने संबोधित किया धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनमोल भगत भैरवानंद झा जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव मिहीर झा रिंकी देवी सिद्धार्थ सिंह सिदधु मुकेश मानस बिपीन कुशवाहा अभिलाष कुमार महावीर यादव जिला मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा कुमार अमर ज्योति विजय बसंत सुबोध साह नरेश पासवान अखिलेश कुमार बर्मा संजीव कुमार सुगामनी देवी विधया सिंह राठौर मीना सिंह संजना कुमारी ज्योति कुमारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष व अन्य।

## अब तो गुरु भाई एवं बहना को देखकर लोग स्वयं भी भगवान शिव की शिष्यता ग्रहण करने लगे हैं: भाई परमेश्वर

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** भगवान शिव और उनकी शिष्यता पर सोमवार को महिषी स्थित उग्रतारा स्थान बिबाह भवन में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित शिव के शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि भगवान शिव और उनकी शिष्यता इस कालखंड के मानव जीवन पर अनुकूल स्थिति पैदा किया। बैठक को सम्बोधित करते उन्होंने कहा कि साहब श्री एवं भगवान शिव की शिष्यता प्रारंभिक काल से ही अपने शिष्य एवं शिष्याओं के जीवन को पहले से बेहतर किया जिसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारत बर्ष में ऐसा कोई गांव,टोला,मुहल्ला नही जहां लोगों ने भगवान शिव को गुरु नही माना हो और सबों के जीवन में अच्छे परिणाम नही मिला हो। उन्होंने कहा कि अब तो गुरु भाई एवं बहना को देखकर लोग स्वयं भी भगवान शिव की शिष्यता ग्रहण करने लगे हैं क्योंकि शिव के दया से प्राप्त अनुभुति को लोगों ने देखने लगा। उन्होंने गुरु भाई एवं बहना से आह्वान करते कहा कि जबसे साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने भगवान शिव की शिष्यता की बात करने लगे तब से समाज में भी सुन्दर व्यवस्था कायम हुआ और आज लोग शिव शिष्यता को कुव्यवस्था के विरुद्ध उदाहरण के तौर पर इस्तेमाल करने लगे है। उन्होंने दैनिक,साप्ताहिक, मासिक संगोष्ठी पर बल देते कहा कि इससे समाज खुशहाल होगा और देश भर में शांति की पराग पुष्पित होगा। मौके पर उपस्थित डोमी राम, सत्यनारायण चैधरी, ओमी राम, पंडित अरविन्द झा, विनय राय, शशी यादव, डा रामविलास साह, सियाराम चैधरी, अशोक सिंह, रमेश मुखिया, अभेली राम, गुलशन राय, सत्यप्रकाश राय, जीवन राउत, अशोक राय, बुलुर मुखिया, गायक चंदन मुखिया आदि ने कहा कि भगवान शिव की शिष्यता विस्तार हेतु साहब श्री द्वारा निर्देशित कार्य को गति देना ही अच्छे समाज की परिकल्पना हो सकता है।



शिव व उनकी शिष्यता में उपस्थित गुरु भाई।

## रेल नीर की जगह लोकल ब्रांड के पानी की बिक्री पर जनसेवा एक्सप्रेस में कार्रवाई, 528 बोतल पानी जप्त, यात्रियों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पूर्णिया कोर्ट से सहरसा के रास्ते अमृतसर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस में रेल अधिकारियों ने औचक छापामारी की। इस दौरान एक कोच से रेल नीर की जगह दूसरे ब्रांड की 528 पानी की बोतल जप्त किया गया ।पूछे जाने पर यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में पीने के पानी की बोतल की बिक्री की जा रही थी। इसके बाद रेल अधिकारियों ने साइड वेंडिंग संचालक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए रिपोर्ट समस्तीपुर रेल मंडल को भेज दी। इससे पूर्व रेल अधिकारियों ने सहरसा नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस को भी जांच की थी लेकिन वैशाली एक्सप्रेस में रेल नीर की बोतल पाया गया। रेल अधिकारियों के अनुसार सोमवार को सहरसा जंक्शन पर डीसीआई संजय कुमार के नेतृत्व में जांच टीम ने कई ट्रेनों में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान 14617 पूर्णिया कोर्ट अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस सहरसा जंक्शन पहुंची थी। जनसेवा एक्सप्रेस में जांच के दौरान कुल 44 पैकेट में कुल 528 बोतल को अनाधिकृत रूप से कोच संख्या 256085/सी से यात्रियों के शीट के नीचे से जप्त किया गया। बताया गया कि जनसेवा एक्सप्रेस में रेल नीर की जगह दूसरे कई अन्य ब्रांड की पानी अवैध तरीके से महंगे दामों में बेची जा रहा थी जिसकी शिकायत यात्रियों ने की थी। ट्रेन निरीक्षण के बाद जांच टीम ने जनसेवा एक्सप्रेस के साइड वेंडिंग संचालक एम एस सनराइज के विरूद्ध कार्रवाई के लिए समस्तीपुर रेल मंडल को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। ज्ञात हो कि सहरसा जंक्शन पर रेल अधिकारियों एवं प्रशासन की मिलीभगत से वर्षो से लोकल ब्रांड पानी की बिक्री की जा रही है। इस संबंध में कई बार रेल नीर प्लांट को सुचित किये जाने के बाबजूद रेलनीर उपलब्ध नही कराया गया।



## ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर $2 में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह, मैट्रिक-इंटर में 100 प्रतिषत बच्चों को मिली सफलता

**सहरसा नगर: (एनएसबी)।** जिले के सौर बाजार नगर पंचायत स्थित ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर $2 प्रांगण में रविवार को भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ नरेंद्र कुमार निराला, नगर पंचायत उपमुख्यपार्षद दुगार्कांत उर्फ मोल झा, पूर्व उपप्रमुख शिवशंकर साह, ओमप्रकाश मुन्ना, पूर्व पंचायत समिति सदस्य डॉ. कपिलदेव यादव, प्रोफेसर जयकुमार यादव सहित गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस बार संस्थान के मैट्रिक के 125 और इंटरमीडिएट के 85 छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और पारितोषिक भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्थान निदेशक मिथिलेश सर की अध्यक्षता में शिक्षक मुकेश कुमार झा के संचालन में चले समारोह में अतिथियों ने संस्थान व शिक्षकों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों का मनोबल बढ़ाते हैं और पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करते हैं। प्राचार्या आरती यादव ने बताया कि अधिकांश छात्रों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए। अर्पित कुमार, नीरज कुमार, रितेश कुमार रंजन, नुतन कुमारी, आशा कुमारी, मौसम कुमारी, शिवानी कुमारी, रुपेश कुमार, अंकित अभिनव, लव कुमार, राहुल कुमार, सोनम कुमारी, स्वाति कुमारी, चांदनी कुमारी, करिश्मा, दीपा, मिनाक्षी, स्नेहा, रंजू, लक्ष्मी कुमारी समेत अन्य छात्रों ने बताया कि कुशल शिक्षकों की टीम नियमित कक्षाओं के साथ जांच परीक्षाएं आयोजित करती है, जो अंकों में वृद्धि के लिए कारगर साबित होती हैं। कार्यक्रम में बीईओ नरेंद्र कुमार निराला, उपमुख्यपार्षद मोल झा, पूर्व उपप्रमुख शिवशंकर साह, ओमप्रकाश मुन्ना, डॉ. कपिलदेव यादव, जयकुमार यादव व शिक्षक सुदीन कुमार सुमन, संतोष कुमार, प्रवेश कुमार, धीरज कुमार, संजीव कुमार, रिंकेश कुमार, सत्यपाल कुमार सहित सैकड़ों गणमान्यजन उपस्थित थे।



## कालिदास के जीवन से सीखने की जरूरत: प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा में सोमवार को संस्कृत विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कालिदास का व्यक्तित्व एवं कृतित्वह्न विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदित्य कुमार चैधरी के द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई. उसके बाद सत्या कुमारी, मिषा कुमारी और जयंती कुमारी के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। वाद्ययंत्र के साथ मिथिलेश कुमार और शंकर कुमार संगत कर रहे थे। डॉ.प्रदीप तिवारी ने कालिदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। एमएलटी कॉलेज के संस्कृत विभाग मुख्य अतिथि डॉ.दीप्ती कुमारी ने कालिदास को प्रकृति और प्रेम का कवि माना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.अनंत कुमार सिंह ने कहा कि कालिदास वर्तमान समय में भी जीवंत हैं। डॉ.संजीव शंकर सिंह ने कालिदास के साहित्य को ज्ञान का स्त्रोत माना। डॉ धर्मव्रत चैधरी, डॉ कुमारी सीमा, डॉ ज्योति, डॉ कपिल देव पासवान, डॉ रंजय कुमार सिंह, डॉ सुभाष कुमार, डॉ आर्य सिंधु, डॉ.खुशबू कुमारी, डॉ.कौशल्या, डॉ.मीरा, डॉ.शालिनी, डॉ.रबाब फातिमा, डॉ.साबिया शमीम, डॉ.अजय कुमार ओझा, डॉ.अभयनाथ पाठक,डॉ. राजीव ने भी कालिदास के बारे में अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर सत्या कुमारी, रितु कुमारी, अंजनी कुमारी, जयंती कुमारी, आदित्य कुमार चैधरी, चमन कुमार, बंधन कुमारी, प्रीति कुमारी, आयुष मिश्रा, राजा कुमार, काजल कुमारी, मधुरानी कुमारी,पूजा कुमारी, अमर कुमार,सुमन कुमार, निक्की कुमारी, रूपम कुमारी, अनु कुमारी, रितु कुमारी, शिवसुंदर कुमार झा ने शोध आलेख प्रस्तुत किया। मंच संचालन डॉ.प्रदीप तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.मनोज विद्यासागर ने किया। कार्यक्रम में डॉ.हेमंत कुमार,डॉ.रामनरेश पासवान, डॉ.गायत्री कुमारी, डॉ.प्रेमलता, डॉ.रचिता,डॉ.गौरी, डॉ.सुमन स्वराज, डॉ मीरा कुमारी, डॉ.कंचन, डॉ.चांदनी कुमारी, डॉ.सत्यबाला, डॉ.रीना कुमारी, डॉ.ममता कुमारी, डॉ.सुलेखा कुमारी,डॉ.चंदन कुमार, डॉ.अनंत कुमार शर्मा, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।





प्रज्ज्वलन करते अतिथि, 8ए सेमिनार में छात्रा।

# आरजेएम कालेज के छात्रा शैक्षणिक और पेशेवर विकास हेतु इंटर्नशिप के लिए हुए रवाना

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्नातकोत्तर गृहविज्ञान विभाग रमेश झा महिला महाविद्यालय की सत्र 2024-2026 की चतुर्थ सेमेस्टर की सभी छात्राओं के शैक्षणिक और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष इंटर्नशिप लिए भेजा गया। इस पहल के तहत, छात्रों के विभिन्न समूहों को उनके संबंधित क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव हैंडस आन ट्रेनिंग प्राप्त करने के लिए प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों में भेजा गया है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और आहार प्रबंधन में छात्रों को आयुष अर्णव नर्सिंग होम प्राइवेट लिमिटेड, नया बाजार, सहरसा में इंटर्नशिप के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। यह इंटर्नशिप मुख्य रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों पर केंद्रित है।मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य: गर्भावस्था और प्रसव के बाद की स्वास्थ्य देखभाल की बारीकियों को समझना। आहार प्रबंधन मरीजों, विशेषकर बच्चों और माताओं के लिए वैज्ञानिक पद्धति से संतुलित आहार योजना तैयार करना। इस अवसर पर इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऊषा सिंह ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दूसरी ओर, छात्रों के एक अन्य समूह को सुधा डेयरी बरौनी भेजा गया है। यहाँ छात्र ह्लइन-हैंड ट्रेनिंगह्न के माध्यम से डेयरी उद्योग की कार्यप्रणाली को करीब से देखेंगे। इस प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र है। दुग्ध प्रसंस्करण दूध के संग्रहण से लेकर पाश्चुरीकरण की आधुनिक तकनीकें। दूध से बने विभिन्न उत्पादों जैसे घी, पनीर, दही और फ्लेवर्ड मिल्क के निर्माण, पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया।कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ वरुण कुमार ने बताया कि ये इंटर्नशिप छात्राओं के सिलेब्स का एक हिस्सा है और हमलोग इसे पूरी तरह सफल बनाने की कोशिश करते है ताकि छात्राएं वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करना है। बरौनी डेयरी में छात्र अत्याधुनिक मशीनों और प्रोसेसिंग यूनिट्स के बीच रहकर ह्लफूड प्रोसेसिंगह्न के वैश्विक मानकों को समझेंगे, जो उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आगे उन्होंने आयुष नर्सिंग होम एवं सुधा डेयरी के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने छात्राओं को इंटर्नशिप करने का मौका दिया। मौके पर डॉ नीलू कुमारी, डॉ सुनीता और डॉ मिंकी सिंह ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की तथा छात्राओं को सुझाव दिए कि वे इसे ध्यानपूर्वक सीखे। कार्यक्रम में निम्नलिखित छात्राओं की सहभागिता रही जो इस प्रकार हैं खुशबू, रूपा, रुचि, खुशबू, संध्या, पूजा, मधु, पूजा, वर्षा, प्रतिभा, नेहा, सनाफिरदौस, सूर्य, संजू, खुशबू, सोनी, रीना, पूजा, विभा, रूपम, सुष्मिता, खुशबू, अन्नू, नेहा, प्रीति, मधु, कविता, उजल, किरण, खुशबू, शिल्पी, अमीषा, जिरन, सोनी, अस्मिता, रूपम, रितु इत्यादि शामिल हुए।



इंटर्नशिप के लिए छात्राओं को रवाना करते।

### पुरानी विवाद को लेकर अचानक मारपीट, एक आदमी जख्मी

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के ईटहरी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 16 में सोमवार की सुबह पुरानी विवाद को लेकर अचानक मारपीट की घटना हो गई। इस घटना में अंगद यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पूर्व से चल रहे आपसी विवाद के कारण कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। घायल अंगद यादव ने रतिलाल यादव, सुमन कुमार एवं सुनीता देवी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं 112 की पुलिस टीम की मदद से घायल को तुरंत बनमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में चिकित्सक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि घायल का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना को लेकर क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले में एलपीजी गैस की नहीं है कोई कमी, होम डिलेवरी के माध्यम से की जा रही है गैस की आपूर्ति : जिला प्रशासन

**सुपौल (एनएसबी)** । एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने एवं कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष सहित सभी संबंधित अधिकारी और कर्मी निरंतर



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पदाधिकारी

उठाव वितरण की निगरानी कर रहे हैं । प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के प्रतिवेदनानुसार जिले के 51 गैस एजेंसियों में 46 गैस एजेंसियों पर गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 05 पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। तेल कम्पनियों द्वारा अस्पताल एवं सरकारी संस्थानों को जिनके पास वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। जिला प्रशासन गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है। अभी जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 13808 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है। कल दिनांक 05.04.2026 को लगभग 3037 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। अभी तक 23798 उपभोक्ता को बुकिंग की गैस आपूर्ति की जानी है। अभी तक कुल 51 एजेन्सी में 22 की जाँच की गई है। 19 अन्य होटलों / प्रतिष्ठानों पर जाँच एवं छापेमारी की गई है। समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु गैस सिलेंडरों के उठाव वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। आज दिनांक 06.04.2026 को जिला नियंत्रण कक्ष में 08 शिकायतें / जानकारी प्राप्त करने हेतु कॉल प्राप्त हुआ है। सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है। अभी तक घरेलु गैस के वाणिज्यिक प्रयोग / कालाबाजारी के आरोप में जिला अन्तर्गत तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। वर्तमान स्टॉक और बॉटलिंग प्लांट से मिल रही आपूर्ति के आधार पर जिले में लगभग पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। तत्काल आपूर्ति संकट की संभावना नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। और अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों के उपलब्धता की स्थिति सामान्य है, घबराकर अधिक सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन सभी ग्राहकों से अनुरोध करता है कि वे गैस एजेंसियों के गोदामों पर भीड़ न लगायें। सभी एजेंसियों के द्वारा होम डिलिवरी के माध्यम से ससमय गैस की आपूर्ति की जायेगी।

### तेज रफ्तार बाइक हुआ दुर्घटनाग्रस्त, सवार की स्थिति नाजुक



**राघोपुर (सुपौल)** । थाना क्षेत्र के सिमराही में रविवार देर रात्रि को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक के कारण दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा एनएच-106 ओवरब्रिज के बाइपास मार्ग पर डाक-बंगला के समीप हुआ, जहां अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से दोनों युवक सड़क से नीचे गिर गया । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक काफी तेज गति में थी और चालक उस पर नियंत्रण नहीं रख सका। देखते ही देखते बाइक फिसल गई और दोनों सवार जोरदार तरीके से सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों किशोरों को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए बिना देर किए दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल राघोपुर पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया । घायलों की पहचान सिमराही नगर पंचायत वार्ड संख्या 5 निवासी शमशेर के 14 वर्षीय पुत्र मोहम्मद तोखिर और मोहम्मद करीमुद्दीन के 15 वर्षीय पुत्र मोहम्मद चांद के रूप में हुई है। दोनों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, परिजनों में भी बेचैनी का माहौल है। मामले में राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि घटना की सूचना मिली है मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सिमराही नगर में भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मना, प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भी हुई चर्चा

**राघोपुर (सुपौल)** । प्रखण्ड के सिमराही में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सिमराही नगर स्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सचिन माधोगरिया के आवासीय परिसर स्थित कार्यालय में नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता जी के नेतृत्व में पार्टी का झंडा फहराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक झंडा फहराकर स्थापना दिवस को हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया। मौके पर नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में



कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता

स्थापित हो चुकी है, जिसका श्रेय कार्यकताओं की निष्ठा, समर्पण और संगठन के प्रति उनके अटूट विश्वास को जाता है। वहीं जिला मंत्री स्मृति कुमारी ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं बल्कि संगठन के प्रति अपने दायित्वों को पुनः स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। नगर महामंत्री प्रशांत वर्मा ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और एकजुटता ही पार्टी की असली ताकत है और इसी ताकत के बल पर पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। कार्यक्रम के उपरांत आगामी 12 अप्रैल को सिमराही नगर में आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों का वितरण तथा अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।

# कोशी कमिश्नरी का पहला स्वचालित वाहन परीक्षण केंद्र सुपौल में प्रारंभ

## बिहार में अबतक सिर्फ सात एटीएस, कोशी कमिश्नरी के अलावा आसपास के जिले से भी सुपौल पहुंच रही है गाड़ियां

संतोष चौहान -

**सुपौल** । वाहनों के फिटनेस जांच के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित आधुनिक फिटनेस वाहन जांच केन्द्र स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) की शुरूआत बीते 25 मार्च को सुपौल जिले के हटवरिया में की गई है। सुपौल जिला मुख्यालय से महज 04 किलोमीटर की दुरी पर सुपौल - सिंहेश्वर पथ पर अवस्थित यह एटीएस कोशी कमिश्नरी का पहला एवं बिहार राज्य का सातवां एटीएस है। जिसकी अनुमानित लागत 6 करोड़ के आसपास है। यह केंद्र सुपौल, सहरसा, मधेपुरा सहित आसपास के मधुबनी, अररिया और पूर्णिया जिलों के लिए पहला आधुनिक वाहन फिटनेस जांच केंद्र बन गया है। राज्य सरकार के निर्देश और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मानकों के अनुरूप स्थापित यह केंद्र वाहनों की जांच प्रक्रिया को पारदर्शी, वैज्ञानिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस एटीएस का संचालन जय शिव कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। यहां आधुनिक मशीनों के माध्यम से वाहनों की फिटनेस जांच की जा रही है, जिससे मानवीय त्रुटियों और अनावश्यक विलंब में कमी आएगी।




स्वचालित वाहन परीक्षण केन्द्र

शुरूआती दौड़ में जागरूकता एवं जानकारी के आभाव के चलते प्रतिदिन 4 से 5 वाहनों का फिटनेस जांच हो पा रही है । जय शिव कांस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर सुजीत कुमार ने बताया कि यह कोशी कमिश्नरी का पहला एटीएस होने के कारण अन्य असापास के जिलों की कॉमर्शियल वाहन भी फिटनेस के लिए यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन जागरूकता एवं जानकारी के आभाव के कारण अभी शुरूआती दौर में प्रतिदिन 4 से 5 वाहन ही फिटनेस जांच के लिए आती है। जबकि पुछताछ के लिए एटीएस का सम्पर्क नंञ्च - 9534244012, 8677044012 जारी किया जा चुका है।

**क्या है एटीएस :** स्वचालित परीक्षण स्टेशन एक आधुनिक व्यवस्था है, जहां वाहनों की फिटनेस जांच पूरी तरह मशीन आधारित और मानकीकृत प्रणाली से होती है। इसमें ब्रेक सिस्टम, हेडलाइट एलाइन्मेंट, सस्पेंशन, व्हील एलाइनमेंट, साइड स्लिप, स्पीडोमीटर और प्रदूषण स्तर सहित विभिन्न तकनीकी मानकों की जांच की जाती है। इससे फिटनेस प्रमाण-पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और विश्वसनीय होती है।

### व्यावसायिक वाहनों के मालिकों को होगा फायदा, दुर्घटनाओं में भी आएगी कमी

एटीएस शुरू होने से फिटनेस टेस्ट कराने वाले व्यावसायिक वाहनों के मालिकों को कई लाभ मिलेंगे। जांच प्रक्रिया तेज और व्यवस्थित होने से समय की बचत होगी। मशीन आधारित जांच से पारदर्शिता बढ़ेगी और सड़क पर चलने वाले दोषपूर्ण वाहनों की पहचान आसान होगी। गाड़ियों के फीट करने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही बस, ट्रक, टैक्सी और मालवाहक वाहनों के व्यवसायिक संचालन में बाधाएं कम होंगी और नियमों का पालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। नियमित जांच से वाहनों की तकनीकी स्थिति भी बेहतर बनी रहेगी।

बिहार का 07वां एटीएस कोशी कमिश्नरी के सुपौल जिले में खुली है । राज्य सरकार द्वारा यह हर जिले में प्रस्तावित है। लेकिन वर्तमान समय में सुपौल के अलावा पटना, भागलपुर, वैशाली, नालंदा, रोहतास एवं दरभंगा में एटीएस खुलने की सूचना है। कोशी क्षेत्र में यह सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को वाहन का फिटनेस जांच कराने के लिए दरभंगा या भागलपुर जाना पड़ता था। लेकिन सुपौल में खुलने के बाद जिला सहित आसपास के जिलों के कॉमर्शियल वाहन संचालकों को अब इसका लाभ मिलेगा।

**प्रशासन की अपील :** जिला परिवहन पदाधिकारी, डॉञ्च संजीव कुमार सज्जन ने कहा कि वाहनों का फिटनेस जांच अनिवार्य है । वाहन स्वामियों से समय पर फिटनेस जांच कराने और प्रमाण-पत्र की वैधता बनाए रखने की अपील की गई । कहा बिना वैध फिटनेस के वाहन चलाना कानूनन अपराध है कहा विभाग द्वारा एटीएस की नियमित निगरानी भी की जाएगी, ताकि जांच प्रक्रिया केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के अनुरूप संचालित हो सके। यह पहल न केवल प्रशासनिक कार्यक्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और यातायात व्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगी ।

## पिपरा के आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति बद से बद्तर, कही सेविका तो कही सहायिका मिले नदारद



आंगनबाड़ी केन्द्र में बंद ताला, बाहर इंतजार करते बच्चे

**पिपरा (सुपौल)** । सरकार और आइसीडीएस द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों की संचालन के लिए समय निर्धारित है। बावजूद सोमवार को अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र से सेविका तो कही सहायिका नदारद रही । बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की सतत निगरानी नहीं होने से स्कूल पूर्व शिक्षा पर ग्रहण लगता दिख रहा है । ऐसे में नौनिहालों का भविष्य अधर में लटक गया है। सेविका सरकार और विभाग के निदेर्शो को ताक कर रखकर मनमर्जी को उतारु है । एक केंद्र विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते कचड़े की ढ़ेर पर संचालित हो रही है । प्रखंड के तुलापट्टी पंचायत वार्ड 3 स्थित सामुदायिक भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र 169 का हाल बेहाल है। सोमवार को सुबह 9 बजे मात्र चार बच्चों के साथ मौजूद सेविका व सहायिका का दर्द छलका, सेविका रंजू कुमारी ने बताई कि सामुदायिक भवन में गैवठा, कुट्टी, भूसा जलावन के बीच केंद्र चलाने को मजबूर हैं अभिभावक अपने बच्चों को गंदगी के बीच आने नहीं देना चाहते हैं। इस बात की लिखित शिकायत एलएस और सीडीपीओ से कई बार की गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। लोग सामुदायिक भवन को अतिक्रमण किये हुए हैं। सरकार और विभाग के निर्देश पर सोमवार से सभी केन्द्रों का संचालन के लिए समय निर्धारित किया गया है जिसे सेविका दरकिनार कर अपने हिसाब से केन्द्र चलाते नजर आ रहे हैं। विभागीय निदेर्शानुसार आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक कर दिया गया है। बावजूद इसके तुला पट्टी पंचायत के केन्द्र संख्या 25 सुबह 8:38 बजे पथरा दक्षिण पंचायत में संचालित केन्द्र संख्या 83 सुबह 7:38 बजे एवं केंद्र संख्या 191 सुबह 7: 48 बजे तक बंद पड़े थे। जबकि कटैया माहे पंचायत के केन्द्र संख्या 58 पर सुबह 8: 28 बजे सेविका 3 बच्चों के साथ मौजूद थी पर सहायिका समीदा खातुन नदारद थी, वहीं तुला पट्टी के केंद्र संख्या 216 पर सेविका रंजन भारती पर्याप्त बच्चों के साथ मौजूद थी लेकिन सहायिका किरण कुमारी बगेर छुट्टी के केंद्र पर नहीं थी। विभिन्न पोषक क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है ताकी नोनीहालो का भविष्य बन सके ।

## चुलाई शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, दो बाइक जब्त

**राघोपुर (सुपौल)** । सिमराही मध्य निषेध थाना ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 लीटर चुलाई शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल हो रही दो बाइक भी जब्त की है। सभी आरोपियों को शराबबंदी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतापगंज के टोकना मार्ग पर कुछ लोग बाइक के माध्यम से अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की, जहां एक बाइक पर सवार दो तस्करों को 4 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में पुलिस को एक और गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राघोपुर थाना क्षेत्र के गद्दी धरहारा मार्ग से एक व्यक्ति शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की, जहां एक अन्य बाइक सवार को 5 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान भवानीपुर दक्षिण निवासी राहुल कुमार, भवानीपुर उत्तर निवासी मोहम्मद मोहताज तथा गनपतगंज निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है।

## गनपतगंज में चोरी की कोशिश नाकाम, रंगे हाथ पकड़ाया चोर

**राघोपुर (सुपौल)** । थाना क्षेत्र के गनपतगंज में सोमवार की अहले सुबह एक गोदाम में चोरी की कोशिश को स्थानीय लोगों ने नाकाम कर दिया। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है, जब एक युवक को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार, गोदाम मालिक दीनदयाल अग्रवाल ने बताया

**पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल**

कि सीसीटीवी फुटेज में एक युवक गोदाम की दीवार फांदकर अंदर घुसता दिखाई दिया। इसके बाद वे अन्य लोगों के साथ गोदाम पहुंचे और गेट खोलकर तलाशी शुरू की। इसी दौरान आरोपी उन्हें देखकर पास के एक अन्य गोदाम में छिप गया, लेकिन खोजबीन के दौरान उसे छिपे हुए हालत में पकड़ लिया गया। हालांकि, उसके अन्य साथी मौके से फरार होने में सफल रहे। आरोपी के पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पकड़े गए युवक की पहचान कुंदन चौधरी के रूप में हुई है, जो पहले भी कई बार जेल जा चुका है। ग्रामीणों द्वारा पकड़ने के दौरान आरोपी के साथ हल्की मारपीट भी की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।



पुलिस के गिरफ्त में आरोपी ।

## ट्रक की ठोकर से 21 वर्षीय युवक की मौत, परिजनो में मचा कोहराम

**राघोपुर (सुपौल)** । करजाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-106 स्थित वायसी चौक के समीप रविवार देर शाम एक हृदयविदारक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे करजाइन वार्ड संख्या 8 निवासी उपेन्द्र पासवान के पुत्र श्याम कुमार (21 वर्ष) अपनी बाइक से वीरपुर से करजाइन की ओर लौट रहे थे। जैसे ही वे वायसी चौक के पास पहुंचे, उसी दौरान एक ट्रक की उनकी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्याम कुमार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके शरीर से काफी खून बह गया और वह मौके पर ही दम तोर दिए । हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को संभालने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही करजाइन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल श्याम कुमार को आनन-फानन में राघोपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया।




असप्ताल में जुटे लोगो की भीड़

अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. निलेश प्रधान ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के अनुसार युवक को गंभीर चोटें आई थीं और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौत हो गई । इस संबंध में करजाइन थाना प्रभारी ललन झा ने बताया कि ट्रक और बाइक की टक्कर में युवक की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार ट्रक चालक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। मृतक श्याम कुमार की असामयिक मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी पत्नी यशोदा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सबसे दर्दनाक बात यह है कि यशोदा देवी आठ माह की गर्भवती हैं और उनके घर में पहले से ही दो वर्षीय मासूम बेटी शिवानी कुमारी है, जो अब अपने पिता के साये से वंचित हो गई है। अस्पताल परिसर में जैसे ही श्याम कुमार का शव पहुंचा, परिवार के सभी सदस्य फूट-फूटकर रोने लगे। पिता और अन्य परिजनों का विलाप देख वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

### कोसी प्रमंडल आयुक्त द्वारा जिला स्थित विभिन्न शाखाओं का किया गया निरीक्षण

**सुपौल (एनएसबी)** । राकेश कुमार आयुक्त कोशी प्रमंडल सहरसा के द्वारा समाहरणालय सुपौल के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया । आयुक्त कोसी प्रमंडल सहरसा द्वारा स्थापना शाखा, अभीलेखागार, ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला परिषद सुपौल, विधि शाखा, आपूर्ति शाखा, तथा भू अर्जन शाखा का निरीक्षण किया गया जिस दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । वहीं कोसी प्रमंडल आयुक्त द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया गया जिस दौरान उन्होंने 55 परिवादियो की समस्याएं सुनकर उनके निदान हेतु सबंधित विभाग के पदाधिकारीयों को निर्देशित किया गया । बता दें कि कोसी प्रमंडल आयुक्त के इस जन संवाद कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर अपनी बातें रखी ।

# चौथम : जीविका दीदी आत्मनिर्भरता को लेकर दे रही अपनी कड़ी भागीदारी

**चौथम (एनएसबी)।** बिहार जीविका के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भरता बनाने को लेकर जहां तरह-तरह के योजनाएं ला रही है, जीविका से जुड़ी महिलाओं को जीविका के द्वारा लगातार तरह-तरह के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, कभी मशरूम की खेती तो कभी मछली पालन, सिलाई कढ़ाई से लेकर अन्यायन विषयों पर प्रशिक्षित किये जा रहे हैं। वही जीविका से जुड़े महिलाओं के द्वारा भी अपने आत्मनिर्भरता को लेकर अपनी कड़ी मेहनत, और हर क्षेत्र में अपनी कड़ी भागीदारी को लेकर तटस्थ दिखे जा रहे हैं। मालूम हो कि बिहार ग्रामीण जीवकोपार्जन प्रोत्साहन समिति स्वयं सहायता समूह का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को संगठन से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने हेतु कई तरह



सिलाई करती जीविका दीदीयां।

के कार्यक्रम लाये जाते हैं, तो वहीं बचत की आदत डालने, कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने, पशुपालन छोटे-छोटे उद्यमो के माध्यम से प्रेरित किया जा रहे हैं। ताकि महिलाओं में आजीविका के अवसर बढ़े और गरीबी दूर हो। इसी कड़ी में प्रखंड परिसर कैंटीन हाल में विगत एक माह से जीविकाओं के महिलाओं द्वारा सिलाई कढ़ाई के कार्य किया जा रहे हैं, तथा इस कार्य में महिलाएं काफी रुचि भी ले रही है और महिलाओं की आमदनी भी बढ़ रही है। खास करके इन जीविका के महिलाओं द्वारा बाल विकास परियोजना मैं पढ़ने वाले बच्चों का ड्रेस की सिलाई का कार्य किया जा रहा है। बताते चले कि क्षेत्र में कुल 175 के आसपास बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इन केंद्र के बच्चों का ड्रेस की सिलाई जीविका के दीदीयों द्वारा कराई जा रही है। जीविका के बीपीएम राजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि इन जीविका की महिलाओं द्वारा किए गए सिलाई पर 20 रूपये का बचत एक सूट पर मिलता है, तथा बच्चों का पैंट शर्ट मिलाकर कुल 40 का बचत होता है। यह सिलाई के पैसे सीएलएफ के संयुक्त खाता में आता है और फिर लेखा-जोखा के हिसाब से उन महिलाओं को भुगतान किया जाता है। जबकि बीपीएम के द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में कुल चार सीएलएफ है तथा प्रत्येक सीएलएफ में अलग-अलग नोडल बनाए गए हैं, और सभी पंचायत में नोडल के द्वारा इस तरह के कार्य किया जा रहे हैं। इस कार्य से महिलाओं में उत्साह भी देखे जा रहे हैं, जबकि बताया गया कि आगामी भविष्य में ड्रेस कोड वाले निजी विद्यालय एवं सरकारी विद्यालय के बच्चों के भी ड्रेस कोड की सिलाई की जा सकती है। इससे जहां बच्चों को कम लागत में उनके अपने विद्यालय का ड्रेस उपलब्ध कराए जा सकेंगे। वही जीविका जुड़े महिलाओं को भी स्वरोजगार की प्राप्ति होगी और महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन पाएगी।

## विशेष नामांकन शिविर में 2500 बच्चों का नामांकन

**बेलदौर (एनएसबी)।** विशेष नामांकन दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में में विशेष अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर बच्चों का दाखिला कराया गया। बताते चलें कि विशेष नामांकन दिवस चार तिथियां में किया जाएगा। वहीं सोमवार को पूरे बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के हर विद्यालयों में विशेष नामांकन शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार विभिन्न विद्यालय पहुंचकर नामांकन को लेकर छात्र अभिभावकों को जागरूक किए।



विद्यालय में शिक्षक व छात्र।

इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार ने बताया कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में पहुंच कर छात्र अभिभावकों को कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ड्रप आउट दर को कम करना और बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। इसके लिए नियमित पढ़ाई मडल स्कूल और विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। वहीं सोमवार को करीब ढ़ाई हजार बच्चों का विशेष नामांकन शिविर में हुआ। बताते चलें के मध्य विद्यालय तेलीहार में शिक्षकों के द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार एवं मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सह तेलीहार पंचायत के मुखिया अनिल सिंह को फूलों का माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान की गई। मौके पर आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर के प्रधानाध्यापक माधव कुमार, पंचायत समिति सदस्य रंजू देवी, प्रतिनिधि श्रवण चौधरी के अलावे छात्र अभिभावक मौजूद थे।

## खबरें : एक नजर में

### मोबाईल चोर कहकर युवक को किया पिटाई

**बेलदौर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के नारदपुर चौक पर मोबाइल चोर कहकर जमकर ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने टोल फ्री नंबर 112 के पदाधिकारी को दिया। जिसके बाद अपने साथ ले आए और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में इलाज करवा कर बेलदौर पुलिस को सौंप दिया। जब बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने पूछताछ किया तो पता चला कि उक्त युवक साहेबगंज जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत गद्दायदीर गोपालपुर मकई टोला निवासी दरोगी चौधरी के पुत्र राजेश चौधरी है। उक्त युवक महेशखूंट थाना क्षेत्र के भेलवा गांव निवासी सुखासन चौधरी के यहां आ रहे थे जो भटक कर नारदपुर आ गए थे। जबकि उक्त युवक का दिमागी हालत खराब है,जिसका इलाज चल रहा है। जिस मोबाइल चोर का कर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी।

### उत्कृष्ट छात्र और प्रबुद्धजन को किया गया सम्मानित

**पसराहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद एकेडमी में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्त किया गया, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले प्रबुद्धजनों को भी सम्मानित किया गया। एकेडमी के व्यवस्थापक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा एक अनूठे और प्रेरणादायक अंदाज में आयोजित इस समारोह की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। इस अवसर पर समाज के सफल व्यक्तित्वों ने उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं के साथ अपने जीवन के संघर्षो और अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को यह संदेश देना था कि सफलता का मार्ग निरंतर परिश्रम और त्याग से होकर गुजरता है। वक्ताओं ने प्रेरित करते हुए कहा कि यदि सूरज की तरह चमकना है, तो पहले सूरज की तरह तपना सीखना होगा। 90 वर्षीय पूर्व मुखिया सह पंचायत समिति अशर्फी साह ने अपने जीवन के लंबे संघर्ष की गाथा सुनाकर सभी को अभिभूत कर दिया। वहीं, वीणापाणि संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य हीरालाल पंडित ने बालिका शिक्षा के प्रति अपने 39 वर्षो के समर्पण और संगीत के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षित 130 छात्र आज सरकारी विद्यालयों में संगीत शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समारोह में जमालपुर गोगरी के नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार पंडित, उद्योग विभाग के अधिकारी मनोज कुमार और अन्य वक्ताओं ने शिक्षा को सफलता की एकमात्र कुंजी बताया। कार्यक्रम के दौरान पैक्स अध्यक्ष अध्यांनंद मेहता सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को अंग वस्त्र और पवित्र ग्रंथ गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं में दिलखुश, नीतीश, प्रिंस, खुशबू, आयुष, प्रिया और सविता सहित दर्जनों बच्चों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्त किया गया। प्राचार्य पुरणेंदु राज के सफल संचालन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक शिक्षाविद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वेटरन वर्ग में चैम्पियन बने खगड़िया के मनोज कुमार राय

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार के बांका खेल भवन में आयोजित चौथा मंदार फिडे रेपिड रेटिंग चेस प्रतियोगिता पांच अप्रैल को आयोजित किया गया था। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के कुल 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें खगड़िया के चार खिलाड़ी क्रमश मनोज कुमार राय, शुभम कुमार, प्रशांत कुमार सिंह और मोनु कुमार ने भी अपना-अपना दांव चला। मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर सह अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त सचिव नन्दकिशोर श्रीवास्तव ने खगड़िया के खिलाड़ियों का परिणाम घोषित करते हुए कहा कि वेटरन वर्ग में मनोज कुमार राय प्रथम स्थान प्राप्त किए। उन्हें एक शानदार ट्राफी और नगद एक हजार रुपए और शुभम कुमार को मेन प्राइज में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ, उन्हें एक शानदार ट्रफी, नगद सात हजार रुपए और प्रशांत कुमार सिंह को विलोव 1800 रेटिंग में दुसरा स्थान प्राप्त हुआ, उन्हें भी एक शानदार ट्राफी और आठ सौ रुपए नगद पुरस्कार बांका जिला शतरंज संध कि ओर से दियागया। उक्त बातों की जानकारी नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत ने दिया है। यशवंत ने बताया की बहुत जल्द अकादमी कि ओर से खगड़िया में 46 वां निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता होगा। ज्ञात हो कि नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी की ओर से 45 निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता और 15 निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पहले ही किया जा चुका है। अकादमी का उद्देश्य यह है कि जिले के खिलाड़ी जिला में प्रतियोगिता के माध्यम से अभ्यास करें और बाहर जाकर जिले का नाम रौशन करें। वही खिलाड़ियों को जे0 के0 जवाहर, मधुकान्त भारती, युगल किशोर, हर्षवर्धन राज, अमित कुमार, संतोष कुमार, अमरनाथ गुप्ता, अभय कुमार बिक्कि,विवेक भगत, केशव कुमार यशवंत, माधव कुमार यशवंत, मानव कुमार, गजेंद्र कुमार सहित जिले के खेल प्रेमी ने बधाई दिया है।

## विद्यालयों में बच्चों का कराया गया नामांकन

**चौथम (एनएसबी)।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सरकारी विद्यालयों में सोमवार को नामांकन दिवस के रूप में एक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के पोषक क्षेत्र बच्चों का नामांकन विद्यालयों में करवाया गया। खास करके आंगनबाड़ी केन्द्रो में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों का नामांकन प्रथम वर्ग में बच्चों के पोषक क्षेत्र विद्यालय में कराया गया। जबकि वर्ग पंचम में अपग्रेड मिडिल विद्यालय में नए बच्चों का नामांकन करवाया गया। वहीं प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का पंचम वर्ग में आने वाले बच्चों का नामांकन भी करवाया गया। इस अभियान को लेकर पूरे क्षेत्र में जहां विद्यालय एवं विद्यालय पोषक क्षेत्र में काफी चहल-पहल देखी गई, तो वही प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मी भी इस नामांकन अभियान का निरंतर क्षेत्र भ्रमणकर एवं मोबाइल के माध्यम से जानकारी ली गई। वही प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय का नया सत्र शुरू हो रहा है, इसलिए इस तरह के कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालय के पोषक क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का काम किया गया तथा ऐसे बच्चे भी जो शिक्षा से मरहूम एवं विद्यालय नहीं आते थे उन बच्चों का भी नामांकन कुछ विद्यालयों में कराए गए हैं। इस महा अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में कुल कितने नामांकन किए जा सके, इसके संबंध में प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की विभिन्न विद्यालयों से फार्मेट भेज जा रहे हैं सभी का कलेक्शन होने के बाद इसके आकड़े मिल सकते हैं। लेकिन शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में काफी बच्चों का नामांकन किये जा चुके हैं।

## उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय ठूठी मोहनपुर में सम्मान समारोह, इंटर व मैट्रिक टॉपर हुए सम्मानित

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के चौथम प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय ठूठी मोहनपुर में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मिथलेश यादव सहित अन्य अतिथियों ने इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले टपर छात्रों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मानित होने वाले इंटर आर्ट्स टपर छात्रा रिंकी कुमारी ने 500 में 383 अंक (76.6) प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।वहीं इंटर साइंस टपर सानिया खातून ने 500 में 434 अंक (86.8) प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि ब्रजेश कुमार ने 377 अंक (75. 4) हासिल किया। मैट्रिक टपर में छोटू कुमार ने 450 अंक (90) प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया।सिद्धांत कुमार ने 445 अंक (89) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

विशाल कुमार ने 437 अंक (87. 4) प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

रिंकी कुमारी की माता रूबी देवी, सामिया खातून के अभिभावक, बागेश कुमार के अभिभावक, छोटू कुमार की माता रीता देवी, सिद्धांत कुमार की माता सीमा देवी एवं विशाल कुमार के अभिभावक को भी मंच पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डा. अलीमुद्दीन समेत हेडमास्टर दिनेश कुमार, शिक्षक प्रवीण कुमार, मदनलाल, मनीष कुमार, राजू कुमार, आनंद कुमार प्रियदर्शी एवं ओम प्रकाश रंजन एवं पूर्व पंसस संजय रंजन राय, हरिलाल पासवान, इंदल यादव, राज कुमार साह, मिस्टर आलम, रविन्द्र सिंह शामिल थे।

समारोह में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मिथलेश यादव ने छात्रों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी तथा कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है।

उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं हमारे समाज और देश का भविष्य हैं। ऐसे सम्मान समारोह से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं।

## महेशखूंट : बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**महेशखूंट (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पकरैल में मजदूर के पुत्र व पुत्री तथा आर्य शिक्षण संस्थान के छात्रों ने मैट्रिक में परचम लहराया। बिन्दटोली निवासी जवाहर सिंह के पुत्री रूपम कुमारी को 450 अंक मिली। वे उत्क्रमित हाई स्कूल पकरैल के टॉपर छात्रा रही। वही लखन कुमार तथा अविनाश कुमार को 425 अंक मिला जो स्कूल में दुसरे स्थान पर रहा। हाई स्कूल के तीसरी स्थान पर अनिश कुमार को 392 अंक प्राप्त हुए।

सभी को मुखिया अरूण कुमार साह ने सोमवार को सम्मानित किया। मुखिया ने कहा की बच्चे देश के भविष्य व शिक्षक देश के निर्माता होते है। शिक्षा के प्रति लोगों को सजग रहने की जरूरत है। छात्रों अपने कड़ी मेहनत से अपना भविष्य संभालने में लगे है।

शिक्षित पंचायत बनाने में सभी की सहयोग की जरूरत है। सरपंच डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे को नियमीत स्कूल जाना चाहिएं और शिक्षक के दिऐ गये काम को समय पर निपटाने बाला ही अच्छे अंक से पास होते है। उन्होंने ने बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की संचालन कर रहे स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार ने कहा की शिक्षक और छात्रों की कड़ी मेहनत की परिणाम है की आज शिक्षण संस्थान के 21 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक में अच्छे अंक से पास हुए। बच्चों से कहा की आप सब भी अभी से कड़ी मेहनत करें। मेहनत का फल मीठा होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने पंचायत के 10 टपरों को पुरस्त किया। मौके पर आर्य शिक्षण संस्थान के व्यवस्थापक डा0 नागेन्द्र प्रसाद गुप्ता,अनिता देवी,कविता कुमारी,धिरेन्दर कुमार घिरज, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानी, अस्मिता भारती, अर्पिता भारती आदि मौजूद थे।

## लापरवाही बरतनेवाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई : कशिश

### सतीशनगर उप स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**पसराहा (एनएसबी)।** परबत्ता प्रखंड के सतीशनगर उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से चिकित्सा पदाधिकारी डा. कशिश ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और वहां तैनात कम्युनिटी हेल्थ आफिसर प्रिया कुमारी को सख्त निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले हर मरीज को अनिवार्य रूप से दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी मरीज बिना उचित इलाज के वापस नहीं लौटना चाहिए।

डा. कशिश ने जोर देकर कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण आबादी की प्राथमिक चिकित्सा का मुख्य आधार है, इसलिए दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करना प्रत्येक कर्मचारी की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने पुरानी बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए मरीजों के नियमित फलो-अप के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डा. कशिश ने एचआईवी की रोकथाम और जांच पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने केंद्र में जल्द ही एक एचआईवी जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित करने का आदेश दिया, जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों को शिक्षित किया जाएगा और इच्छुक व्यक्तियों की गोपनीय जांच की जाएगी।

इस अवसर पर उपस्थित शौढ़ उत्तरी के पूर्व मुखिया सह जदयू जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीचंद्र सिंह ने एनएच-31 के समीप प्रस्तावित नए अस्पताल भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की मांग उठाई ताकि क्षेत्र को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस मौके पर समाजसेवी सुशांत सिंह कुशवाहा, वार्ड सदस्य मुरारी मंडल, पंकज कुमार सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने डाक्टर की इस पहल का स्वागत किया। डा. कशिश ने आश्वासन दिया कि लापरवाही बरतने वाले स्टाफ पर कार्रवाई होगी और जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## मनोवैज्ञानिक प्रबंधन, समय पर पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और नियमित योग-व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना अनिवार्य

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के पसराहा थाना क्षेत्र के महद्दीपुर स्थित राजकीय पलिटेक्निक संस्थान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास और मानसिक सुदृढ़ता हेतु एक विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अवसाद, तनाव, चिंता, परीक्षा में विफलता और नशा मुक्ति जैसे गंभीर विषयों पर केंद्रित था।

इस महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया, जिसके तहत छात्रों के लिए नियमित मेंटरिंग और उन्मुखीकरण अनिवार्य है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रतिनिधियों ने छात्राओं को तनाव और अवसाद की बारीकियों से अवगत कराया।



मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में छात्राएं।

उन्होंने विस्तार से समझाया कि कैसे आधुनिक जीवनशैली और नकारात्मक विचार मानसिक अस्वस्थता का कारण बनते हैं। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव से बचने के लिए नशे का सहारा लेना स्थिति को और अधिक भयावह बना देता है।

इससे बचने के लिए मनोवैज्ञानिक प्रबंधन, समय पर पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और नियमित योग-व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना अनिवार्य है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सकारात्मक सोच का अभ्यास ही सफलता की कुंजी है।

संस्थान के प्राचार्य डा. संजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है और वे शैक्षणिक दबाव को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर पा रहे हैं।

उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया।

इस दौरान नोडल अधिकारी पप्पू कुमार, व्याख्याता रिचा आनंद सहित संस्थान के अन्य शिक्षक और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वर्तमान भाग दौड़ भरी जिंदगी में जागरूकता ही मानसिक विकारों से बचाव का एकमात्र सशक्त माध्यम है।

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य विद्यालय अलौली में प्रवेशोत्सव का आयोजन

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के अलौली प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय अलौली में सोमवार को प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कन्हैया कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमडीएम बीआरपी जवाहर सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षा सेवक बच्चे एवं नव प्रवेश होने वाले बच्चे और उनके अभिभावक



अधिकारी के साथ प्रधानाध्यापक व अन्य।

सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा जो म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट दिया गया है उसके तहत सभी बच्चों ने उसका प्रदर्शन कर सभी विभाग शिक्षा एवं पदाधिकारी को प्रफुल्लित किया काफी रोमांचक लग रहा था लग रहा था कि नामांकन उत्सव एक मेला की तरह है,जिसमें सभी कार्यक्रम एक साथ म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट से बजाया जा रहा था। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने बच्चों से एवं विभागों से आह्वान किया कि आप नियमित रूप से विद्यालय भेजें और यहां आपके बच्चे को सारी सुविधा दी जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अपने उेाधन में शिक्षा विभाग की हर एक कार्यक्रम को बताया गया और उन्होंने दिया हवन किया कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय भेजें बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जो शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही है उन सब योजनाओं से बच्चे को परिपूर्ण किया जाएगा। किताबें अभी उपलब्ध कराया जा रहा है उसके बाद पोशाक छात्रवृत्ति की राशि दी जाएगी। बच्चों को प्रत्येक दिन में मध्या भोजन दिया जाएगा। मध्या भोजन भी मीनू के अनुसार दिया जाएगा जो प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार से है। इस अवसर पर काफी संख्या में बच्चे उनके अभिभावक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बच्चों को स्वागत करते हुए टीका लगाया गया माला पहनकर बच्चों को टफी दिया गया। इसके बाद बच्चे को किताब देकर यहां से गिरा किया गया। यह कार्यक्रम अलौली प्रखंड में सभी विद्यालयों में किया जा रहा है।

### डा. अम्बेडकर एवं महात्मा फुले की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के संसारपुर में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान ने की, जबकि संचालन मोर्चा के प्रदेश महासचिव सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बालकिशोर पासवान द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को बलुआही स्थित अंबेडकर भवन एवं डा भीमराव अंबेडकर चौक में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम एवं भव्य रूप से मनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त11 अप्रैल को संसारपुर में महान समाज सुधारक, चिंतक- विचारक एवं लेखक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी उत्साहपूर्वक आयोजित की जाएगी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में गुड्डू पासवान ने मोर्चा एवं आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से सामाजिक समरसता एवं एकजुटता के साथ जयंती समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी,शिक्षाविद, कर्मचारी,समाजसेवी, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार प्रदान किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज समावेशी विकास संभव हो सका है। उन्होंने शिक्षित युवाओं एवं प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे समाज के हरेक जात वर्ग के लोगों से समन्वय स्थापित कर जयंती समारोह को ऐतिहासिक सफलता प्रदान करें। आयोजन समिति के अध्यक्ष बालकिशोर पासवान ने जयंती समारोह की तैयारी में आयोजन समिति के कार्यकर्त्ताओं से तन-मन-धन से जूट जाने का आह्वान किया। बैठक में समिति के संरक्षक पूर्व अंचल अधिकारी सत्यनारायण पासवान, संयोजक अरुण पासवान, उपाध्यक्ष रतन पासवान, कोषाध्यक्ष राज कुमार राज, सचिव हीरालाल पासवान, उप सचिव सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुखनंदन पासवान, मीडिया प्रभारी प्रियांशु कुमार, सदस्य श्याम कुमार पासवान, जयसूर्या , सुरेंद्र पासवान,सुलोक, जितेंद्र,डबलू, उपेन्द्र पासवान, राजीव रंजन,गगन,पिंटू एवं अमरिष पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अंडा दुकानदार ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**गोगरी(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भगत टोला गोगरी पंचायत में एक अंडा बेचने वाले दुकानदार का ठेला उलटाकर अंडा फोड़ देने सहित दुकानदार के साथ मारपीट कर रूपये छीनने का मामला उजागर हुआ है। इस मामले मे गोगरी श्री भगत टोला निवासी रंजीत मालाकार द्वारा गोगरी थाना मे आवेदन देकर गोगरी नगर परिषद वार्ड न0 12 के निवासी विनोद पोद्दार एवं उसके पिता सुरेश पोद्दार पर आरोप लगाते हुए कहा है की जब मैं अंडे से लदा हुआ ठेला लेकर बाजार की ओर जा रहा था तो उसी समय उक्त आरोपियों द्वारा मुझे जबरदस्ती रोककर गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर उनलोगो द्वारा मेरा ठेला को उलटा दिया गया।जेब में रखे रूपये को भी छीन लिया। ठेला उलटाकर लगभग बीस हजार के अंडे को चूरकर बर्बाद कर दिया गया। मारपीट के दौरान जब हो हल्ला करने लगा तो वे लोग धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित दुकानदार द्वारा अनुमण्डलीय अस्पताल मे अपना प्राथमिकी उपचार भी करवाया है। गोगरी पुलिस से न्याय की उम्मीद जताई है। इस मामले में गोगरी अपर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा की मामले की जाँच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लखीसराय पुलिस ने 'समकालीन अभियान' में 59 को दबोचा, भारी मात्रा में शराब और वाहन भी जब्त

**लखीसराय।** जिला पुलिस प्रशासन ने अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध शिकंजा कसते हुए रविवार को पूरे जिले में व्यापक ॥समकालीन अभियान॥ चलाया। इस अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसमें विभिन्न मामलों में शामिल कुल 59 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विशेष और अविशेष कांडों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही न्यायालय द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कुल 114 समन का निष्पादन किया। वारंटियों की धर-पकड़ के लिए चलाए गए इस अभियान में 159 जमानतीय वारंट और 80 अजमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया, जबकि 24 अजमानतीय वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गंभीर मामलों में फरार चल रहे अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस ने 06 स्थायी वारंट का निष्पादन किया और 02 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, इश्तेहार के तहत 45 मामलों का निष्पादन करते हुए 03 आरोपियों को पकड़ा गया, वहीं कुर्की की कार्रवाई में 44 मामलों का निष्पादन कर 07 लोगों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। मद्य निषेध अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध भी बड़ी कार्रवाई की है। छापेमारी के दौरान कुल 47.5 लीटर शराब बरामद की गई, जिसमें 40 लीटर देशी और 7.5 लीटर विदेशी शराब शामिल है। साथ ही, पुलिस ने अवैध कार्यो में लिप्त एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया है। लखीसराय पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध इस तरह का अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा ताकि जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे। पुलिस प्रशासन ने जनता को भरोसा दिलाया है कि वे उनकी सेवा और सुरक्षा में सदैव तत्पर हैं।

### लखीसराय जिला बार एसोसिएशन चुनाव में धांधली का आरोप

**लखीसराय।** माननीय उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद 12 मार्च 2026 को संपन्न हुए लखीसराय जिला बार एसोसिएशन के चुनाव परिणामों को लेकर विवाद गहरा गया है। चुनाव प्रक्रिया में व्यापक अनियमितता और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अधिवक्ता रजनीश कुमार ने बिहार बार काउंसिल, पटना में एक विस्तृत अपील दायर की है। इस अपील में उन्होंने वर्तमान चुनाव परिणाम को रद्द कर नए सिरे से निष्पक्ष मतदान कराने की मांग की है। अपीलकर्ता रजनीश कुमार ने निर्वाचित अध्यक्ष सहित चुनाव पदाधिकारी ड़ श्रीनिवास सिंह और तीन सदस्यीय समिति के सदस्यों को पक्षकार बनाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व मतदाता सूची तैयार करने में भारी मनमानी की गई। रजनीश कुमार के अनुसार, 18 फरवरी को बिना सदस्यता पंजी के ही प्रस्तावित सूची जारी की गई और 21 फरवरी को अंतिम सूची से कई सक्रिय अधिवक्ताओं के नाम गायब कर दिए गए। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि मतदान से महज 12 घंटे पहले दर्जनों नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ दिए गए, जिसकी सूचना अन्य प्रत्याशियों को नहीं दी गई। अपील में यह स्पष्ट किया गया है कि बिहार बार काउंसिल के मडल रूल्स के तहत नामांकन से एक सप्ताह पूर्व मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का बदलाव प्रतिबंधित है, लेकिन लखीसराय में नियमों को ताक पर रखकर अंतिम समय तक हेरफेर किया गया। इसके साथ ही चुनाव और मतगणना की वीडियो रिकर्डिग न कराए जाने पर भी पारदर्शिता के लिहाज से सवाल उठाए गए हैं। रजनीश कुमार ने प्रश्न किया है कि जब मूल सदस्यता पंजी ही उपलब्ध नहीं थी, तो किस आधार पर मतदाताओं के नाम हटाए या जोड़े गए उन्होंने निवर्तमान सचिव पर अपने पक्ष के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी तरीके से नाम शामिल कराने का आरोप लगाया है।

### लखीसराय पुलिस की बड़ी कार्रवाई, विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर शराब मामले में 14 आरोपी गिरफ्तार

**लखीसराय।** उत्पाद एवं मद्य निषेध थाना लखीसराय की पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाकर शराब बेचने और पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब और बीयर बरामद करने के साथ-साथ कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। उत्पाद पुलिस द्वारा जारी प्रतिवेदन के अनुसार, बड़हिया स्टेशन परिसर से लावारिश 36 लीटर अवैध बीयर बरामद की गई। वहीं, सांवत बेगूसराय निवासी मो. दिलशाद को 0.900 लीटर विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया। मननपुर स्टेशन पर की गई छापेमारी में बेगूसराय की जुली देवी को 3.600 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि किऊल स्टेशन से बेगूसराय निवासी रौशन कुमार को 7.500 लीटर शराब के साथ हिरासत में लिया गया। शराब पीने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया।

# आम जन की समस्याओं से रूबरू हुए जिलाधिकारी

**मुंगेर (एनएसबी)।** आमजन की समस्याओं से सीधे पदाधिकारियों को रूबरू कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए जन समाधान सह जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत आज जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा 18 लोगों की समस्याओं को सुन कर तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निदेश दिए गए।

उन्होंने कहा कि सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जिले के सभी कार्यालयों में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत संबंधित अधिकारी आने वाले लोगों की समस्याओं को सुन उसका समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर कर रहे हैं। मुझफफ्रगंज हवेली खड़गपुर निवासी अशोक साह ने अपने ही पैतृक जमीन का दबंगों द्वारा अवैध रूप से दाखिल खारिज कराने की शिकायत की।

नवीन कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने कहा कि उन सबों की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर हुई है, लेकिन अब तक उन्हें वेतनमान नहीं दिया गया है। सीताकुंड डीह निवासी सहिंद्र मंडल ने कहा कि वह दिव्यांग हैं और कई वर्षो से दिव्यांग पेंशन उठा रहे थे, लेकिन ई-लाभार्थी पोर्टल पर उनके जीवित रहने के बाद भी उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है, जिसके कारण उनका पेंशन बंद हो गया है। घोषीटोला निवासी विष्णुदेव मंडल ने अपने पुत्रों द्वारा प्रताड़ित एवं मारपीट करने का आरोप लगाया। चुआबाग निवासी सर्वेद्र कुमार शर्मा ने अपने घर में नल जल कनेक्शन लगवाने की बात कही। इसके अलावे जमीन आदि से संबंधित भी कई मामलों की सुनवाई जिलाधिकारी द्वारा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए तत्तकाल संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों की जांच कर समुचित कार्रवाई के निदेश दिए।


जन समस्या की सुनवाई करते जिलाधिकारी।

### किसानों के पहल खेत खलिहान में लगी आग पर पाया गया काबू

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** सफियासराय थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर मौजा के खेत खलियान में अचानक लगी आग से बहियार अफरा तफरी का माहौल देखा गया। खलिहान में लगी आग पर समय रहते अगर काबू नहीं पाया जाता तो किसानों के सैकड़ो बीघा में लगे गेहू का फसल जलकर बर्बाद हो जाता। खेत खलियान में लगी आग के बारे में किस बृजेश सिंह ने बताया कि सप्ताह भर के दौरान दूसरी बार बहियार आग लगने की घटना हुई है दोनों आग लगी की घटना में किसानों एवं अगिशमन टीम के तत्परता से आज पर काबू ही नहीं पाया गया बल्कि किसानों को सैकड़ो बीघा में उपजाई गए गेहू की फसल को बर्बाद होने से बचाया गया। इधर बहियार में लगातार आग लगने की घटना से ग्रामीण किसान अजय सिंह, गौतम सिंह,वरुण सिंह,अजय यादव, रामजन्म सिंह,मुंडन सिंह खेत जताते हुए कहां है कि जब तक खेत खलियान से फसल तैयार होकर घर नहीं आ जाता तब तक हम लोगों चिंता बनी हुई रहती है इसलिए स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस दिशा में कदम उठाते हुए खेत खलियान के दिशा में पुलिसिया गश्ती तेज करने की बात कही है।

## सत्ता के लिए नहीं अपने अधिकार के लिए पान समाज का संघर्ष रहेगा जारी : नरेंद्र


बैठक करते इंडियन इक्सक्लूसिव पार्टी।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** पटना के बापू सभागार में 12 अप्रैल को आयोजित होने वाला पान सम्मान दिवस महासभा को सफल बनाने को लेकर दौलतपुर जमालपुर में इंडियन इक्सक्लूसिव पार्टी की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष नरेंद्र ताती की अध्यक्षता में हुई। संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आईपी गुप्ता ने जो संकल्प ताती ततवा समाज के हक एवं हकूक दिलवाले को लेकर लिया है उसकी हर हाल में हम सभी अपनी चट्टानी एकता को दिखाते हुए संघर्ष के बल पर हासिल करेंगे। हमारे समाज का यह आंदोलन सत्ता के लिए नहीं अपने अधिकार के लिए हो रहा है।

इसलिए पटना के बापू सभागार में 12 अप्रैल को होने वाला पान सम्मान दिवस महासभा को सफल बनाने के लिए मुंगेर जमालपुर से 5 हजार से अधिक पान समाज से जुड़े लोग शामिल होंगे और इसको सफल बनाने के लिए महागठबंधन के सभी नेतृत्व करता भी भाग लेंगे। पूर्व मुखिया प्रकाश ताती ने कहा सरकार हमारे समाज के आरक्षण को छीना है जब तक हम अपने आरक्षण को वापस नहीं ले लेते हैं तब तक पान समाज का संघर्ष जारी रहेगा। इधर जिला प्रवक्ता तारिणी ताती ने कहा 12 अप्रैल के महासभा को सफल बनाने को लेकर पूरे जिले में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में अजय यादव, परशुराम कुमार, मनोज तांती, मनोज कुमार भारती, सुरेंद्र लाल, बृजमोहन ताती, रामेश्वर ताती, बबलू सर, धर्मराज ताती, शंकर तांती, हरिश्चंद्र ताती सहित कई मौजूद थे।

## बीएमपी 16 रनों से मैच को जीत कर ट्राफी अपने नाम किया

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। श्री जंग बहादुर स्टेडियम बीएनपी - 9 जमालपुर में एकदिवसीय क्रिकेट मैच का आयोज रेल जिला जमालपुर एवं बीएनपी 9 के बीच खेला गया। खेले गए मैच में टस जीतकर रेल जिला जमालपुर में क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बीएनपी 9 की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 11 छक्के एवं 10 चौक की मदद से 147 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जिसमें कप्तान आयुष सागर ने 16 गेंद में दो छक्के एवं दो चौके की मदद से 30 रन बनाए।जबकि मनोज कुमार ने 31 चंदन ने 26 राहुल ने 23 एवं बाबू साहब राय ने 15 रन की पाली अपनी टीम के लिए बनाए। बीएनपी 9 के स्कोर का जवाब देने के लिए मैदान पर उतरी रेल जिला जमालपुर की टीम ने 16 ओवर में 7 विकेट गाकर 131 रन ही बना पाई। इस तरह बीएमपी 16 रनों से मैच को जीत कर ट्राफी अपने नाम किया। मैच के सफल आयोजन पर समादेष्टा विद्यासागर एवं अपर पुलिस अधीक्षक उमेश्वर चौधरी मैं विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी वितरण करते हुए शुभकामना दिए। मौके पर तुषार, स्वामी, छोटे सरकार, संजय,वीरेंद्र राम, राहुल, मनमोहन, मिलन, राजनंदनी, रूपेश कुमार,कुंदन कुमार, चंद्रशेखर, धीरज, सुजीत, आयुष सहित कई मौजूद थे।


विजेता टीम को ट्राफी देते रेल एसपी।

### ग्राम कचहरी के कार्यो को मजबूत बनाने को लेकर कार्यशाला

**मुंगेर (एनएसबी)।** मुंगेर क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों को ग्राम कचहरी कार्यो से जोड़ने और उनकी भूमिका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित हुआ।पुलिस उप महानिरीक्षक मुंगेर राकेश कुमार की अध्यक्षता में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुंगेर क्षेत्र के चार जिलों मुंगेर, जमुई, लखीसराय और शेखपुरा में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों को ग्राम कचहरी के क्रियाकलापों में पुलिस की भागीदारी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पंचायती राज पीठ, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना की ओर से श्री कुमार विजय सिंह और श्री भगवान पाठक को रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था, जिन्होंने ग्राम कचहरी की प्रक्रिया, कानूनी पहलुओं और पुलिस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यशाला में मुंगेर क्षेत्र के चारों जिलों से कुल 70 पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक, मुंगेर क्षेत्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया)

## स्टेशन से भाग रही महिला शराब तस्कर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार

### संदिग्ध हरकत देख आरपीएफ-जीआरपी की सतर्कता से गिरफ्तार हुई महिला तस्कर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेलवे स्टेशन पर देर शाम सुरक्षा बलों की सतर्कता से अवैध शराब तस्करी का एक मामला सामने आया। रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी की संयुक्त चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध महिला को 10 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

आरपीएफ के सब इंसेक्टर जेआर मीणा अपनी टीम के साथ प्लेटफर्म संख्या 02 पर ट्रेन संख्या 13334 (दुमकापटना एक्सप्रेस) के आगमन पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बुर्का पहने एक महिला ट्रली बैग लेकर तेजी से ओवरब्रिज की ओर भागती दिखी। शक होने पर उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह एस्केलेटर की ओर भागने लगी। महिला बल की मदद से उसे दौड़ाकर पार्किंग एरिया के पास पकड़ लिया गया। पूछताछ में पहले वह गुमराह करती रही, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने अपना नाम संजू कुमारी (30 वर्ष), निवासी खगड़िया बताया।

तलाशी लेने पर उसके बैग से सिग्राम ब्लेंडर्स प्राइड अल्ट्रा प्रिमियम इसकी की 10 बोतलें (750 एमएल) बरामद हुईं, जिन पर फर सेल इन बंगाल अंकित था। घटना के समय जब महिला सिपाही महिला तस्कर को दौड़ा रही थी, तभी मौजूद यात्रियों के बीच अफरातफरी की स्थिति मच गई थी। हालांकि हिरासत में लिए गए महिला की तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ ने आरोपी महिला को रेल थाना जमालपुर को सुपुर्द कर दिया है।


बरामद शराब गिरफ्तार महिला तस्कर की जानकारी देते आरपीएफ।

## संक्षिप्त खबरें

### लखीसराय में गैस की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, युद्ध की स्थिति के बीच आपूर्ति और वितरण को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी

**लखीसराय (एनएसबी)।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न हुई एलपीजी गैस आपूर्ति की वर्तमान स्थिति को देखते हुए लखीसराय जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों और विक्रेताओं पर भीड़ को नियंत्रित करने तथा कालाबाजारी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्षों की एक त्रिस्तरीय टीम का गठन किया गया है, जो लगातार भ्रमणशील रहकर कालाबाजारी पर रोक लगाएगी। आज दिनांक 6 अप्रैल 2026 को इस टीम द्वारा कुल दो निरीक्षण भी किए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण के दौरान यदि कोई भी दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी एलपीजी वितरकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि किसी भी कीमत पर गैस सिलेंडर की जमाखोरी या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि ऐसी किसी भी गतिविधि में संलिप्तता पाई जाती है, तो विधि सम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता की सुविधा और शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए समाहरणालय लखीसराय में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06346-232952 है। नागरिक अपनी समस्याएं इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, लखीसराय जिले की कुल 16 गैस एजेंसियों के पास 4673 गैस सिलेंडर की उपलब्धता है। इसके साथ ही, बड़हिया और लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आईओसीएल (प्व्ब्स्) द्वारा पाइप नेचुरल गैस (च्छळ) की आपूर्ति भी की जा रही है। ऐसे परिवार जिन्होंने अभी तक पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, वे नोडल पदाधिकारी के मोबाइल नंबर 8565835550 पर संपर्क कर कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने या अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त स्टक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं की सुविधा और वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए भारत सरकार द्वारा एक नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब कोई भी घरेलू उपभोक्ता अपने अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बीत जाने के बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग (नंबर लगाना) कर सकेगा। बुकिंग दर्ज होने के बाद 2 से 3 दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता से केवल आवश्यकतानुसार ही गैस प्राप्त करने और संयम बनाए रखने का आग्रह किया है।


गोदाम की जांच करते अधिकारी।

### ऊर्जा मंत्री ने किया कार्यों का निरीक्षण

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार के माननीय ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने सोमवार को लखीसराय जिले के कजरा स्थित सौर ऊर्जा संयंत्र का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संयंत्र के विभिन्न सेक्शनों का जायजा लिया और परियोजना की अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण एवं संचालन में जुटे अधिकारियों और कर्मियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि यह परियोजना बिहार में स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक क्रांतिकारी और महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। निरीक्षण के क्रम में माननीय मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के द्वितीय चरण के कार्यो को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि राज्य में अधिक से अधिक विद्युत उत्पादन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को एक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि राज्य के पहाड़ी एवं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं की संभावनाओं का व्यापक अध्ययन किया जाना चाहिए। इससे न केवल ऊर्जा उत्पादन के नए स्रोतों का सृजन होगा, बल्कि दुर्गम क्षेत्रों में भी बिजली की उपलब्धता सुढ़ होगी। मंत्री श्री यादव ने संयंत्र के प्रातिक परिवेश और इसकी विशेष भौगोलिक स्थिति की भी काफी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर स्थापित सौर ऊर्जा इकाइयां न केवल बिजली देती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी बड़ी भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान साइट टीम द्वारा परियोजना की रूपरेखा, वर्तमान प्रगति और भविष्य के लक्ष्यों को लेकर एक विस्तृत पावरपइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) और लघु फिल्म दिखाई गई, जिसे मंत्री ने काफी सराहा। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रस्तुतियों से कार्यो में पारदर्शिता और गुणवत्ता आती है। इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान अपर समाहर्ता नीरज कुमार, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार (आईएएस), निदेशक (तकनीकी) अवधेश प्रसाद सिंह, मुख्य अभियंता दिलीप कुमार सहित ऊर्जा विभाग और जिला प्रशासन के कई वरीय अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अंत में माननीय मंत्री ने सभी को परियोजना की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए ऊर्जा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।


निरीक्षण करते ऊर्जा मंत्री।

### स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन विस्तार का संकल्प

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योग व्यवसाय के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रूंगटा की गरिमामयी उपस्थिति में भगवान सत्यनारायण की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेश रूंगटा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज अपने कार्यकर्ताओं के परिश्रम की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण हमारी पार्टी की मूल विचारधारा है और प्रत्येक कार्यकर्ता के प्रयासों से ही पार्टी निरंतर सशक्त हो रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि आगामी चुनौतियों के लिए हमें अभी से तैयार रहना होगा। उन्होंने संगठन के विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती लाने के साथ-साथ सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुँचाने का आह्वान किया। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम सिंह ने भाजपा के इतिहास को संघर्ष और सेवा का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री सनोज साहू, अमरजीत प्रजापति, प्रमोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष गौतम मंडल, चंदन यादव व नवीन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा पासवान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास आनंद, मंडल अध्यक्ष मुकुल सिंह, वेन्केश्वर सिंह, अमित कुमार, नरेंद्र साहू, जयशंकर पांडे सहित शोभा रानी, नीतू सिंह, आलोक राज व आनंद कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।


मौके पर मौजूद भाजपाई।

## सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी बने सीओ

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी पंकज कुमार ने अंचलाधिकारी उदवंतनगर का पदभार ग्रहण किया। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के पदभार करने से अंचल क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।अब राजस्व संबंधित दाखिल खारीज, परिमार्जन, जमाबंदी,मुआवजा भुगतान सहित अन्य आवश्यक कार्य हो सकेगा। आरटीपीएस का कार्य भी सुचारू रूप से चलने लगेगा। नवपदस्थापित अंचलाधिकारी ने कहा कि रूके हुए राजस्व कार्यो को गति मिलेगी।एक महीने से बंद फिर से शुरू हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से आवश्यक कार्य आवश्य प्रभावित होगी। हर संभव जनता के कार्यो का निष्पादन किया जायेगा।

## सोलर पैनल से जुड़नेवाले गांव होंगे पुरस्कृत, मुफ्त में मिलेगा बिजली, बीपीएल परिवारों को मुफ्त में मिलेगा सोलर पैनल

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुत बिजली योजना के सफल कार्यान्वियन को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित जनप्रतिनिधि भवन में बीडीओ कर्पूरी ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी पर्यवेक्षक, स्वच्छता बी सी व स्वच्छता पर्यवेक्षक,पीएनबी बैंक के एलडीएम, विकास मित्र, बिजली विभाग के एसडीओ व कनीय अभियंता सहित अन्य विभागों के पर्यवेक्षीय पदाधिकारी मौजूद थे। सभी घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने तथा जरूरत के अनुसार बिजली पैदा करने को लेकर लाभुकों को प्रेरित करने को कहा गया। सभी बीपीएल परिवारों को चिति कर निः शुल्क रूफटप सोलर पैनल लगाने को कहा गया ताकि उन्हें सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो सके। बीडीओ कर्पूरी ठाकुर ने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनका मासिक बिजली उपयोग 125 यूनिट से अधिक है उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान का लाभ दिलाते हुए रूफटाप सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाय। इससे न केवल उपभोक्ताओं के बिजली खर्च में कमी आएगी बल्कि अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा मिल सकेगा। बीडीओ ने मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि शत् प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करने की जरूरत है। सरकार एक केवी वाट के लिए 30 हजार सब्सीडी मिलेगा। वहीं दो किलोवाट के लिए 60 तथा तीन के वी के सोलर पैनल लगाने पर 78 हजार सब्सीडी देय होगा। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी विश्वजीत, बीपीआरओ सुमन कुमार, बीसी स्वच्छता अमजद, सभी बैंकर्स सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# बड़हरा एवं शाहपुर में होगा मोक्षधाम का निर्माण

### उपमुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**आरा (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, भोजपुर विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं श्रीभगवान सिंह कुशवाहा को पौधा भेंट कर किया गया।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी सुल्तानिया द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री द्वारा जिले के सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने नगर आयुक्त भोजपुर को निर्देश दिया कि शहर के सभी प्रमुख स्थलों जैसे अस्पताल, बस स्टैंड, मुख्य बाजार आदि में स्वच्छता एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा इनकी निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कचरा उठाव नियमित रूप से किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने नगर निगम की भूमि पर अवैध होर्डिंग एवं पार्किंग पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए।



उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित।

उन्होंने कहा कि होर्डिंग एवं पार्किंग की अनुमति केवल निर्धारित शुल्क प्राप्त करने के बाद ही दी जाए तथा अवैध रूप से ऐसा करने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। साथ ही, सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को संयुक्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत बड़हरा एवं शाहपुर में मोक्षधाम निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सड़क निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि सभी सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें : एक नजर में

### वरिष्ठ कथाकार व जनपथ के संपादक अनंत कुमार सिंह के निधन पर साहित्य जगत में शोक


अनंत कुमार सिंह के निधन पर साहित्य जगत में शोक।

**आरा (एनएसबी)।** जनपथ पत्रिका के संपादक व वरिष्ठ कथाकार अनंत कुमार सिंह का आज उनके पैतृक गाँव बहेरा (गया) में एक लंबी बीमारी के बाद हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन पर एक शोक सभा आयोजित कर एक मिनट का मौन रखा और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मृति सभा का संयुक्त आयोजन जनवादी लेखक संघ, प्रगतिशील लेखक संघ व जन संस्ति मंच आरा के साथ-साथ 'जनपथ' के संयोजक मंडल व स्थानीय साहित्यकारों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने अनंत जी के योगदान को याद करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। कथाकार नीरज सिंह ने उनके रचनात्मक संघर्ष और प्रकाशकीय चेतना का विस्तार पूर्वक जिक्र किया। कवि-कहानीकार जितेंद्र कुमार व ओम प्रकाश मिश्र ने भी क्रमशः उनके जन सरोकारों तथा रचनात्मक जीवटता की याद दिलाई। इस अवसर प्रो रविंद्र नाथ राय, श प्रो दिवाकर पाण्डेय, प्रो अयोध्या प्र उपाध्याय, प्रो बलिराज पाण्डेय, प्रो मृत्युंजय सिंह, प्रो नवनीत राय, सुमन कुमार सिंह, संतोष श्रेयांश, जितेंद्र शुक्ल, जनार्दन मिश्र, राजाराम प्रियदर्शी, ओमप्रकाश मिश्र, सुनील चौधरी, शिवदान सिंह, सूर्यप्रकाश, अमित मेहता, विक्रांत कुमार, राकेश ओझा 'गुड्डू', डा शीलभद्र, अनिरुद्ध कुमार सिंह,.ष्ण कुमार सिंह, कन्हैयाजी, रेणु मिश्र तथा ममता मिश्र आदि की उपस्थिति रही। दूरभाष पर सुधीर सुमन, बलभद्र, सुनील श्रीवास्तव, अखिलेश, अरुण शीतांश, शौकत हयात, शेषनाथ पाण्डेय, सुरेश कांटक, राकेश कुमार सिंह, चंद्रेश्वर आदि साहित्यकारों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन जसम के सचिव सुमन कुमार सिंह ने किया।

### अगलगी से प्रभावित किसानों को मिले प्रति बीघा मुआवजा : राकेश ओझा

**शाहपुर (एनएसबी)।** स्थानीय विधायक ई राकेश विशेश्वर ओझा ने कृषि मंत्री को पत्र लिखकर प्रखंड क्षेत्र में आगलगी की घटनाओं से प्रभावित किसानों को प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में खड़ी फसलों में लगातार आग लगने की घटनाओं से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि आगलगी के कारण कई किसानों की पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे उनकी आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे में सरकार को शीघ्र हस्तक्षेप करते हुए पीड़ित किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग की चिंता करती है और किसानों की समस्याओं के प्रति भी संवेदनशील है। इसलिए आवश्यक है कि आगलगी से प्रभावित किसानों को प्रति बीघा के आधार पर उचित मुआवजा देकर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया जाए।

### गड़हनी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा चरपोखरी

**चरपोखरी (एनएसबी)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में किशोर क्लब चरपोखरी द्वारा सद्भावना कप फुटबल टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच फुटबल क्लब गड़हनी और किशोर क्लब चरपोखरी की टीम के बीच रविवार को खेला गया । मैच का उद्घाटन किशोर क्लब चरपोखरी के संचालक विजय बहादुर सिंह, सियाडीह मुखिया लालमुक्ति पासवान, पसौर मुखिया पप्पू कुमार साह, मुकुंदपुर मुखिया प्रवीण कुमार उर्फ राजुजी एवं ठकुरी मुखिया प्रतिनिधि मिथुन सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद को किक मार कर किया गया। मैच के शुरुआती दौर में किशोर क्लब चरपोखरी के खिलाड़ी अनीश सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। जिसके बाद बढ़े हौसले के साथ खेल रहे चरपोखरी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक गोल मारकर 3-0 से बढ़त बना ली। मैच में रेफरी का दायित्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार विक्की तथा लाइंस मैन की जिम्मेदारी अमरजीत सिंह एवं गोविंद सिंह ने निभाई।

## पीएनबी के नये मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार ने किया योगदान



पीएनबी के नये मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार ने किया योगदान।

**आरा (एनएसबी)।** पंजाब नैशनल बैंक आरा मण्डल के नये मण्डल प्रमुख के रूप में उत्पल कुमार ने अपना योगदान दिया। पूर्व मण्डल प्रमुख संदीप डोंगरे का स्थानांतरण रायपुर अंचल में हुआ है। विदित हो कि नये मण्डल प्रमुख श्री कुमार बिहार के मधुबनी जिला के रहने वाले है तथा ये गुडगाँव से स्थानातंरण एवं पदोन्नति के उपरान्त मण्डल प्रमुख के रूप में अपना योगदान किये है। मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने नये मण्डल प्रमुख का स्वागत करते हुए कहा कि वे नये लक्ष्यों को प्राप्त करने में हर संभव सहयोग करेंगे। नये मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार को उप मण्डल प्रमुख सुनील कुमार सिन्हा द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। मंडल प्रमुख ने कहा कि वे मंडल के साथियों के साथ मिलकर संस्थान द्वारा दिए जाने वाले हर दायित्व को सुगमता पूर्वक निर्वहन करेंगे।

## प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में हुआ छात्र-छात्रा सम्मान समारोह

**आरा/चरपोखरी (एनएसबी)।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय चरपोखरी भोजपुर के कला प्रेक्षागृह में छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अवसर था मैट्रिक, इंटर, विद्यालय वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाली छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित विद्यालय प्रभारी अजय राय ने अपील किया कि छात्राओं के जीवन बेहतरी के लिए हम सभी को प्रेरणाश्रोत बनना होगा।

मैट्रिक में प्रथम स्थान रागिनी कुमारी, द्वितीय स्थान हासिल किया, सगुन, तृतीय स्थान हासिल किया है सुरभि कुमारी। वहीं नवीं कक्षा में प्रथम स्थान सोनम कुमारी, द्वितीय स्थान किरण कुमारी, तृतीय स्थान सिद्धि कुमारी ने हासिल किया। बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है अदिति कुमारी, द्वितीय स्थान हासिल किया अंजली कुमारी तथा तृतीय स्थान गीतांजलि कुमारी ने हासिल किया।

यह आयोजन अपने मुल धारणा व स्थानीय व्यवहार संस्कृति को लेकर प्रतिबद्ध था। ढेरों ऐसे गार्जियन ने अपने हाथों से स्मृतिचिन्ह छात्राओं को देकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे।

गृहविज्ञान शिक्षिका पिंकी कुमारी, मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल कुमारी, अंग्रेजी शिक्षिका अर्पिता यादव, जीवविज्ञान शिक्षिका अंशिका कुमारी, अंग्रेजी शिक्षिका रविनंदनी जी, गणित शिक्षिका रिंकी कुमारी ने मिलकर विद्यालय संदर्भ को स्थानीय संस्कृति से जोड़ एक सृजनात्मक माहौल बनाने में सफलता हासिल किया।

संचालन सुश्री प्रीति कुमारी ने किया। शिक्षिका रेणु कुमारी, इन्दू कुमारी ने भी सभा को संबोधित किया। करीब 100 छात्राओं को स्मृतिचिन्ह और मेडल से सम्मानित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन कला शिक्षक रौशन राय ने दिया, मौके पर अभिभावक शंकर मूंडा, मिना देवी, सुरभि, रागिनी, सगुन, गुड़िया कुमारी, किरण कुमारी आत्या अरूबा, सुहानी कुमारी, मौसम, लक्ष्मी कुमारी आदि थे।

## महिंद्रा बोलेरो से 372.960 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरतार

### जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 5 लाख रुपये आँका गया, उत्तर प्रदेश से भोजपुर ले जाया जा रहा था जब्त शराब

**आरा (एनएसबी)।** सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से बोलेरो पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। सोमवार को वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर ओवरब्रिज के पास से एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप में भूसा के बोरा में छिपा कर रखे भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। पिकअप पर यूपी का निबंधन संख्यख अंकित पाया गया।

पुलिस ने वाहन के चालक बक्सर जिले के औद्योगिक थाना अंतर्गत अहिरौली वार्ड नंबर-38 राम अवतार तुरहा का पुत्र गुण सागर है। गिरतार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से कुल 1176 पीस में 372.960 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य 5 लाख रुपये के करीब आँका गया। जप्त शराब उत्तर प्रदेश से भोजपुर में ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## छात्राओं की टीम ने प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय का किया भ्रमण

**पीरो (एनएसबी)।** टयूनिंग आफ स्कूल कार्यक्रम के तहत प्लस टू उच्च विद्यालय जमुआंव की छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय जितौरा का भ्रमण कर वहां उपलब्ध संसाधनों, शैक्षणिक व्यवस्था, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, म्यूजिकल उपकरण, कला रुम सहित कई अन्य व्यवस्थाओं व गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय जितौरा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका डा. श्रीकांति ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को बाहरी परिवेश से परिचित कराने के उद्देश्य से नजदीक के दूसरे साधन संपन्न विद्यालय में जाकर शैक्षणिक गतिविधियों व उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करने हेतु टयूनिंग आफ स्कूल कार्यक्रम शुरु किया गया है। प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में पहुंची छात्राओं को विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने यहां उपलब्ध तमाम सुविधाओं व शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय भ्रमण को आई प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्राएं काफी उत्साहित दिखाई दी। छात्राओं द्वारा पूरी तन्मयता से जिज्ञासा प्रकट करते हुए हर एक व्यवस्था का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अब्दुल जब्बार, दीपक कुमार, श्रीजेता,मो सोहराब, ज्योति, नम्रता खुशबु आदि मौजूद थे।


छात्राओं की टीम ने प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय का किया भ्रमण।

## होम्योपैथिक अस्पताल बना खींचतान का अखाड़ा, मरीज गेट पर भटके, स्टाफ की कमी से नहीं खुला अस्पताल

**शाहपुर (एनएसबी)।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या आठ स्थित राजकीय होम्योपैथिक औषधालय इन दिनों अव्यवस्था और प्रशासनिक खींचतान का केंद्र बन गया है। सोमवार को स्थिति इतनी बिगड़ गई कि सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे तक अस्पताल का मुख्य गेट नहीं खुल सका। अस्पताल परिसर के बाहर ही डा. सुनील कुमार मरीजों के साथ बैठे नजर आए। दूर-दराज से आए मरीजों को बिना इलाज और दवा के ही लौटना पड़ा। कई मरीजों ने बताया कि वे सुबह से ही लाइन में खड़े थे। अस्पताल में पदस्थापित डा सुनील कुमार ने बताया कि स्टाफ की भारी कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि एक डाक्टर अकेले सभी कार्य नहीं संभाल सकता। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन उपलब्ध कर्मियों को जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। बताया जाता है कि इस औषधालय में दो डाक्टर और दो कर्मियों का पद स्वीकृत है। कुछ महीनों से एक कंपाउंडर को जिला मुख्यालय में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। दूसरे चपरासी को भी तीन दिनों के लिए जिला में भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि अस्पताल के कुछ कर्मियों और जिला के अधिकारियों की मिलीभगत से दवाओं और अन्य सामानों की अनियमितता हो रही है। मामले को लेकर जिला देसी चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रेमचंद प्रसाद ने कहा कि अस्पताल समय पर नहीं खोलने के मामले में संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।



अस्पताल परिसर के बाहर ही डा. सुनील कुमार मरीजों के साथ बैठे नजर आए।

### छात्राओं को ह्यूमन पोपिलोमा वायरस की दी गई जानकारी

**पीरो (एसएनबी)।** उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कटरियां में शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं को ह्यूमन पोपिलोमा वायरस से होने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पीरो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सबसे जयादा सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। इससे हर साल 80 हजार से भी अधिक महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। जो निश्चित रूप से चिंताजनक स्थिति है। इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ह्यूमन पोपिलोमा वायरस(एचपीवी) का टीका लगाया जा रहा है। यहां आयोजित शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूक करते हुए एचपीवी का टीका लगाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर छात्राओं का हीमोग्लोबिन जांच कर उन्हें एनीमिया से बचने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय की सैकड़ों छात्राओं के अलावे विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनिता शर्मा, अनुराग मिलन सहित कई अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का 47वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मना, उप मुख्यमंत्री ने जिला कार्यालय में पार्टी झंडा फहराया एवं कार्यकताओं को संबोधित किया

**आरा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी का 47वाँ स्थापना दिवस भोजपुर जिला मे भाजपा कार्यकताओं ने अपने घरो पर पार्टी का झंडा फहराकर धूमधाम से मनाया। भाजपा भोजपुर द्वारा आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम मे बिहार के मुख्यमंत्री सह भोजपुर जिला प्रभारी मंत्री विजय सिन्हा जिला कार्यालय मे शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा एवं जिलाध्यक्ष ने पार्टी का झंडा फहराया। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा राज, संचालन ईधीरेन्द्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सीडी शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम से हुआ। तदोपरांत मुख्य अतिथि सहित मंचासीन नेताओं का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मारिका से हुआ। उप मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेरणास्रोत ड़श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रकाशस्तंभ की भांति मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर उत्साह और ऊर्जा से ओतप्रोत कार्यकर्तागण को संबोधित करते हुए नये साथियों का पार्टी परिवार में आत्मीय स्वागत किया तथा जनसंघ काल के तपस्वी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनके अमूल्य योगदान को नमन किया। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र के परम वैभव के लिए समर्पित देशभक्तों का विराट परिवार है। तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहें न रहें हमारा केवल नारा नहीं, बल्कि संस्कार है। दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद हमारा मार्गदर्शक है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास हमारा कार्यधर्म है। उक्त अवसर पर मंचासीन पूर्व विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी विशाल सिंह,आरा मेयर इंदु देवी,जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, स्थापना दिवस क्षेत्रीय सह प्रभारी सीडी शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष मिथलेश कुशवाहा अतिथि थे। कार्यक्रम मे बूथ स्तर से जिला स्तर के सभी नेतागण,पदाधिकारी एवं वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।


भाजपा का 47वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मना।

### मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**चरपोखरी (एनएसबी)।** मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन राहुल कुमार एवं मनोज साह ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि जिला पार्षद आरती देवी एवं गड़हनी पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि निर्मल यादव रहे। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रागिनी कुमारी को साईकिल देकर पुरस्कृत किया। अन्य सफल छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख रामचंद्र सिंह यादव, मनु यादव, ललन प्रसाद सिंह, राणा यादव, विमल यादव, चिंटू पांडे, जदयू मीडिया प्रभारी मुन्ना बाबा, अमरजीत कुमार, संतोष यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में बादल कोचिंग के डायरेक्टर प्रकाश कुमार को भी सम्मानित किया गया।


मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान।

### डिजिटल क्लास का उद्घाटन मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**शाहपुर (एनएसबी)।** करनामेपुर स्थित विद्यादीपम क्लासेस कोचिंग संस्थान में डिजिटल क्लास सह छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह समाजसेवी किसुन मिश्रा एवं छात्र नेता अनुराग पांडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह के दौरान संस्थान में पढ़ने वाले मैट्रिक एवं इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्थान में डिजिटल डिस्प्ले का भी उद्घाटन किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में मैट्रिक परीक्षा में सफल समीर अली, ज्योति कुमारी, मधु कुमारी एवं नीतीश यादव तथा इंटर के शशि कुमार और हिमांसी कुमारी शामिल रहे। इस अवसर पर संस्थान के संचालक उपेंद्र कुमार एवं सह संचालक कवींद्र कुमार ने कहा कि संस्थान में छात्र-छात्राओं को तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में गुरु प्रसाद यादव, धनजी पांडे, पुतुल कुमारी, अनिशा कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में धुत होकर पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में एक गिरतार

**आरा (एनएसबी)।** शहर के शिवगंज पोस्ट पर रविवार की शाम शराब के नशे में धूत होकर पुलिस के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में यातायात पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को धर दबोचा। गिरतार नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा निवासी स्व़ शंभू तिवारी का 35 वर्ष से पुत्र रामेश्वर तिवारी है। दर्ज प्राथमिकी में शराब के नशे में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के कार्य में बाधा उत्पन्न करने, मारपीट करने यूनिफर्म फाड़ने, गाली एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया है। गिरतार आरोपी को पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोकामा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: कुख्यात फसल लुटेरा पप्पू राय गिरफ्तार

**भारी मात्रा में हथियार और लूटा गया गेहूं बरामद**

**बाढ़/एनएसबी।** मोकामा पुलिस ने दियारा क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मेकरा दियारा इलाके में छापेमारी कर कुख्यात फसल लुटेरा पप्पू राय को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अपराधी के पास से दो देसी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस काफी समय से इस अपराधी की तलाश में थी, जो क्षेत्र में किसानों और व्यापारियों के लिए सिरदर्द बना हुआ था।छापेमारी के वक्त पुलिस ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त किया है, जिस पर लूट का 50 बोरा गेहूं लदा हुआ था। बताया जा रहा है कि पप्पू राय और उसके गिरोह ने हाल ही में इस फसल की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पप्पू राय की गिरफ्तारी से मोकामा और आसपास के दियारा क्षेत्रों के किसानों ने राहत की सांस ली है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन से सदस्य शामिल हैं और लूटी गई फसलों को कहाँ खपाया जाता था।

### बाढ़ में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस, राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिंहा भी रहे शामिल

**बाढ़ /एनएसबी।** मलाही स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिंहा, स्थानीय विधायक डॉ. सियाराम सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद, पूर्व विधायक रणवीर सिंह उर्फ लल्लू मुखिया, राणा सुधीर सिंह, रामानंद झा, संदीप कुमार मिंटू और राजेश सिंह राजू सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। बैठक के दौरान नेताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और आगामी चुनौतियों के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

### भाजपा कार्यकताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया पार्टी का 47वां स्थापना दिवस

**बाढ़/एनएसबी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बाढ़ जिला इकाई द्वारा सोमवार को पार्टी का 47वां स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह और संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कार्यकताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन की मजबूती पर बल दिया।स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ जिला कार्यालय में मुख्य अतिथियों और वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर किया गया। इसके उपरांत श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बाढ़ विधान सभा क्षेत्र के विधायक डॉ सियाराम सिंह ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा किशून्य से शिखर तकः दो सांसदों से शुरू हुआ यह सफर आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक पहुँचा है।

**अंत्योदय का लक्ष्य:** केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना ही भाजपा का मूल मंत्र है।

**कार्यकर्ता ही शक्तिः** पार्टी की इस सफलता के पीछे बूथ स्तर पर काम करने वाले कर्मठ कार्यकताओं का पसीना और समर्पण है। स्थापना दिवसर को केवल दिवस तक सीमित न रखते हुए, बाढ़ जिला इकाई के कार्यकताओं ने सामाजिक सरोकारों से भी नाता जोड़ा। जिले के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में युवा व महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हौसलों की उड़ान: दिव्यांग श्रेया ने खुद लिखकर पास की इंटर की परीक्षा

**बाढ़/एनएससी।** "जज्बा हो तो दिव्यांगता बाधा नहीं बनती", इसे सच कर दिखाया है उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा की छात्रा श्रेया सुमन ने। जन्मजात दिव्यांगता के कारण हाथों और जुबान की समस्याओं से जूझने वाली श्रेया ने इंटरमीडिएट परीक्षा में किसी लेखक (Writer) की मदद लेने के बजाय स्वयं अपने हाथों से उत्तर पुस्तिका लिखी।अपनी मेहनत के दम पर श्रेया ने 304 अंक (प्रथम श्रेणी) प्राप्त कर मिसाल पेश की है। उनकी मां संध्या सुमन ने बताया कि श्रेया की यह सफलता उन सभी के लिए प्रेरणा है जो शारीरिक चुनौतियों को अपनी कमजोरी मान लेते हैं। श्रेया ने साबित कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति से हर असंभव कार्य को संभव बनाया जा सकता है। उनकी सफलता दिव्यांग बच्चों को सिखाती है कि बाधाएं शरीर में नहीं, मन में होती हैं। अगर मन में लक्ष्य साफ है, तो जीत निश्चित है।

### अगलगी की घटनाओं के प्रति जागरुकता को लेकर डीएम ने रथ को किया रवाना

**पटना (एनएसबी)।** ज़िलाधिकारी, पटना द्वारा अगलगी की घटनाओं की रोकथाम तथा न्यूनीकरण हेतु सम्पूर्ण पटना जिला में सघन जन-जागरूकता अभियान चलाने के लिए पटना समाहरणालय से जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आम जनता से भी राज्य सरकार द्वारा जारी क्या करें एवं क्या न करें का अनुपालन करने तथा इसे जन-जन तक प्रसारित करने का आह्वान किया गया है। अभी अग्नि-प्रवण काल (15 मार्च-15 जून) चल रहा है जिसमें विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। पदाधिकारियों को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार अग्निशमन सेवा एवं सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार द्वारा अग्नि सुरक्षा के लिए जनहित में समय-समय पर निर्गत क्या करें, क्या न करें का नियमित तौर पर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर लोगों को जागरूक करने के लिए जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पटना के नेतृत्व में 3 मार्च से 9 मार्च तक विशेष साप्ताहिक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया था।

# सीतामढ़ी के 26 मासूमों के दिलों को मिलेगी नई धड़कन

## उम्मीदों की उड़ान : मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत अहमदाबाद में होगा हृदय रोग का मुफ्त ऑपरेशन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के 26 हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के जीवन में रविवार का दिन एक नई सुबह लेकर आया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत, इन बच्चों को बेहतर इलाज के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से विशेष एंबुलेंस के जरिए पटना रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत इन बच्चों को पहले पटना के पीएमसीएच और आईजीआईसी संस्थानों में ले जाया गया है। यहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी हृदय संबंधी बारीकियों की विस्तृत जांच करेगी। प्राथमिक जांच और कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, जिन बच्चों को सर्जरी की अनिवार्य आवश्यकता होगी, उन्हें सरकार अपने खर्च पर विमान या ट्रेन के जरिए गुजरात (अहमदाबाद) भेजेगी, ताकि उनके जीवन को सुरक्षित किया जा सके।

**सरकारी खर्च पर विश्वस्तरीय इलाज :** सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि इन बच्चों का ऑपरेशन गुजरात के प्रसिद्ध श्री सत्य साईं अस्पताल में किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया राज्य स्वास्थ्य समिति के सहयोग से संचालित होती है, जहाँ देश के सबसे अनुभवी कार्डियक सर्जन बच्चों की जटिल सर्जरी करते हैं।

सबसे राहत की बात यह है कि घर से निकलने से लेकर, अस्पताल में रहने, खाने और ऑपरेशन तक का संपूर्ण खर्च बिहार सरकार वहन करेगी। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए, जो निजी अस्पतालों में लाखों रुपये का खर्च उठाने में असमर्थ थे, यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक तंगी के कारण किसी भी बच्चे के इलाज को रुकने न देना है।

**स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी और सुरक्षित रवानगी :** बच्चों की सुरक्षित रवानगी और उनकी मेडिकल निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष टीम तैनात रही। इस दौरान आयुष चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार, डॉ. अजीब असरार और फार्मासिस्टों की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य मानकों की जांच की। जिला समन्वयक चंदन कुमार और आईडीएसपी के राहुल कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सुनिश्चित किया कि सभी बच्चों और उनके परिजनों को यात्रा के दौरान कोई असुविधा न हो। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों के साथ उनके एक अभिभावक को भी साथ जाने की अनुमति दी गई है, जिनका खर्च भी सरकारी मद से ही दिया जाएगा। विभाग की यह संवेदनशीलता प्रशासनिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गंभीरता को दशार्ती है।



बेहतर इलाज के लिए रवाना होते बच्चे और उनके परिजन व स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान :** बरसों से अपने बच्चों के दिल में छेद या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे माता-पिता के लिए यह क्षण भावुक कर देने वाला था। कई ऐसे परिवार थे जो इलाज के अभाव में अपने बच्चों की बिगड़ती हालत देखकर लाचार महसूस कर रहे थे। अब बेहतर चिकित्सा सुविधा की गारंटी मिलने से उनके चेहरे पर सुकून और भविष्य के प्रति उम्मीद साफ देखी जा सकती है।

स्वास्थ्य विभाग की इस मुहिम ने न केवल बच्चों को नया जीवन देने की राह प्रशस्त की है, बल्कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों का सरकारी स्वास्थ्य तंत्र पर भरोसा भी मजबूत किया है। उम्मीद है कि जल्द ही ये बच्चे स्वस्थ होकर अपने घर लौटेंगे।

## मोकामा में दो युवकों के वायरल वीडियो ने बढ़ाई इलाके में सियासी तपिश

# डिजिटल मंच पर 'वर्चस्व' की गूँज

**बाढ़/मोकामा (एनएसबी)।** गंगा की लहरों और बाहुबल की कहानियों के लिए चर्चित मोकामा एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का केंद्र चुनावी अखाड़ा नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो है। मोकामा प्रखंड के नौरंगा गांव निवासी मोनू-सोनू नामक युवक का यह वीडियो पूरे क्षेत्र में कौतूहल और चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसने पुराने दौर की यादें ताजा कर दी हैं।

वायरल वीडियो में मोनू-सोनू द्वारा क्षेत्र के रसूखदार पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह का नाम लेकर उन्हें सीधे तौर पर चुनौती दी जा रही है। गौरतलब है कि मोकामा का इतिहास सूरजभान सिंह और ललन सिंह जैसे कद्दावर नामों के इर्द-गिर्द सिमटा रहा है। ऐसे में एक युवक द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सरेआम इस तरह की बयानबाजी करना क्षेत्र में उभरते नए शक्ति समीकरणों की ओर इशारा कर रहा है।

**प्रशासनिक दावों पर उठे सवाल**

वीडियो में न केवल राजनीतिक चुनौती है, बल्कि पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर कटाक्ष किए गए हैं। वीडियो में कथित तौर पर पुलिस के साथ 'सांठगांठ' और फिर 'वादाखिलाफी' जैसे आरोप लगाए गए हैं।विवाद की जड़ः युवक का दावा है कि 'मैनेजमेंट' के बावजूद उसके कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है। स्थानीय हलकों में चर्चा है कि मोनू-सोनू को किसी प्रभावशाली राजनेता का संरक्षण प्राप्त है, जिससे उसकी सक्रियता बढ़ी है।हालांकि, यह वीडियो कब का है और इसे किसने प्रसारित किया है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। लेकिन इस वीडियो ने शांतिपूर्ण माहौल में एक नई हलचल जरूर पैदा कर दी है। आर्थिक रूप से सुदृढ़ पृष्ठभूमि वाले इस युवक के दुस्साहस ने स्थानीय इंटेलिजेंस और पुलिस प्रशासन को भी सतर्क कर दिया है।"सोशल मीडिया अब व्यक्तिगत और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का नया हथियार बन गया है। मोकामा की धरती पर बाहुबल का स्वरूप अब बंदूकों से बदलकर वायरल वीडियो तक पहुँच गया है। ऐसे में प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती इन आरोपों की गहराई तक पहुँचने और क्षेत्र में किसी भी संभावित तनाव को रोकने की है।

### बाढ़-मोकामा में पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन': हफ्ते भर में हथियारों का जखीरा बरामद, वर्चस्व की जंग नाकाम

**बाढ़/मोकामा (एनएसबी)।** बाढ़ अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से चल रहे पुलिसिया प्रहार ने अपराधियों के कमर तोड़ दी है। 31 मार्च से 6 अप्रैल के बीच पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 10 देसी कट्टे, 1 राइफल और 60 से अधिक कारतूस बरामद कर इलाके को दहलाने की साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस की इस आक्रामक शैली ने यह साफ कर दिया है कि अपराधी चाहे रसूखदार हो या जेल से छूटा हुआ 'महाकाल', कानून के हाथ सबसे लंबे हैं। पंडारक थाना पुलिस ने सरहन स्थित NTPC डैम्प क्षेत्र में अवैध 'फेन' (राख) छनाई पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे गिरोह पर बड़ा प्रहार किया है। थानाध्यक्ष नवनीत राय के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर रसूखदार आरोपित सुनील कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से एक फोल्डिंग बट राइफल, एक देसी कट्टा और 31 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। साथ ही एक स्कार्पियो भी जब्त की गई है। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर विजय सिंह, उदय यादव और हरिवंश उर्फ सुपर भागने में सफल रहे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

उधर, मोकामा में SDPO-1 राम कृष्णा के निर्देशन में पुलिस ने कन्हाईपुर क्षेत्र में बड़ी स्ट्राइक की। हाल ही में जेल से बाहर आए शातिर अपराधी महाकाल पासवान उर्फ विक्की को पुलिस ने फिर से सलाखों के पीछे भेज दिया है। वह इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए दहशत फैला रहा था। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुए हैं।

इन सफल अभियानों में थानाध्यक्षों के साथ पु०अ०नि० सत्यम कुमार, राजेश कुमार, सुनील कुमार और महिला सिपाहियों सहित होमगार्ड के जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया है। पुलिस की इस सक्रियता से जहां अपराधियों में हड़कंप है, वहीं आम नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

### हाथीदह जंक्शन पर बड़ी कार्रवाई, मोबाइल चोरी गिरोह के दो गिरफ्तार

**बाढ़ / एनएसबी।** रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हाथीदह जंक्शन की रेल पुलिस (जीआरपी) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जंक्शन परिसर और ट्रेनों में सक्रिय मोबाइल चोर गिरोह के दो शातिर सदस्यों को रंगे हाथ दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से चोरी के मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, हाथीदह रेल पुलिस जंक्शन पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान दो युवक पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगे। संदेह होने पर पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी के मोबाइल बरामद हुए, जिसका वे कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके।पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रितेश कुमारः पिता- सूरजदेव राय, निवासी- अथमलगोला, पिंका मंडलः पिता- धनेश्वर मंडल, निवासी- मिजाचौक, थाना- बरियारपुर के रूप में हुई। हाथीदह जंक्शन पर हाल के दिनों में मोबाइल छिनतई और चोरी की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही थी। इस गिरफ्तारी के बाद रेल पुलिस अब इन आरोपितों के पुराने आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है ताकि क्षेत्र में सक्रिय पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया जा सके। पकड़े गए दोनों आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर किया गया है।

# बाढ़ में नवादा गेट के पास दो बाइक टकराई, 5 घायल

**जोरदार टक्कर में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़े**

**घायलों में 3 की हालत गंभीर पीएमसीएच रेफर किये गए**

**बाढ़ (पटना) (एनएसबी)।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवादा गेट के पास एनएच लिंक रोड पर दो तेज रफ्तार बाइकों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कुल पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच (पटना) रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान सुमित कुमार (बिन टोली), रामजी चौहान (सैदपुर), मोहन चौहान, मोनू कुमार (पुरानी बाढ़), जयप्रकाश कुमार (आदमपुर) के रुप में हुई है।

घायलों में दो व्यक्ति ईंट भट्ठा मजदूर बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच-पड़ताल शुरू की और घायलों को अस्पताल पहुँचाने में मदद की। जख्मी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ में चल रहा है।

एनटीपीसी थाना क्षेत्र अंतर्गत अलखदेव भवन के समीप सोमवार को दो बाइकों के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायलों में कुछ मजदूर शामिल हैं जो अनंत सिंह के ईंट भट्ठे पर अपना काम समाप्त कर वापस अपने घर आदमपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे अलखदेव भवन के पास पहुँचे, विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। पुलिस के सहयोग से सभी पांचों घायलों को तुरंत अनुमंडल अस्पताल, बाढ़ में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की छानबीन शुरू कर दी है।



घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे पुलिसकर्मी।

## शिक्षा के व्यवसायीकरण के बीच शिक्षा प्रणाली में सुधार की उठने लगी मांग

# क्या बिहार में भी लागू हो सकता है 'नेपाल मॉडल'!

**नव संदेश ब्यूरो**

**बाढ़।** शिक्षा के निजीकरण और सरकारी तंत्र की सुस्ती के बीच अब बिहार सहित पूरे देश में एक नई बहस छिड़ गई है। नेपाल सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में किए गए क्रांतिकारी बदलावों की चर्चा अब स्थानीय गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक जोरों पर है। बिहार में यह मांग उठने लगी है कि यहाँ भी निजी विद्यालयों के वर्चस्व को कम कर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को अनिवार्य और सुदृढ़ बनाया जाए।

### कुशल शिक्षक बनाम निजी प्रबंधन

आम जनता और जानकारों का तर्क है कि सरकारी विद्यालयों में नियुक्त शिक्षक शैक्षणिक रूप से निजी स्कूलों के शिक्षकों की तुलना में कहीं अधिक योग्य और प्रशिक्षित होते हैं। इसके बावजूद, निजी विद्यालय 'कुकुरमुत्ते' की तरह हर गली-मोहल्ले में पनप रहे हैं। चर्चा है कि इन निजी संस्थानों के संचालकों का रसूख इतना है कि वे प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं, जिससे सरकारी तंत्र पिछड़ता जा रहा है।

### नेपाल का 'समान शिक्षा' मॉडल बना चर्चा का विषय

पड़ोसी देश नेपाल में हाल ही में शिक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए गए हैं। वहां के नेतृत्व द्वारा सरकारी स्कूलों को प्राथमिकता देने और प्रधानमंत्री से लेकर उच्च अधिकारियों तक के बच्चों को एक ही छत के नीचे पढ़ाने की पहल की सराहना हो रही है। बिहार के लोगों का मानना है किःसमान अवसरः जब तक नीति निमार्ताओं के बच्चे सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ेंगे, तब तक व्यवस्था में सुधार की गति धीमी रहेगी।

**आर्थिक बोझः** निजी स्कूलों की बढ़ती फीस और 'अतिरिक्त खर्चों' ने आम अभिभावकों की कमर तोड़ दी है।

**राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी:** लोगों का आरोप है कि भारत में राजनेता अक्सर जनता की बुनियादी समस्याओं के बजाय सत्ता समीकरणों में उलझे रहते हैं। अब देखना यह है कि क्या जनमानस से उठ रही यह मांग सत्ता के गलियारों तक पहुँचती है या शिक्षा का यह व्यापारिक तंत्र इसी तरह फलता-फूलता रहेगा।

"यदि नेपाल जैसा छोटा देश समान शिक्षा प्रणाली लागू कर सकता है, तो भारत और विशेषकर बिहार में—जहाँ मेधावी शिक्षकों की कोई कमी नहीं है—ऐसा क्यों नहीं हो सकता? असली चुनौती शिक्षा के व्यवसायीकरण को रोकने की है।"



: सतीश कुमार सिंह 'सत्यार्थ' शिक्षाविद

**व्यवस्था परिवर्तन की पुकार**



विश्लेषक एवं लेखक हेमंत कुमार का कहना है कि भारत को 'चुनाव-जीवी' राजनीति से ऊपर उठकर 'भविष्य-जीवी' शिक्षा नीति पर ध्यान देना होगा। निजी स्कूलों के बढ़ते प्रभाव के बीच सरकारी स्कूलों की साख बचाना और शिक्षा के अधिकार को सही मायने में लागू करना ही वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# अक्षय तृतीया पर होगा 'प्रथम परशुराम महोत्सव'

## मोकामा धाम में प्रभु को दिया गया पहला निमंत्रण

**बाढ़/मोकामा (एनएसबी)।** सनातन संस्कृति के रक्षक और अदम्य साहस के प्रतीक भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर बाढ़ क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले 'प्रथम परशुराम महोत्सव' की औपचारिक शुरूआत आज धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई।महोत्सव की सफलता और निर्बाध आयोजन हेतु आज कार्यकताओं और श्रद्धालुओं की टोली मोकामा स्थित सिद्ध भगवान परशुराम स्थान पहुँची। यहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम जी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन-अर्चन किया गया और उन्हें प्रथम निमंत्रण पत्र अर्पित कर महोत्सव में पधारने का आग्रह किया गया।बाढ़ में गूंजेगा 'जय परशुराम' का उद्घोष



परशुराम मंदिर मोकामा

इस गौरवमयी आयोजन को लेकर डॉ. वरुण ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया जा चुका है।19 अप्रैल को पूरा बाढ़ जिला 'जय परशुराम' के जयकारों से भक्तिमय होगा।आयोजन में जिले भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

इस प्रथम महोत्सव के माध्यम से समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देने की योजना है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि निमंत्रण अर्पित करने के साथ ही अब जनसंपर्क अभियान में तेजी लाई जाएगी, ताकि हर घर तक परशुराम जन्मोत्सव का संदेश पहुँच सके। आज के इस निमंत्रण कार्यक्रम में स्थानीय बुद्धिजीवियों और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।